kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-158 ❑ गुरुवार, 10 जुलाई 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन की ही जीत होगी। प्रधानमंत्री ने सबका साथ सबका विकास का जो नारा दिया था वह सभी की पसंद बन गया है और लोग भाजपा के कार्यों को पसंद कर रहे है। अपर्णा यादव

भारत बंद का नहीं दिखा खास असर 11
धामी मंत्रिमंडल ने दी जियो थर्मल एनर्जी नीति और खनिज नियमावली को मंजूरी 12

# राष्ट्रविरोधी-समाजविरोधी तत्वों को चकनाचूर करके रहेंगे: योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि समाज विरोधी व राष्ट्रविरोधी कार्यवाही में लिप्त तत्वों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है।

उन्होंने अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की ओर इशारा करते हुये कहा कल बलरामपुर में एक जल्लाद को हम लोगों ने गिरफ्तार किया है। वह जल्लाद हिंदु बहन-बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करता था। पैसे में सौदेबाजी करता था, लेकिन अब ऐसे तत्वों के साथ सख्ती की जा रही है। हम समाज को टूटने भी नहीं देंगे और राष्ट्रविरोधी-समाजविरोधी तत्वों को भी चकनाचूर करके रहेंगे। हम धरती मां के स्वास्थ्य की भी रक्षा करेंगे और मां की स्मृतियों को भी जीवंत बनाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्सप्रेसवे के किनारे आजमगढ़ के सठियांव ब्लॉक के केरमा गांव में हरिशंकरी वाटिका की स्थापना की। आजमगढ़ को 60 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य मिला था। योगी ने यहां 60 लाख वां पौधा लगाया। उन्होंने इस विराट अभियान का हिस्सा बनने के लिए आजमगढ़ व प्रदेशवासियों का आभार प्रकट किया।

योगी ने कहा कि आज अयोध्या समेत कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। प्रातः 7 बजे से शुरू हुए कार्यक्रम में 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत यूपी के अंदर अब तक 22 करोड़ का लक्ष्य पूरा किया जा



❑ अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की ओर इशारा

❑ कल बलरामपुर में एक जल्लाद को हम लोगों ने गिरफ्तार किया

❑ जल्लाद हिंदु बहन-बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करता था, हम समाज को टूटने भी नहीं देंगे

चुका है। 22 करोड़ पौधरोपण का मतलब यूपी के हर व्यक्ति के नाम पर लगा पौधा अपनी और धरती मां के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का माध्यम बना है। धरती हमारी मां और हम उसके पुत्र हैं। धरती केवल जमीन का टुकड़ा नहीं है। दुनिया में केवल भारत में ही धरती के प्रति आत्मीय भाव देखने को मिलता है। ऋषि-मुनियों ने हमें संस्कारों से जोड़ा है। धरती मां स्वस्थ है तो हम सब स्वस्थ हैं। धरती मां बीमार हुई तो जीव सृष्टि के लिए जीवन-मरण का प्रश्न बन जाएगा। चेतावनी का संकट आ जाएगा। यह धरती मां की सेहत को सुधारने और मां की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने का कार्यक्रम है।

उन्होने कहा कि जलवायु परिवर्तन, अतिवृष्टि-अनावृष्टि की समस्या के समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम लोगों ने 8 वर्ष पहले यह अभियान प्रारंभ किया था। आठ वर्ष में यूपी में 204 करोड़ पौधरोपण हुआ है। यह केवल केंद्र सरकार या देश की महत्वपूर्ण संस्थाएं ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भी स्वीकार कर रही हैं कि यूपी में वनाच्छादन बढ़ा है। 2017 के पहले यूपी का वनाच्छादन मात्र नौ फीसदी था, आज यह बढ़कर 10 फीसदी हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उक्त अवधि से पहले के 15 वर्षों में यूपी के अंदर वन, खनन, पेशेवर माफिया के द्वारा व्यापक वन कटान और अवैध खनन से अराजकता, अव्यवस्था फैलाई गई थी। तब विकास नहीं होता था, बल्कि वनाच्छादन कम होता जा रहा था। आज आप सभी हीटवेव में ग्रीनवेव में बदलने के अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। योगी ने कहा कि पौधरोपण कार्यक्रम के लिए 2017 में जब पहली बैठक की तो वन विभाग से पता चला कि पांच करोड़ पौधों की भी नर्सरी नहीं है, लेकिन इस वर्ष वन समेत विभिन्न विभागों व निजी क्षेत्रों को मिलाकर विभिन्न प्रजातियों के 52 करोड़ पौधों की नर्सरी तैयार है। पांच करोड़ से 52 करोड़ की बढ़ी यात्रा सिर्फ नर्सरी की ही नहीं, बल्कि यूपी के विकास की भी है। यूपी का विकास भी इसी रूप में बढ़ रहा है। सीएम ने कहा कि आजमगढ़ ने बड़े-बड़े लोगों को चुनाव जिताकर भेजा, लेकिन एक्सप्रेसवे- महाराजा सुहेलदेव के नाम पर विश्वविद्यालय, संगीत महाविद्यालय, चारों ओर से सड़कों का जाल तभी बिछता है, जब निरहुआ सांसद बनते हैं। उन्होने प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास योजना और जीरो पॉवर्टी के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों की भी चर्चा की, बोले कि इनके घरों में सहजन का पौधा लगाने के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है। सहजन प्रोटीन व विटामिन से भरपूर है। उसकी पत्ती, साग,फली भी पौष्टिक है। कुपोषित व्यक्ति भी इसका सूप-साग खाए और लंबे समय तक सेवन करे तो स्वस्थ रहेगा। गाय को सहजन खिलाते हैं, जिससे दूध बढ़ेगा। वन विभाग ने हर घर ● शेष पेज 11 पर

# हमने आठ साल में लगाए 204 करोड़ पौधे : योगी

## अब तक रोपे गए पौधों में से 75 प्रतिशत पौधे हैं जीवित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो/एजेंसी

अयोध्या / लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को रामपुर हलवारा अयोध्या में सरयू नदी के किनारे त्रिवेणी वाटिका में 'एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बरगद, नीम और पीपल के पौधे रोपकर इसे भगवान श्रीराम, धरती माता और जन्मदायिनी माता को समर्पित किया।

अयोध्या की पवित्र भूमि पर आयोजित एक जनसभा में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ इस अभियान की महत्ता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की है। इस दौरान 204 करोड़ पौधों का रोपण किया गया, जिनमें से 75 प्रतिशत पौधे जीवित हैं। इसके परिणामस्वरूप राज्य में 5 लाख एकड़ क्षेत्र में वनाच्छादन बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने हीटवेव को ग्रीनवेव में बदला है। यह प्रयास न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का उल्लेख करते हुए कहा कि पेड़ों में भी जीवन है और ये छाया, फल, मृदा संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'एक पेड़ मां के नाम अभियान का बताया महत्व 'एक पेड़ मां के नाम अभियान को मुख्यमंत्री ने धरती माता और जन्मदायिनी मां के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक बताया। उन्होंने वैदिक उद्घोष 'माता भूमिः



❑ 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण महा अभियान 2025 के अंतर्गत मुख्यमंत्री ने अयोध्या धाम में रोपे बरगद, नीम और पीपल के पौधे

❑ कहा- धरती मां और जन्मदायिनी मां के लिए समर्पित है ये महा अभियान

❑ अयोध्या कभी हो गई थी वीरान, आज वह त्रेतायुगीन वैभव की ओर है अग्रसर

पुत्रोहं पृथिव्याः का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सच्चा पुत्र वही है जो अपनी मां की सेवा और रक्षा करता है। इस अभियान के तहत प्रदेशवासियों ने सुबह सात बजे से ही उत्साह के साथ पौधरोपण शुरू किया। योगी ने कहा कि यह अभियान वर्तमान को संवारने और भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है। ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### इंडिगो का विमान चिड़िया से टकराया, पटना हवाई अड्डा पर 'इमरजेंसी लैंडिंग'

**पटना।** बिहार में राजधानी पटना के हवाई अड्डे पर आज सुबह 8.45 पर इंडिगो एयरलाइन्स का विमान उड़ान भरते ही एक चिड़िया से टकरा गया और उसकी इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। सूत्रों ने बताया कि इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट के उड़ान भरने के बाद पायलट को विमान के थरथराने का एहसास हुआ। जिसके बाद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान की इमरजेंसी लैंडिंग सुरक्षित तरीके से करा दी। इंडिगो एयरलाइंस की विमान संख्या 6ई 5009 ने बुधवार सुबह 8 बजकर 45 मिनट पर पटना से उड़ान भरी थी। पटना हवाईअड्डे के निदेशक के एम मेहरा ने यहां बताया कि जरूरी प्रक्रियाओं का पालन कर विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई है। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं।

### वायु सेना का जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, दोनों पायलट की मौत

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायुसेना का एक जगुआर ट्रेनर विमान बुधवार दोपहर राजस्थान के चुरू के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, दुर्घटना में दोनों पायलट की मौत हो गयी। वायु सेना ने कहा है कि यह विमान नियमित प्रशिक्षण उडान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में दोनों पायलट की मौत हो गयी। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच समिति गठित की गई है। वायु सेना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा भारतीय वायुसेना का एक जगुआर ट्रेनर विमान आज राजस्थान के चुरू के पास नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में दोनों पायलटों की मौत हो गयी। किसी भी नागरिक संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुँचा है। भारतीय वायुसेना इस दुखद घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त करती है और इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए एक कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी गठित की गई है। इस विमान ने सूरतगढ एयरबेस से उडान भरी थी। इस वर्ष जगुआर विमान की यह तीसरी दुर्घटना है। इससे पहले मार्च और अप्रैल में भी एक-एक जगुआर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। दो ईंजन वाले इस लड़ाकू विमान को वर्ष 1970 में वायु सेना के बेड़े में शामिल किया गया था। दुनिया के अनेक देशों की वायु सेनाओं ने इन विमानों को अपने बेड़े से बाहर कर दिया है लेकिन भारतीय वायु सेना अभी भी इस लड़ाकू विमान का इस्तेमाल कर रही है।

### गहरे समुद्र में बचाव अभियान चलाने में सक्षम युद्धपोत 'निस्तार' नौसेना में शामिल

**नयी दिल्ली।** गहरे समुद्र में गोताखोरी तथा बचाव अभियान चलाने में सक्षम स्वदेशी युद्धपोत निस्तार नौसेना के बेड़े में शामिल हो गया है। देश की प्रमुख शिपयार्ड कंपनी हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने मंगलवार को विशाखापत्तनम में नौसेना को यह युद्धपोत सौंपा।

# शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में बने किसान, मेथी और मूंग उगाई



एजेंसी

वाशिंगटन। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने 14 दिवसीय प्रवास के 12 दिन पूरे कर चुके हैं। इन 10 दिनों में उन्होंने कई प्रयोग किए। प्रयोगों के क्रम में उन्होंने किसान की भी भूमिका निभाई। उन्होंने अपने साथ ले गए मेथी और मूंग के बीजों का अंकुरण किया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में स्प्राउट्स प्रोजेक्ट को सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अंकुरण और पौधों के शुरुआती विकास और उन पर पड़ने वाले असर का अध्ययन करने के लिए अंजाम दिया जा रहा है।

बता दें कि पृथ्वी पर स्प्राउट्स प्रोजेक्ट का नेतृत्व कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़ के रविकुमार होसामणि और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, धारवाड़ के सुधीर सिद्धपुरेड्डी कर रहे हैं। एक्सिओम स्पेस की ओर से इस शोध को लेकर जारी बयान में कहा ● शेष पेज 11 पर

# गुजरात पुल हादसा : कई वाहन नदी में गिरे, नौ की मौत

वडोदरा। राज्य में मध्य गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ने वाली महिसागर नदी पर बना पुल के अचानक ढहने से कई वाहन नदी में गिरने नौ लोगों की मौत हो गई है। जबकि आठ लोगों को बचा लिया गया। घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक जताया और प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को पचास-पचास हजार रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया। मुख्यमंत्रीभूपेन्द्र पटेल ने भी राज्य सरकार की ओर से भी मृतकों के परिवारों को चार-चार लाख और घायलों को पचास-पचास हजार रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। मध्य गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ने वाली महिसागर नदी पर बना पुल लगभग 45 साल पुराना है। बुधवार सुबह यातायात के दौरान दो ट्रक, दो पिकअप और एक रिक्शा महिसागर नदी में गिर गए। पुल के टूटने और कई वाहनों के गिरने से मौके पर हाहाकर मच गया। घटना की जानकारी होने पर मुजपुर समेत आसपास के गांवों के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। मुजपुर गांव के ● शेष पेज 11 पर

# निलंबित सीएमओ ने जद्दोजहद के बीच संभाला चार्ज

एजेंसी

कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह और सीएमओ डा. हरिदत्त नेमी का मामला एक बार फिर बुधवार को उस समय सुर्खियों में आ गया जब हाईकोर्ट का आदेश लेकर निलंबित सीएमओ डा. नेमी सीएमओ कार्यालय पहुंच गये। इसी बीच कानपुर में तैनात सीएमओ डा. उदयनाथ भी पहुंचे और दोनों के बीच सीएमओ की कुर्सी पर बैठने के लिए कहासुनी होने लगी। मामले की गंभीरता को देख पुलिस फोर्स भी कार्यालय पहुंच गया। अंततः हाईकोर्ट का आदेश भारी पड़ा और निलंबित सीएमओ डा. नेमी ने चार्ज संभाल लिया तो वहीं तैनात सीएमओ डा. उदयनाथ ने बगल में अपनी कुर्सी डाल ली और कहा कि शासनदेश का हमें इंतजार है।

कानपुर में तैनात रहे सीएमओ डा. हरिदत्त नेमी को शासन ने जिलाधिकारी जितेन्द्र पताप सिंह की जांच रिपोर्ट पर बीते माह 19 जून को निलंबित कर दिया था। इसके साथ ही लखनऊ में महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा पर उनको संबद्ध कर दिया गया था। उनकी जगह पर गोरखपुर से डा. उदयनाथ को कानपुर सीएमओ पद की जिम्मेदारी सौंपी गई और उन्होंने फौरन ज्वाइन भी कर दिया। इस पर निलंबित सीएमओ डा. नेमी ने प्रेस वार्ता कर जिलाधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्यायालय की शरण में जाने की बात कही थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट में गुहार लगाते हुए उन्होंने अपना पक्ष रखा और न्यायमूर्ति की मनीष माथुर की एकल पीठ ने आठ जुलाई को शासन के फैसले को खारिज करते हुए डा. नेमी का निलंबन बहाल कर दिया। ● शेष पेज 11 पर



❑ हाईकोर्ट का आदेश पड़ा भारी, तैनात सीएमओ ने अपनी कुर्सी बगल में लगाई, शासनादेश का है इंतजार

## भारत-ब्राजील हर क्षेत्र में सहयोग सुदृढ़ कर द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर पहुंचायेंगे: मोदी


# भारत और ब्राजील ने तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किये

एजेंसी

ब्रासीलिया/नयी दिल्ली। भारत और ब्राजील ने हर क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत करने और दोनों देशों के लोगों के बीच परस्पर संपर्क तथा व्यावसायिक संबंधों को बढ़ावा देने के साझा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए तीन समझौतों और कई अन्य समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये हैं।

ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर गये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ब्राजील के राष्ट्रपति लूला द सिल्वा के साथ मंगलवार देर रात यहां हुई द्विपक्षीय बैठक तथा प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। दोनों देशों के अधिकारियों ने श्री मोदी और श्री लूला की मौजूदगी में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और संगठित अपराध से निपटने में सहयोग पर समझौते,वर्गीकृत सूचनाओं के आदान-प्रदान और पारस्परिक संरक्षण समझौते और नागरिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता पर समझौते पर हस्ताक्षर किये।

इसके अलावा नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग पर समझौता ज्ञापन, ब्राजील के कृषि विभाग और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के बीच कृषि अनुसंधान पर समझौता ज्ञापन, डिजिटल परिवर्तन के लिए सफल बड़े पैमाने पर डिजिटल समाधानों के साझाकरण हेतु सहयोग पर समझौता ज्ञापन, बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किये गये। दोनों नेताओं ने अपने-अपने देशों के संबंधित सरकारी निकायों को कुछ अन्य द्विपक्षीय समझौतों को यथाशीघ्र संपन्न करने के उद्देश्य से सहयोग करने का भी निर्देश दिया। इनमें रक्षा उद्योग सहयोग पर समझौता ज्ञापन, खेल क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन, अभिलेखीय सहयोग पर समझौता ज्ञापन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम (सीईपी) 2025-2029 शामिल हैं। दोनों देशों ने अपनी विदेश नीति के मार्गदर्शक सिद्धांतों शांति, समृद्धि और सतत विकास के उच्च उद्देश्यों को याद करते हुए बहुलवादी पहचान वाले दो जीवंत लोकतंत्रों के बीच बढ़ते सहयोग के



एजेंडे पर सहमति व्यक्त की। यह एजेंडा सभी के लिए अधिक न्यायसंगत, अधिक समावेशी और अधिक टिकाऊ विश्व के सह-निर्माता के रूप में अंतरराष्ट्रीय मामलों में दोनों देशों की विशिष्ट भूमिका के अनुरूप है। ब्राजील में सार्थक यात्रा संपन्न होने के बाद श्री मोदी पांच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में नामीबिया के लिए रवाना हो गये। प्रधानमंत्री की नामीबिया यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। इसमें शिक्षा, रक्षा, व्यापार, वन्यजीव संरक्षण और यूरेनियम सहयोग पर मुख्य ध्यान दिया जाएगा। नामीबिया से पहले प्रधानमंत्री चार देशों घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना और ब्राजील की यात्रा कर चुके हैं। राष्ट्रपति लूला को भारत और ब्राजील सामरिक साझेदारी का पक्षधर बताते हुए उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंधों को प्रगाढ़ करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा आज की चर्चाओं में हमने हर क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने पर बात की। हमने आने वाले पाँच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि दोनों देश मिलकर भारत-मर्कोसुर वरीय व्यापार समझौते के विस्तार पर भी काम करेंगे। श्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पर भी दोनों देशों की सोच समान है। दोनों देश आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने तथा दोहरे मानदंडों का विरोध करने की नीति पर एकमत हुए हैं। उन्होंने कहा, ‟ हमारा स्पष्ट मत है कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंडों का कोई स्थान नहीं है। हम आतंकवाद और आतंकवाद के समर्थकों का कठोर विरोध करते हैं। प्रधानमंत्री ने ब्राजील द्वारा उन्हें सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर आभार प्रकट किया और कहा कि वह इस सम्मान को भारत के प्रति ब्राजील की गहरी प्रतिबद्धता और अटूट मित्रता को समर्पित करते हैं। उन्होंने कहा, ‟ आज, राष्ट्रपति द्वारा मुझे ब्राजील के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से विभूषित किया जाना मेरे लिए ही नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों के लिए भी अत्यंत गर्व और भावुकता का पल है। मैं इसके लिए उनका, ब्राजील सरकार और ब्राजील के लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग निरंतर बढ़ रहा है। पर्यावरण और स्वच्छ ऊर्जा दोनों देशों की मुख्य प्राथमिकता है। ● शेष पेज 11 पर



# 'पत्रकारों के हितों की रक्षा सर्वोपरि'

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां,लखनऊ।पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है, लेकिन आज जब पत्रकारों को सामाजिक, प्रशासनिक और आर्थिक स्तर पर अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे समय में निगोहां क्षेत्र में एक नई और सराहनीय पहल की गई है। क्षेत्र के पत्रकारों की एकजुटता, सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से निगोहां में एक नए पत्रकार संगठन का गठन किया गया, जो स्थानीय पत्रकारों के हितों की आवाज़ बनेगा।इस संगठन की स्थापना रविवार को निगोहां कस्बे के प्रतिष्ठित क्लासिक रेस्टोरेंट में आयोजित एक बैठक के माध्यम से की गई, जिसमें क्षेत्र भर के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार मुकेश द्विवेदी ने की, जिनका पत्रकारिता के क्षेत्र में वर्षों का अनुभव है और जो लंबे समय से पत्रकार एकता और निष्पक्ष मीडिया की पैरवी करते आ रहे हैं।बैठक में मौजूद सभी पत्रकारों ने इस बात पर सहमति जताई कि वर्तमान दौर में पत्रकारों को संगठित होना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। आए दिन पत्रकारों को फील्ड में रिपोर्टिंग के दौरान उत्पीड़न, धमकी, मानसिक दबाव और कभी-कभी शारीरिक हमलों का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में एक मजबूत संगठन ही पत्रकारों की सुरक्षा और गरिमा की रक्षा कर सकता है।वरिष्ठ पत्रकार मुकेश द्विवेदी ने कहा पत्रकार लोकतंत्र के प्रहरी हैं, लेकिन जब प्रहरी ही असुरक्षित हो, तो लोकतंत्र कैसे मजबूत हो सकता है। यह संगठन पत्रकारों को न केवल एकजुट करेगा, बल्कि उनके अधिकारों और दायित्वों के प्रति भी उन्हें सजग बनाएगा।इस बैठक में सर्वसम्मति से संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। पत्रकार विमल सिंह चौहान को संगठन का अध्यक्ष चुना गया, जबकि अन्य प्रमुख पदों पर भी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ चयन किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने संगठन की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए कहा हमारा उद्देश्य केवल संगठन बनाना नहीं, बल्कि पत्रकारों की व्यावसायिक, सामाजिक और व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाना है। संगठन पत्रकारों को एक मंच देगा, जहां वे अपनी बात खुलकर रख सकेंगे और एक-दूसरे की ताकत बनेंगेबैठक के समापन पर सभी पत्रकारों ने सामूहिक रूप से निष्पक्ष, निर्भीक, तथ्यपूर्ण और जनहितैषी पत्रकारिता करने की शपथ ली। उन्होंने कहा कि यह संगठन किसी राजनीतिक या निजी स्वार्थ से प्रेरित नहीं है, बल्कि यह समाज और पत्रकारों के लिए एक जिम्मेदार मंच बनेगा।

इस बैठक में निगोहां और आसपास के क्षेत्रों से दो दर्जन से अधिक पत्रकारों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप सेः प्रदीप द्विवेदी, उमेश गुप्ता, जयशंकर शुक्ला, ललित दीक्षित, रमाकांत मिश्रा, मोइन खान, मुकेश मिश्रा, प्रशांत त्रिवेदी, करन रावत, राघवेंद्र सिंह, उमेश शर्मा, सौरभ सिंह, शैलेंद्र शुक्ला, सुनील गुप्ता सहित कई पत्रकार शामिल रहे। इन सभी पत्रकारों ने इस पहल की सराहना की और संगठन को एक नई दिशा देने का भरोसा जताया।इस संगठन का गठन न केवल निगोहां क्षेत्र के पत्रकारों के लिए एक शुभ संकेत है, बल्कि यह पूरे जनपद के पत्रकारों को भी एक प्रेरणा देगा। पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और जिम्मेदार पत्रकारिता के लिए यह संगठन आने वाले समय में एक मजबूत स्तंभ साबित हो सकता है।

## ई रिक्शा से ले जा रहे पोलियो का डिब्बा, फोन से बात करते आया चक्कर गिरे

**कोरांव (प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लालचंद्र, निवासी महुली कोरांव जो सीएचसी कोरांव में काम करते हैं, बुधवार को सुबह पोलियो के डिब्बे लेकर अन्य स्टॉफ के साठ जा रहे थे जब वे कस्बा कोरांव मेजा वाली रोड पर धीरज केशरी की दुकान के सामने फोन पर बात कर रहे थे। अचानक वे नीचे गिर पड़े और बेहोश हो गए, जिससे उन्हें कई जगह चोटें आईं। स्टॉफ ने उन्हें तुरंत सीएचसी कोरांव में भर्ती कराया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। हालांकि, सिर में गंभीर चोट आने के कारण उन्हें स्वरूप रानी हॉस्पिटल प्रयागराज रेफर किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। लालचंद्र के इलाज के लिए डॉक्टरों की एक टीम नियुक्त की गई है, जो उनकी स्थिति पर नजर रख रही है। उम्मीद है कि वे जल्द ही ठीक हो जाएंगे और अपने काम पर वापस आ जाएंगे। इस मुश्किल समय में लालचंद्र के सहयोगियों और परिवार के सदस्यों ने उनके लिए चिंता व्यक्त की है और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

## एसडीएम कोरांव नायब के साथ तहसील कोरांव मे लगाए पौधे



**कोरांव (प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के कोरांव तहसील में वन महोत्सव के अवसर पर पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में एसडीएम संदीप तिवारी, नायब तहसीलदार डैया राम मुरत नायब तहसीलदार बड़ोखर रण विजय सिंह और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने तहसील परिसर में गोल्ड मोहर और नीम के पौधे लगाए। वहीं, आरबीएस महाविद्यालय मेजा में अनिल पाल और अन्य स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी वृक्षारोपण किया। इस तरह के आयोजनों से लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है और वे पौधारोपण में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।पौधे वायु प्रदूषण को कम करने में मदद करते हैं। पौधे जल संचयन में मदद करते हैं और भूजल स्तर को बढ़ाते हैं। पौधे भूमि सरक्षण को रोकने में मदद करता हैं और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करता हैं। इस तरह के आयोजनों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ती है और वे अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में योगदान कर सकते हैं।

## मंगल बिहार अपार्टमेंट में युवक की सड़ी हुई लाश मिलने से सनसनी, हाथ में तमंचा मिला

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगल बिहार अपार्टमेंट में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक फ्लैट से तेज दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। 112 नंबर पर कॉल मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फ्लैट का दरवाज़ा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, तो देखा कि वहां एक युवक की सड़ी हुई लाश पड़ी थी। मृतक के हाथ में तमंचा था और उसके सिर पर गोली लगने से गहरा घाव था। पुलिस ने मृतक की पहचान शोभित खरे के रूप में की है, जो मूल रूप से बराबरी रोड, अल्लापुर का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक, वह कुछ दिन पहले ही मंगल बिहार अपार्टमेंट में किराए पर रहने आया था और शेयर मार्केट से जुड़ा काम करता था। पुलिस ने आशंका जताई है कि युवक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। शव की हालत देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि मौत लगभग तीन दिन पहले हुई होगी। मौके से मृतक का आईडी कार्ड और अन्य निजी सामान भी बरामद हुआ है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस मृतक के परिजनों और जान-पहचान वालों से भी पूछताछ कर रही है।

# नगर अध्यक्ष ने सभासद के साथ लगाए पौधे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव (प्रयागराज)। नगर पंचायत कोरांव में बुधवार को ''एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम के तहत वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन ओम प्रकाश केशरी और सभासदगणों ने भाग लिया और एक-एक पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी ली। 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को वृक्षारोपण के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है और उन्हें पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सम्मानित सभासदगण विजेंद्र तिवारी, राजकुमार केशरी, सचिन केशरी, मंडल अध्यक्ष भाजयुमो सुमित कुमार पांडेय, संतोष कुशवाहा और बूथ अध्यक्षगण राम प्रवेश, मुरारी मिश्रा, मंगला केशरी, सुर्यकांत केशरी और प्रभा कांत शुक्ल उपस्थित थे। वृक्षारोपण पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वृक्ष वातावरण में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं। इसके अलावा, वृक्ष मिट्टी के क्षरण को रोकने और जल चक्र को बनाए रखने में भी मदद करते हैं।

वृक्षारोपण के बाद, यह महत्वपूर्ण है कि पौधों की देखभाल की जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। नगर पंचायत कोरांव को पौधों की देखभाल के लिए एक योजना बनानी चाहिए और लोगों को इसके लिए जागरूक करना चाहिए।

# प्रमुख सचिव सहकारिता ने बसहरा ने लगाए पौधे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव ( प्रयागराज)। प्रयागराज में वृक्षारोपण के नोडल अधिकारी सौरभ बाबू आईएएस और मुख्य विकास अधिकारी हर्षिता सिंह ने बसहरा वन ब्लॉक क्षे. 17.24 हें.में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मेजा सुरेंद्र यादव, तहसीलदार मेजा यमुना प्रसाद वर्मा, उप प्रभागीय वनाधिकारी संगीता यादव और वन क्षेत्राधिकारी कोरांव रेंज पीके सिंह डिप्टी रेंजर मथुरा यादव वन दरोगा रमेश कुमार और वन रक्षक आशीष सिंह समेत अन्य सहयोगी स्टॉफ मौजूद थे। वृक्षारोपण पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वृक्ष वातावरण में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं। इसके अलावा, वृक्ष मिट्टी के क्षरण को रोकने और जल चक्र को बनाए रखने में भी मदद करता हैं। वृक्षारोपण के दौरान अधिकारी खुश नजर आए और उन्होंने हरियाली और शुद्ध वातावरण की सराहना की। उन्हें यह क्षेत्र बहुत अच्छा लगा और उन्होंने वृक्षारोपण के महत्व पर जोर दिया। वृक्षारोपण पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में मदद करता है। वृक्ष जल चक्र को बनाए रखने में मदद करता हैं और जल संसाधनों का संरक्षण करता हैं। वृक्ष मिट्टी के क्षरण को रोकने में मदद करता हैं और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता हैं। वृक्षारोपण के बाद, यह महत्वपूर्ण है कि वृक्षों की देखभाल की जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इसके लिए वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को मिलकर काम करना चाहिए।

## विवाहिता का फंदे से लटकता मिला शव, मायके पक्ष ने जताई हत्या की आशंका

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के भनौरी गांव में एक विवाहिता रीना देवी का शव फंदे से लटकता हुआ मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका रीना की कुछ वर्ष पहले ही शादी हुई थी। घटना के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या करार दिया है। परिजनों का कहना है कि रीना को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और अब उसे मारकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। परिजनों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने ससुराल पक्ष के कुछ लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। रीना की मौत ने गांव में शोक की लहर फैला दी है, जबकि परिजन न्याय की आस में अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं।

## सीडीओ हर्षिका सिंह ने किया वृहद वृक्षारोपण, रज्जू भैया विश्वविद्यालय समेत कई स्थानों पर लगाए गए पौधे



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह द्वारा मंगलवार को रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय परिसर, विकास खंड करछना तथा विकास खंड कोराव में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीडीओ ने स्वयं कई पौधे लगाए और उपस्थित अधिकारियों व ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने व उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण संतुलन में सहायक हैं, बल्कि जीवन के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। सीडीओ ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख सुनिश्चित की जाए, जिससे वृक्षारोपण का वास्तविक उद्देश्य पूरा हो सके। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, ग्राम प्रधान, स्कूली छात्र व स्वयंसेवी संगठन भी उपस्थित रहे।

## पास न देने के विवाद में कार सवारों ने दलित युवक को पीटा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के निजामपुर गांव के पास गाड़ी को पास न देने के विवाद में ऑटो रिक्शा पर सवार युवक को दो लोगों ने बुरी तरह पीट दिया और जातिसूचक गालियां दीं। किसी तरह लोगों ने दौड़कर बीच बचाव किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पूरे मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। टिकनियामऊ निवासी लालमन ने बताया कि वह ऑटो रिक्शा से जा रहा था तभी रास्ते में निजामपुर के पास कार यूपी 32 एनआर 8605 व यूपी 32 पी एल 9127 सवार दो युवकों ने पास न देने पर रोक कर लाठी डंडों व लात घूंसे से पीट दिया और जातिसूचक गालियां दीं। पीड़ित ने गोसाईगंज थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपियों के नाम छोटू यादव निवासी सदरपुर करोरा पश्चिम व जितेंद्र निवासी अर्जुन गंज बताए जाते हैं। पीड़ित को इलाज के लिए गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चोट गंभीर होने के कारण उसे सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गोसाईगंज पुलिस ने घटना के सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर जांच प्रारंभ की है।

## जिला न्यायालय के वकीलों के चैंबर में अनधिकृत विवाह केंद्र चलाने पर हाईकोर्ट सख्त

लखनऊ। लखनऊ जिला न्यायालय के वकीलों के चैंबर में अनधिकृत विवाह केंद्र चलाने पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान अनधिकृत विवाह केंद्र चलाने का खुलासा होने पर दो वकीलों की चैंबर से बेदखली समेत उनके खिलाफ आपराधिक कारवाई शुरू करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश एक महिला द्वारा कथित रूप से दाखिल याचिका पर दिया। याचिका में महिला और उसके कथित पति को याची बनाया गया था।

# कांवड़ियों की सुरक्षा और यातायात के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क, व्यापक इंतजाम के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। आगामी श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को लेकर प्रयागराज पुलिस प्रशासन ने व्यापक तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा, सुगम आवागमन और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुलिस आयुक्त द्वारा सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात सुगम बना रहे। इसके साथ ही कांवड़ मार्ग में आने वाले ढाबों, जलपान गृहों एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर 50 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिससे सतर्क निगरानी बनी रहे। 112 सेवा वाहनों की तैनाती, आवश्यकतानुसार पुलिस बल की ड्यूटी और समय-समय पर उच्च अधिकारियों द्वारा चेकिंग किए जाने पर भी विशेष बल दिया गया। प्रमुख मार्गों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त और चेकिंग को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। महिला सुरक्षा को लेकर भी सख्त निर्देश दिए गए। महिला संबंधित अपराधों पर त्वरित कार्रवाई, पीड़िता की शिकायत का उच्च प्राथमिकता पर समाधान और जनसुनवाई को गंभीरता से लिए जाने के निर्देश जारी हुए। ऋक्क्ट्ट पोर्टल, 1090, डायल-112 और सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपराध नियंत्रण के तहत हिस्ट्रीशीटर और सक्रिय अपराधियों की सूची अपडेट कर उनकी निगरानी के आदेश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त लूट, चैन स्नैचिंग, जुआ, सट्टा, सूदखोरी जैसे अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई और संबंधित लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर बल दिया गया। भू-माफिया और खनन माफियाओं के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी हुए हैं। साथ ही, लंबित विवेचनाओं को भी प्राथमिकता देकर गुणवत्तापूर्ण निष्कर्ष तक पहुँचाने को कहा गया। इस समीक्षा बैठक में समस्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# रेलगांव कॉलोनी में 'प्रयाग पेटल्स' प्ले स्कूल का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में उत्तर मध्य रेलवे ने एक प्रेरणादायक कदम उठाया है। रेलवे के महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय द्वारा 07 जुलाई 2025 को रेलगांव कॉलोनी, सूबेदारगंज में 'प्रयाग पेटल्स' नामक एक आधुनिक प्ले स्कूल का शुभारंभ किया गया।

इस अभिनव पहल का उद्देश्य 2 से 4 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के साथ-साथ एक सुरक्षित, रचनात्मक और स्नेहपूर्ण वातावरण प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि रेलगांव कॉलोनी में उत्तर मध्य रेलवे के कई अधिकारी और कर्मचारी अपने परिवार सहित निवास करते हैं, और लंबे समय से वहां एक गुणवत्तापूर्ण प्ले स्कूल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस आवश्यकता को गंभीरता से लेते हुए महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा चेतना जोशी ने इस विचार को साकार किया। स्कूल में वातानुकूलित कक्ष, सीसीटीवी निगरानी, ऑडियो-विजुअल शिक्षण तकनीक, सुरक्षित खेल क्षेत्र और नाममात्र शुल्क जैसी सुविधाएँ प्रदान की गई हैं, जो बच्चों के शैक्षिक और मानसिक विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करती हैं। इस पहल में संगठन की सचिव ऋचा वर्मा, सदस्या एस. उमा सहित अन्य सदस्याओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। उनके समर्पण और सहयोग से यह प्रयास एक साकार रूप ले सका। 'प्रयाग पेटल्स' प्ले स्कूल, उत्तर मध्य रेलवे की ओर से नन्हे बच्चों को दी गई एक अनमोल सौगात है, जो न सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व की दृष्टि से भी एक प्रेरणादायक मॉडल बनकर सामने आया है।

## स्कूलों के विलय के खिलाफ नई याचिका दाखिल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय के खिलाफ नई जनहित याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में दाखिल हुई है। यह पीआईएल न्यायमूर्ति ए आर मसूदी अरु न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह की खंडपीठ के समक्ष बृहस्पतिवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। स्थानीय अधिवक्ता ज्योति राजपूत ने यह याचिका दाखिल की है, जिसमें राज्य सरकार के स्कूलों के विलय या दो स्कूलों को जोड़ने के बीती 16 जून के आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है। साथ ही गांवों के दूरदराज इलाकों में रहने वाले गरीबों के बच्चों को स्कूल जाने के लिए परिवहन व्यवस्था किए जाने की भी गुजारिश की गई है।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना संख्याः SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T12, दिनांकः 08-07-2025
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्रम सं.-01,** कार्य का नामः इज्जतनगर मण्डल के भोपतपुर स्टेशन पर साइलो साइडिंग के लिये ओएचई से संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नः SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T12, कार्य का अनुमानित लागत रूपया मेंः ₹ 40,83,220.84, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी (रू.में): ₹ 81,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया मेंः 0.00, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 31-07-2025, 11:00 बजे, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 माह।
• खुली ई-निविदा दिनांक 31-07-2025 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे।
• पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-80 इज्जतनगर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 29.07.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 08202025 dated 08.07.2025 |
| 2 | निविदा सख्या | 07-Sr.DEN-IV-LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | वरि. मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ-लखनऊ के सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रथम/सुलतानपुर और सहायक मण्डल इंजीनियर-द्वितीय/सुलतानपुर के सेक्सन में ट्रिम्बल gedo vorsys ट्रॉली प्रणाली या सम्नांतर का उपयोग करते हुए पूर्व और बाद में टैम्पिंग ट्रैक माप सर्वेक्षण और अद्यतन स्केल मानचित्र का विकास का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 18324337.50 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 241600.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से पाँच माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 16.07.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 30.07.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2063/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
उप०मु०सिग० एवं दू०सं०अभि०/नि०-II/लखनऊ, कार्यालय संकुल, निर्माण संगठन उ.रे, चारबाग लखनऊ-226004, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित प्रपत्र पर ई-निविदा दो पैकेट प्रणाली के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रही हैः-

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम एवं स्थानः** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के BSB-DDU खंड के बीच 3-4 लाइन के काम के संबंध में काशी स्टेशन (चरण-I) के यार्ड रीमॉडलिंग के संबंध में काशी स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (डिस्ट्रीब्यूटेड टाइपः। सेंट्रल और 2 ईआई हट्स) के साथ इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्यों का प्रावधान, काशी स्टेशन पर ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का प्रावधान के साथ BSB-KEI-VYN खंडों में ईआई आधारित ऑटोमैटिक सिग्नलिंग में आवश्यक संशोधन एवं BSB-KEI-VYN खंडों में संबंधित दूरसंचार कार्य। |
| 2 | **पूरा होने की अवधिः** 09 (नौ) महीने (स्वीकृती पत्र जारी होने की तिथि से) |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागतः** रु.11,13,11,583.81 (रुपये ग्यारह करोड़ तेरह लाख ग्यारह हजार पाँच सौ तिरासी और पैसा इक्यासी केवल) |
| 4 | **निविदा दस्तावेज राशि एवं धरोहर राशिः** रु शून्य एवं धरोहर राशि आई आर ई पी एस पर एन आई टी में उल्लिखित है। |
| 5 | **ऑफर की वैधताः** 90 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| 6 | **निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समयः** 01.08.2025 को 11:30 बजे तक आई आर ई पी एस वेब साइट यानी www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड की जा सकती है। बोली दाता ई-टेंडर में भाग ले सकता है, निविदा 01.08.2025 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजो को देखा जा सकता हैः** विस्तृत ई-टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर10.07.2025 से 01.08.2025 तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई-टेंडर में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम-2000 के तहत CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं हुआ है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

निविदा सूचना संख्याः-287-सिग/सी0-II/लखनऊ/निविदा/01/25 दिनांकः 10.07.2025 2071/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बीकेटी में एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृहद वृक्षारोपण अभियान हुआ आयोजित

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व बीकेटी विधायक ने किया पौधा रोपण





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रेरणादायक आह्वान पर बीकेटी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अल्दमपुर में ''एक पेड़ माँ के नाम'' के तहत आयोजित मनरेगा के अंतर्गत ''हर खेत में मेड़,हर मेड़ पर पेड़'' के संकल्प को साकार करने को लेकर बीकेटी विधायक योगेश कुमार शुक्ला ने वृहद पौधारोपण अभियान के तहत पौधारोपण किया।इस मौक़े पर विधायक ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं बल्कि मातृ वंदना की भावना को भी आम लोगों से जोड़ना है।सभी को सिर्फ़ पौधरोपण तक सीमित नहीं रहना है,पौधों की लंबी अवधि तक निगरानी,सिंचाई और देखभाल भी करनी होगी।इस मौक़े पर एसडीएम बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी,खण्ड विकास अधिकारी पूजा पांडे,एसएचओ महिंगवां शिव मंगल सिंह,प्रधान प्रतिनिधि अतुल शुक्ला,आसित शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।वही बख्शी का तालाब मंडल के बूथ संख्या 158,241,254,में आयोजित वृक्षारोपण के इस महाभियान में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रदेश अभियान के संयोजक ब्रज बहादुर ने सम्मिलित होकर पौधारोपण कर प्रकृति के प्रति अपने प्रेम और कर्तव्य को नमन किया एवं उपस्थित लोगों को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण सिंह गप्पू,जिला मीडिया प्रभारी विवेक सिंह,मंडल अध्यक्ष संदीप यादव,पूर्व सभासद अवनीश सिंह,बूथ अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ,विजेंद्र अवस्थी,दिनेश वर्मा,रविंद्र सिंह,लवकुश विश्वकर्मा, संदीप कुमार,धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क मिनीकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। के काकोरी राजकीय 8-7-2025 को कृषि बीज भंडार काकोरी में किसानों के हित में निःशुल्क मिनीकिट वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख नीतू यादव पत्नी पूर्व जिला पंचायत लल्लू यादव जिसमें एडीओ एजी विनोद यादव व एडीओं पी पी नीरज पांडे बीज प्रभारी योगेश शर्मा टी ए रवि रावत टीए हरिकेश मिश्रा शयाम सिंह आदि गरिमामयी उपस्थिति रही कार्यक्रम के अंतर्गत अरहल उड़द, तिल,,बाजरा, एवं कोदो फसलों के लगभग 25 से 30 किसानों को मिनीकिट्स किसानों को वितरित किए गए इस पहल का उद्देश्य किसानों को उन्नत किस्म के बीज प्रदान कर उन्हें वैज्ञानिक कृषि विधियों से जोड़ना एवं फसल उत्पादन में वृद्धि करना है कार्यक्रम के दौरान बीज गोदाम प्रभारी योगेश शर्मा के द्वारा पूर्व में आदमपुर इंद्रवारा के समस्त किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि किस्त नहीं आ रही थी जो कि योगेश शर्मा बहुत मेहनत से किसानों की प्रधानमंत्री सम्मान निधि की किस्त आने लगी योगेश शर्मा को समस्त किसानों ने धन्यवाद दिया ब्लॉक प्रमुख नीतू यादव एडीओं एजी विनोद यादव आदि

उपस्थित रहे। जिन्होंने वितरण प्रक्रिया को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई यह आयोजन किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

# नगराम: खरगापुर स्थित शीतला माता मंदिर पर भंडारे का आयोजन



## सैकड़ों भक्तों ने पहुंचकर चखा प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के खरगापुर गांव स्थित शीतला माता मंदिर पर अखंड रामायण पाठ हुआ तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि शीतला माता का मंदिर कई वर्ष पुराना है। मंदिर पर अखण्ड रामायण पाठकों द्वारा फिल्मी तर्ज़ पर कहा जाता है जिससे सुनने वाला भी हर प्राणी मंत्र-मुग्ध हो जाता है। पंडित मुन्ना अवस्थी ने रामायण पाठ सम्पन्न कराने के पश्चात मंत्रोच्चार के साथ हवन कराया कन्या भोज के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से युवा नेता गौरव भारद्वाज, घनश्याम भारद्वाज, शिव कुमार भारद्वाज, श्याम किशोर,शुभम, रविन्द्र, संतोष, लक्ष्मी नारायण, राधेश्याम, मुकेश कुमार समेत बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ रही जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

# नगराम: शांति शिक्षा निकेतन में किया गया विशेष पौधारोपण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

## मैनेजिंग डायरेक्टर सुधांशु मिश्रा ने वृक्षारोपण कर पहल की विद्यालय परिसर में रोपे गए 250 वृक्ष

नगराम , लखनऊ। नगराम क्षेत्र के हरदोइया बाजार अनैया स्थित पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया , इंटर कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर सुधांशु मिश्रा ने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। सुधांशु मिश्रा ने कहा कि यह अभियान माता के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक अनूठा तरीका है । इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है, उन्होंने वृक्षारोपण कर इस पहल की शुरुआत किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर में नीम , पाकड़ , आम , अमरूद समेत लगभग 250 पेड़ों का वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं एवं छात्र एवं छात्राएं मौजूद रही।

# खरीफ बुवाई के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध: सूर्य प्रताप शाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि किसानों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समुचित प्रबंध किए गए हैं, जिसके अंतर्गत आज प्रदेश में सहकारिता व निजी क्षेत्र के बिक्री केन्द्रों पर 14.59 लाख मीट्रिक टन यूरिया एवं 5.63 लाख मीट्रिक टन फास्फ़ेटिक (डीएपी, एनपीके) उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। 08 जुलाई 2025 को ही कुल 32,700 मीट्रिक टन यूरिया तथा 6,566 मीट्रिक टन डीएपी और 3,559 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक किसानों द्वारा खरीदे गए। श्री शाही ने बताया कि मण्डलवार आंकड़ों के अनुसार सर्वाधिक यूरिया लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर और बरेली मण्डलों में उपलब्ध है। सहकारिता क्षेत्र के रिटेल प्वाइंट पर 1.13 लाख मीट्रिक टन यूरिया तथा जनपदों के बफर गोदामों में 1.89 लाख मीट्रिक टन यूरिया स्टॉक किया गया है। डीएपी व एनपीके की भी समान रूप से उपलब्धता सुनिश्चित है। किसानों को किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग कर जबरन उर्वरक बेचने की शिकायत मिलती है तो संबंधित दोषियों पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस हेतु मुख्यालय स्तर पर कंट्रोल रूम (0522-2209650) तथा जनपदों में जिलाधिकारी कार्यालयों में भी किसान शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष खरीफ, 2025 में 106.05 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों की बुवाई/रोपाई का लक्ष्य है, जिसमें अब तक धान ऽ 48, मक्का ऽ 51, दलहन ऽ 41, तिलहन ऽ 40 और श्रीअन्न ऽ 29 प्रतिशत की पूर्ति हो चुकी है। श्री शाही ने बताया कि प्रदेश सरकार भारत सरकार से निरंतर समन्वय कर रही है ताकि हर दिन की औसत खपत के अनुरूप उर्वरक की उपलब्धता बनी रहे। सीमावर्ती जनपदों में विशेष सतर्कता के साथ ओवररेटिंग, कालाबाजारी, और टीजीयू गतिविधियों की निगरानी हो रही है तथा दोषियों पर एफआईआर कर कठोर कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस भी निभा रही पर्यावरण की जिम्मेदारी, भूहर चौकी में हुआ वृक्षारोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ठाकुरगंज लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लखनऊ पुलिस ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर सराहनीय पहल की गई। इस क्रम में थाना ठाकुरगंज क्षेत्र अंतर्गत भूहर चौकी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चौकी प्रभारी मुदित राय, ने उप निरीक्षक अखिलेश कुमार, उप निरीक्षक जोगिंदर सिंह, एवं कांस्टेबल शैलेश कुमार,के साथ मिलकर चौकी परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में पौधे लगाए। इस मौके पर चौकी प्रभारी ने कहा पर्यावरण की रक्षा केवल एक दिवस की बात नहीं। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जब पुलिस जैसे विभाग इस दिशा में आगे आते हैं, तो समाज में जागरूकता और विश्वास दोनों का विस्तार होता है। पौधारोपण के दौरान फलदार, छायादार और औषधीय पौधों का चयन किया गया। उप निरीक्षक अखिलेश और शैलेश कुमार ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए कहा कि वे इस अभियान को केवल आज तक सीमित नहीं रखेंगे।बल्कि आगे भी इसे जारी रखेंगे।

## महिला से अभद्रता और हमले की धमकी के मामले में युवक पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

दुबग्गा लखनऊ । कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मौरा ताकिया मोहल्ले में महिला से अभद्रता, घर में घुसकर हमला करने की कोशिश और जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस ने आरोपी बसंता पुत्र लेन्गड़ के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता जेबा बानो ने तहरीर में बताया कि आरोपी बसंता शराब के नशे में अक्सर उसकी बहन के बच्चों को परेशान करता है और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करता है। दिनांक 7 जुलाई को आरोपी ने घर में घुसकर महिलाओं से अभद्रता की और विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गया। जब पुलिस को 112 पर सूचना दी गई, तो वह कुछ देर बाद मौके पर आई लेकिन तहरीर लेकर लौट गई। पुलिस के जाने के बाद बसंता 4-5 लोगों के साथ लाठी-डंडे और हथियार लेकर वापस आया, जिससे परिवार को गंभीर खतरा महसूस हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना दुबग्गा पुलिस ने जेबा बानो की तहरीर पर तुरंत मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# जवाहरलाल नेहरू इंटर कालेज में संचारी रोग पर कराई गई लघु नाटिका

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नगराम, लखनऊ । नगराम क्षेत्र के बहरौली स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए लघु नाटिका करायी गयी। कक्षा 12 विज्ञान वर्ग की छात्राओं में निशू चौरसिया, खुशी पांडे, रिमझिम भूमिका मिश्रा, छाया ने अंग्रेजी के प्रवक्ता अमित कुमार के निर्देशन में बहुत अच्छे अभिनय से सबका मन मोह लिया । प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि एक दूसरे से फैलने वाले संक्रामक रोगों को संचारी रोग कहा जाता है , जिनको फैलाने में कुछ कीटों का भी विशेष योगदान होता है जैसे मक्खी और मच्छर है बरसात के दिनों में अनेक जानलेवा बीमारियां जैसे दिमागी बुखार फैलने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा डायरिया, कालरा, टाइफाइड, मलेरिया जैसे रोग भी इन दिनों खूब फैलते हैं इसलिए साफ सफाई का विशेष महत्व है। इन रोगों से बचने के लिए घरों के आसपास कूड़ा कचरा एकत्र न होने दें, जल भराव न होने दें, खुले में शौच न जाएं तथा ताजा स्वच्छ घर का भोजन करें, बासी और खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन ना करें। नाटक के माध्यम से छात्रों ने बीमारियो से बचने और बचाव कैसे करें के बारे में दिखाया जिसमें अध्यापक श्रीकांत का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सलेमपुर अचाका स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधान ने किया पौधारोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र के सलेमपुर अचाका गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में ग्राम प्रधान विकास पटेल व शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा ' एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान एवं शिक्षक व बच्चों द्वारा लगाए गए पौधों का संरक्षण करने का भी संकल्प लिया गया। ग्राम प्रधान विकास पटेल ने बताया कि जो भी पौधे लगाए गए हैं उनकी निरंतर देखभाल की जाएगी। उन्होंने बच्चों का ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करने एवं अन्य को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि पौधों के बिना जीवन संभव नहीं है पेड़ पौधों से ही हमें प्राण वायु प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को एक-एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया कहा कि पौधे लगाना अपनी आदत में शुमार करें। इस मौके पर विद्यालय परिसर में शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने पौधारोपण किया।

## 3037 क्रियाशील ब्वायलर्स के साथ यूपी बना औद्योगिक संचालन का भरोसेमंद राज्य

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। राज्य सरकार उत्तर प्रदेश में उद्योगों की मजबूती और सुरक्षित संचालन के लिए लगातार नवाचार और तकनीकी सुधारों की दिशा में कार्य कर रही है। इसी क्रम में ब्वायलर्स के संचालन, निरीक्षण और निगरानी व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन बनाकर उत्तर प्रदेश देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है, जहां औद्योगिक सुरक्षा, ऊर्जा दक्षता और ग्रीन टेक्नोलॉजी पर एक साथ काम हो रहा है। प्रदेश में वर्तमान में कुल 3037 ब्वायलर्स क्रियाशील हैं, जो देश में तीसरा सबसे बड़ा है। यह विभिन्न औद्योगिक इकाइयों, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों, सीमेंट, रासायनिक, टेक्सटाइल, चीनी और बिजली जैसे सेक्टरों में इस्तेमाल हो रहे हैं। ब्वायलर किसी भी उद्योग की रीढ़ होते हैं और इनका सुरक्षित व ऊर्जा दक्ष संचालन न केवल उत्पादन क्षमता बढ़ाता है, बल्कि श्रमिकों की सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन के लिए भी अहम होता है। ब्वायलर से जुड़ी समस्त सेवाओं को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। अब ब्वायलर का पंजीकरण, नवीनीकरण, निर्माण, मरम्मत और इरेक्शन (स्थापना) की अनुमति से लेकर ब्वायलर निर्माता, इरेक्शनकर्ता और वेल्डर्स तक की पूरी सूची पोर्टल पर उपलब्ध है।

# पेड़ों के बिना किसी का भी जीवन संभव नहीं: केशरी

## एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान में काकोरी सहकारी संघ की पहल, पौधारोपण कर पर्यावरण व मातृत्व के सम्मान का दिया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। काकोरी में ''एक पेड़ माँ के नाम 2.0'' वृक्षारोपण अभियान 2025 के अंतर्गत बुधवार को सहकारी संघ लिमिटेड काकोरी परिसर में एक भावनात्मक और पर्यावरणीय पहल देखने को मिली।जब सहकारी संघ लिमिटेड के सभापति केशरी राव धारा सिंह यादव और काकोरी जिला सहकारी बैंक प्रबंधक जयेश राठौर के द्वारा पौधारोपण कर इस अभियान को आधिकारिक रूप से आगे बढ़ाया गया।इस अवसर पर संघ व बैंक के कई कर्मचारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सहकारी संघ लिमिटेड सभापति एवं ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति उत्तर प्रदेश चेयरमैन केशरी राव धारा सिंह यादव ने कहा कि ''प्रकृति और माँ,दोनों जीवनदायिनी हैं।एक पेड़ माँ के नाम लगाना केवल हरियाली का प्रतीक नहीं,अपितु भावनात्मक नमन है उस जननी को जिसने हमें जीवन दिया।'' इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण,जलवायु संतुलन और सामाजिक चेतना जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।उन्होंने क्षेत्र के सभी नागरिकों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाकर इस अभियान को जनांदोलन बनाया जाए,ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण मिल सके।यह पहल केवल पर्यावरणीय दायित्व नहीं बल्कि एक सामाजिक और भावनात्मक कर्तव्य के रूप में लिया जा रहा है।इसमें नागरिकों द्वारा अपने माता-पिता,गुरुओं या प्रियजनों के नाम एक-एक पौधा लगाकर उन्हें सम्मान देने का संदेश भी जुड़ा है।इस अवसर पर मुख्य रूप से सचिव मुकेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# राठौरपुर ग्राम पंचायत में फर्जी हाजिरी का खेल जारी जिम्मेदार साधे चुप्पी

**महिलाओं की भी लग रही हाजरी मास्टर रोल पर अप्लास फोटो में नही दिखाई दे रही महिलाएं**

**प्रधान, सचिव , रोजगार सेवक व एपीओ और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से खेला जा यह रहा खेल**

**विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत राठौरपुर का मामला**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। मछरेहटाविकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत राठौरपुर में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) योजना के अंतर्गत हो रहे कार्यों में भारी अनियमितताये बर्ती जा रही है। यहां तक कि फर्जी फोटो अपलोड के साथ साथ महिलाओं के नाम पर भी हाजरी लगाई जा रही है। जब कि अपलोड मास्टर रोल फोटो में कही दिखाई तक नही दे रही है।ग्रामीणों के अनुसार, मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर कार्य दिखाए जा रहे हैं, जबकि ज़मीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। कई ऐसे लोगों के नाम हाजिरी रजिस्टर में दर्ज हैं जो या तो गांव में नहीं हैं या उन्होंने कभी काम किया ही नहीं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि ग्राम प्रधान, सचिव , रोजगार सेवक और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से यह खेल चल रहा है। कार्यस्थल पर न तो कोई नियमित मजदूर नजर आते हैं और न ही निर्धारित कार्य का क्रियान्वयन जमीन पर दिखता है।ग्रामीणों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और इस सरकारी धन के दुरुपयोग को रोकने के लिए क्या कदम उठाता है।

## एल्पिस ग्लोबल स्कूल में साप्ताहिक गतिविधियां कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

बिसवां, सीतापुर। शहर के प्रतिष्ठित एल्पिस ग्लोबल स्कूल में आज दिनांक 09.7.25 से 19.7.25 तक चलने वाले साप्ताहिक गतिविधियां (एक्टीविटी वीक) कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर उमंग राजवंशी के द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया इस आयोजन में नर्सरी कक्षा से नवमी तथा ग्यारहवीं कक्षा के छात्र प्रतिभाग करेंगे।प्रथम दिवसीय कार्यक्रम में लेख प्रतियोगिता ( नर्सरी, ठ.ख.क्क तथा प्रथम) कक्षा द्वितीय के विद्यार्थियों नें पब्लिक इवेंट डांस एक्टीविटी प्रतियोगिता में भाग लिया तथा कक्षा तृतीय से नवमी के छात्रों ने पब्लिक इवेंट फैंसी ड्रेस,अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता तथा अनेकता में एकता की प्रस्तुति करते हुए अत्यंत उत्साह के साथ प्रतिभाग किया इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बताते हुए विद्यालय डायरेक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि इससे छात्रों में पठन पाठन के साथ साथ पाठ्य सहगामी क्रियायों में पारंगत होने का सुअवसर प्राप्त होगा जो कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होगा आज के इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा ने कहा हम छात्रों के बहुमुखी विकास हेतु संकल्पित हैं।

## पेड़ पौधे हमारे जीवन का आधार हैं: एआरटीओ प्रशासन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने एआरटीओ कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संदेश दिया।पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान चतुर्वेदी ने कहा कि ''आज के समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और इनके बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।'' उन्होंने आगे कहा कि ''प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए, जब तक वह बड़ा न हो जाए।''इस पहल का उद्देश्य कार्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने के साथ-साथ आम जनता के बीच भी पौधरोपण के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में एआरटीओ कार्यालय के अंशुमान सिंह, दुर्गेश कुमार, रोहित कुमार , मयंक सिंह ,रवि गौतम संजीव सोनकर ,अमित सिंह, राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे ।

# सदर तहसील सभागार में आयोजित हुई महिला जनसुनवाई कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददात

सीतापुर । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मा0 सुजीता कुमारी ने बुधवार को सीतापुर की सदर तहसील सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित हुईं, जिसमें 15 शिकायतें प्राप्त हुयीं। उन्होंने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आईं महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि हर पीड़ित महिला को न्याय दिलाना महिला आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।जनसुनवाई में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं और घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, मानसिक उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, कार्यस्थल पर उत्पीड़न जैसी विभिन्न समस्याएं रखीं। कई पीड़िताओं ने अपनी शिकायतें महिला आयोग को लिखित रूप में भी सौंपीं। सुजीता कुमारी ने कहा कि महिला आयोग इन शिकायतों को गंभीरता से लेकर संबंधित विभागों और प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से शीघ्र न्याय सुनिश्चित करता है।उन्होंने कहा कि महिला आयोग एक वैधानिक संस्था है जो राज्य में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए कार्य करती है। आयोग समय-समय पर जनसुनवाई, जागरूकता कार्यक्रम और निरीक्षण अभियान चलाता है, जिससे महिलाओं की समस्याओं को समझा जा सके और उनका त्वरित समाधान हो सके।मा0 सुजीता कुमारी ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा। उन्हें अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध डटकर खड़ा होना चाहिए। महिला आयोग हर उस महिला के साथ खड़ा है जो अपने हक के लिए लड़ रही है।उन्होंने यह भी बताया कि आयोग न केवल पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाता है बल्कि उन्हें परामर्श, कानूनी सहायता और मानसिक सहयोग भी उपलब्ध कराता है। आयोग की यही कोशिश रहती है कि कोई भी महिला अकेली महसूस न करें और उसे पूरा सहयोग मिले।कार्यक्रम के अंत में महिला आयोग की टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस विभाग के प्रतिनिधि और शिकायतकर्ता भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई का समापन महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने के प्रेरणादायक संदेश के साथ हुआ।तत्पश्चात उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मा0 सुजीता कुमारी द्वारा तहसील मिश्रिख में चौपाल लगाकर विभिन्न विभागों द्वारा चलाये जा रहे महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तीकरण के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने 02 बच्चों का अन्नप्राशन एवं 02 महिलाओं की गोद भराई भी की। उन्होंने वहां पर उपस्थित महिलाओं से वार्ता करते हुये दिये जाने वाले पोषाहार की भी जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने उपस्थित महिलाओं से महिला उत्पीड़न से बचाव हेतु सरकार द्वारा किये जा रहे महिलाओं के लिये किये जा रहे प्रयासों एवं योजनाओं के बारे में बताया। इसके पश्चात मा0 सदस्य द्वारा तहसील परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

## हर्षोल्लास के साथ मना विद्यालय प्रबधक का जन्मदिन

सीतापुर। आर जे जे एजूकेशन प्वाइंट बीरमपुर के प्रबधक कुलदीप जयसवाल का जन्मदिन बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।बच्चो ने बडे ही प्यार के साथ अपने प्रबंधक का स्वागत प्रवेशद्वार पर स्वागत किया तत्पश्चात बच्चो व अध्यापक अध्यापिकाओ ने उन्हे जन्मदिवस की बधाई दी। कुलदीप जयसवाल ने बच्चो मे फल वितरित किए उसके बाद उन्होने विद्यालय परिवार के साथ मिलकर केक काटा इसपर सभी ने उनके लिये ईश्वर से दीर्घायु होने की प्रार्थना की। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक जगदीश जयसवाल, पूनम जयसवाल अरूणिमा श्रीवास्तव रूपेश प्रिंस व अन्य शिक्षक शिक्षिकाऐ उपस्थित रहे साथ इसी श्रृंखला मे एक अन्य कार्यक्रम मे खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता व इष्ट मित्रो ने उनके जन्मदिन पर केक काटकर बधाई दी। प्रबंधक श्री कुलदीप जयसवाल ने अपने सभी प्रियजनो को जन्मदिन पर बधाई देने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# विद्यार्थी संसद के शपथ ग्रहण समारोह में छात्रों ने लिया कर्तव्यनिष्ठा का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददा



बिसवां, सीतापुर । श्री राम चंपा देवी इंटर कॉलेज, बिसवां में आज छात्र-छात्रा संसद का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि कमलेंद्र कुमार बाजपेई ने नव निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में उन्होंने विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा की सराहना करते हुए नव नियुक्त छात्र प्रतिनिधियों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक रहने तथा अनुशासन, सेवा भावना एवं नेतृत्व के साथ अपने उत्तरदायित्वों के सफल निर्वहन हेतु प्रेरित किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन, अर्चन व वंदन के साथ किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के साथ विशिष्ट अतिथि ऋतुराज सिंह, विशेष अतिथि सुशील शुक्ला एडवोकेट, कार्यक्रम अध्यक्ष संदीप मिश्रा 'सरस', द्वारा विद्यालय के आचार्यगण एवं विद्यार्थीगण की उपस्थिति में संपन्न हुआ।छात्र संसद की संरचना एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य विनय दीक्षित ने छात्रों को उनके अधिकार और दायित्वों की व्यापक जानकारी दी।समारोह को आए सभी अतिथियों ने भी संबोधित किया तथा विद्यार्थियों को नेतृत्व, निष्ठा और सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त कीं।विद्यालय प्राचार्य राकेश शुक्ला द्वारा सफल आयोजन हेतु सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# विराट गायत्री महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर

**शक्ति कलश का भव्य स्वागत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन, खीरी। कस्बे निघासन में दो जनवरी 2026 से आयोजित होने वाले 251 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर हैं। इस महायज्ञ के लिए क्षेत्र में पहुंचे शक्ति कलश का भव्य स्वागत किया गया। हरिद्वार से आए गायत्री परिवार पर फूल वर्षा की गई और प्रसाद का वितरण कर गायत्री माता के जयकारे लगाए गए।शक्ति कलश के स्वागत के बाद कस्बे की प्रमुख सड़कों पर सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और गायत्री माता के जयकारे लगाए। गायत्री शक्ति पीठ के वरिष्ठ कार्यकर्ता विनोद सिंह ने बताया कि 250 कार्यकर्ता हरिद्वार शक्ति कलश लेने गए थे। वहां से कलश लाने के बाद मैलानी, भीरा, पलिया, मझगई, नौगवां, बम्हनपुर में जोरदार स्वागत होने के बाद कलश कस्बा निघासन पहुंचा।निघासन पहुंचने पर गायत्री शक्ति पीठ के सामने निघासन एसडीएम राजीव निगम, इंस्पेक्टर महेश चंद्र, भाजपा जिला महामंत्री विनोद लोधी ने शक्ति कलश का पूजन किया। उसके बाद बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

**विराट गायत्री महायज्ञ का आयोजन**

बता दें कि वर्ष 2026 में झंडी मार्ग पर स्थित मैदान में दो से पांच जनवरी तक विराट गायत्री महायज्ञ किया जाएगा। यह अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में निघासन गायत्री परिवार ट्रस्ट की ओर से आयोजित होगा। जिसको लेकर गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने शांतिकुंज हरिद्वार से शक्ति कलश लेकर निघासन पहुंचे हैं।

**तैयारियों का जायजा**

गायत्री शक्ति पीठ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने बताया कि महायज्ञ के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि महायज्ञ में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे और गायत्री माता की पूजा-अर्चना करेंगे।विराट गायत्री महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर हैं और शक्ति कलश का भव्य स्वागत किया गया है। महायज्ञ के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। यह महायज्ञ निघासन के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन होगा और गायत्री माता की कृपा से सभी लोगों को लाभ होगा।251 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ का आयोजन दो से पांच जनवरी 2026 तक किया जाएगा।महायज्ञ का आयोजन झंडी मार्ग पर स्थित मैदान में किया जाएगा।अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में निघासन गायत्री परिवार ट्रस्ट की ओर से आयोजित होगा।महायज्ञ में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे और गायत्री माता की पूजा-अर्चना करेंगे।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी से तनाव हिंदू संगठनों ने दी तहरीर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**धौरहरा, लखीमपुर खीरी।** थाना धौरहरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत शेखनपुरवा निवासी एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। आरोपी ने सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को अपमानजनक शब्दों में संबोधित किया, हिंदू धर्म के अनुयायियों के प्रति आपत्तिजनक बातें कही तथा रामायण को काल्पनिक ग्रंथ बताया।पोस्ट सामने आने के बाद भारतीय हिंदू परिषद, अखंड भारत गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने त्वरित रूप से थाना धौरहरा पहुंचकर इंस्पेक्टर को लिखित तहरीर सौंपी और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। संगठन के कार्यकर्ताओं ने इसे सनातन धर्म का अपमान बताते हुए दोषी पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की।सूत्रों के अनुसार, आरोपी मुशीर अहमद स्वयं थाने पहुंच गया, जहां पुलिस द्वारा उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है तथा सभी तथ्यों और सबूतों के आधार पर विधिक कार्रवाई करते हुए आईटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैइस बीच क्षेत्र में स्थिति सामान्य बनी हुई है, हालांकि पुलिस द्वारा सतर्कता बरती जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। थाना पुलिस लगातार निगरानी में है और ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है।भारतीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि ल्लयह केवल हमारे धर्म पर नहीं, पूरे सनातन आस्था पर हमला है। यदि आरोपी पर कार्रवाई नहीं होती तो हम जन आंदोलन को बाध्य होंगे।ञ्चइस मामले धौरहरा कोतवाली प्रभारी सुरेश मिश्रा ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है विधिक कार्रवाई के साथ जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी जिससे क्षेत्र में धर्म को लेकर अभद्र टिप्पणी की पुनरावृत्ति ना हो सके।

## कोल्हौरा व बख्तियारपुर में हुई चोरी का पर्दाफाश



मैगलगंज, खीरी। मैगलगंज थाना क्षेत्र में बीते पंद्रह दिनों के भीतर कोल्हौरा और बख्तियारपुर गांवों में हुई चोरी की तीन वारदातों का पुलिस ने सफल खुलासा कर दिया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी किए गए जेवरात और नगदी धनराशि बरामद कर ली है। वहीं एक अन्य अभियुक्त फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इस पूरे मामले में प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र कुमार पाण्डेय के निर्देशन में की गई त्वरित और सटीक कार्रवाई से इलाके में सुरक्षा को लेकर भरोसा मजबूत हुआ है।प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि ऽअपराधियों की अब खैर नहीं, समाज में उनकी कोई जगह नहीं। सलाखों के पीछे ही उनकी असली मंज़िल होगी। पुलिस की इस सख्ती के बाद अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। क्षेत्र में सतर्क निगरानी बढ़ा दी गई है और संदिग्धों की लगातार जांच की जा रही है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाना या स्थानीय पुलिस को दें।

## मैगलगंज पुलिस का संकल्प, अपराध पर प्रहार, जनता को अधिकार

पसगवां खीरी। ग्रामीणों ने रोड के दोनों और खड़ी झाड़ियो को हटवाए जाने से जाने के संबंध में मुख्यमत्री और लोकनिर्माण विभाग को शिकायती पत्र भेजा है।बता दे जी जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लॉक पसगवां के स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री और लोकनिर्माण विभाग को जनसुनवाई के माध्यम से शिकायती पत्र भेजा है जिसमें बताया कि कस्बा जंगबहादुरगंज से मोहम्मदी जाने वाले मार्ग पर सड़क के किनारे घनी झाड़ियां खड़ी हुई है जिसके कारण इस रूट से निकलने वालें कांवड़ियों व अन्य लोगों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है बही पसगवां से कुछ ही दूरी पर स्थित माइनर की पुलिया पर रेलिंग भी नहीं बनी है जिस कारण इस पुलिया में गिरकर कई लोग घायल व बहुत से लोगों की जाने भी जा चुकी है जिसकी शिकायत लोक निर्माण विभाग लखीमपुर खीरी से कई बार की जा चुकी है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

## लखीमपुर खीरी में वृक्षारोपण जनांदोलन-2025 का भावपूर्ण शुभारंभ



लखीमपुर। गौ सेवा आयोग अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, डीएफओ संजय विश्वाल, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों संग किया पौधरोपण। नोडल अधिकारी सचिव वित्त मिनिस्ती एस रही भ्रमणशील, जनभागीदारी से सजा पर्यावरण उत्सव।

## 'माँ के नाम एक पेड़' लगाकर दिया पर्यावरण बचाने का दिया संदेश



सीतापुर। नगर पालिका परिषद खैराबाद जनपद सीतापुर द्वारा वृक्षारोपण का कार्य कराया गया। जिसमें प्रसिद्ध समाजसेवी एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता 'बब्लू भैया' द्वारा 'हरि शंकरी' पेड़ लगाकर वृक्षारोपण का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण की महत्वता पर बल देते हुए यह संदेश दिया गया कि, पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिये हर व्यक्ति को एक पेड़ मॉ के नाम लगाते हुए उसको संरक्षित करने का संकल्प लें जिससे कि, आज के समय में उत्पन्न हो रहे पर्यावरणीय असंतुलन से बचा जा सके। क्योंकि वृक्षारोपण पर्यावरण, वन जीव और मानव जीवन के लिये आवश्यक है। इस अवसर पर प्रेम शंकर गुप्ता अधिशासी अधिकारी श्री मनोज कुमार राना सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, श्री संजीत कुमार यादव जिला कार्यक्रम प्रबन्धक स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) व सभासदगण एवं नगर के सम्भ्रांत नागरिक एंव जन सामन्य के साथ नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे। वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद खैराबाद के सभी अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा भी 'एक पेड़ मॉ के नाम' पर लगाते हुए उसको संरक्षित करनें का संकल्प लिया गया।

# अनियंत्रित होकर कार बस से टकराकर खाई में पलटी, 3 घायल, 2 की हालत गम्भीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पसगवां खीरी। उचौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम मोहउद्दीनपुर चौराहे के पास एक कार स्कोर्पियो अनियंत्रित होकर बस से टकराते हुए एक साइकिल सवार को टक्कर मारते हुए सीधे नीचे खाई में जा पलटी।हादसे में साइकिल सवार समेत गाड़ी का ड्राइवर गम्भीर रूप से घायल हुए, जो हेड इंजरी के चलते बेहोसी हालत में थे वही एक अन्य कार सवार को भी गम्भीर चोटे आई, जिनके कंधे से लेकर कई जगह चोटें आई। वही गम्भीर 2 घायलो की ब्लीडिंग रोकते हुए उनकी ड्रेसिंग की गई और हार्ट बन्द होता देख उन्हें सेवा का जुनून के डायरेक्टर डॉ. संजीत सिंह सनी द्वारा दोनो को एक एक करके सीपीआर दिया गया, ताकि दोनो की जान बचाई जा सके। प्राथमिक उपचार देने के बाद टीम द्वारा 108 एम्बुलेंस को फोन करके बुलाया गया, जिसके बाद गम्भीर हालत के मद्देनजर वही से उन्हें जिला हॉस्पिटल शाहजहांपुर के लिए रेफर किया गया ताकि उन्हें जल्द से जल्द अग्रिम इलाज मिल सके। वही साइकिल सवार बेहोसी हालत में उसके बारे में कोई जानकारी नही मिल पाई। दूसरी तरफ स्कोर्पियो वाले चालक व परिचालक भी गम्भीर घायल थे जिनके बारे में भी कुछ जानकारी एकत्रित नही हो पाई। फिलहाल घटना की जानकारी पर उचौलिया थाने के क्राइम इंस्पेक्टर बदन सिंह यादव, एसआई अरविंद पांडेय, एसआई शमसुला मलिक, दीवान विनोद, कॉन्स्टेबल अनिल, सुनील, रविन्द्र प्रताप व मोहम्मद रशीद आदि सम्मलित रहे, वही मदद में सेवा का जुनून की टीम में डायरेक्टर डॉ. संजीत सिंह सनी, मनी सिंह, मोहम्मद सोनू, रोहित कुमार आदि लोग सम्मलित रहे।

# खीरी ने रचा इतिहास : एक दिन में लगाए 96 लाख से ज्यादा पौधे

**गूंजा एक पेड़ मां के नाम का संकल्प**

**गौ सेवा आयोग अध्यक्ष ने किया शुभारंभ, डीएम-एसपी संग किया पौधरोपण, नोडल अधिकारी ने किया अनुश्रवण**



लखीमपुर खीरी। बुधवार सुबह जिले में पौधरोपण जन आंदोलन-2025 का आगाज हुआ। इस दौरान उप्र गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता की अगुवाई, नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस की देखरेख, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के कुशल निर्देशन में वन एवं वन्यजीव विभाग और अन्य राजकीय कार्यदायी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी ने तय लक्ष्य के सापेक्ष पौधों का रोपण शुरू किया। जिले में एक दिन में लक्ष्य 96 लाख 75 हजार 100 के सापेक्ष 96 लाख 89 हजार 100 पौधे रोपकर एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक चले इस अभियान में सरकारी विभागों, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों व जागरूक नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पौधों की सुरक्षा व देखभाल का संकल्प लिया।बुधवार को तहसील सदर, ब्लॉक बेहजम की ग्राम मरखापुर स्थित खीरी ब्रान्च नहर पटरी पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का गौ सेवा आयोग अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने शुभारंभ किया। इस दौरान आयोग अध्यक्ष ने विधायक सदर और एमएलसी के प्रतिनिधिगण, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, डीएफओ संजय विश्वाल, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह संग फलदार, छायादार, औषधीय पौध का रोपण किया। आचार्य अनूप मिश्रा ने वैदिक मंत्र पढ़कर पूरे विधि विधान से पौधों को विधिवत पूजा अर्चना कर मंत्रोचारित किया। वेद मन्त्रों की गूंज रही ध्वनि के बीच आयोग अध्यक्ष ने पौध का रोपण किया। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अफसरो संग ग्रामवासियों को सहजन का पौधा प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौ सेवा आयोग अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि लखीमपुर खीरी की पावन धरती और इसकी श्रेष्ठ वायु गुणवत्ता हम सबके लिए गर्व की बात है। सभी लोग एक नहीं, दो पेड़ माँ के नाम लगाएं और उनकी देखभाल करें। उन्होंने गौवंश को धरती का श्रेष्ठ प्राणी बताया और जल, जमीन व हरियाली को बचाने का संकल्प दिलाया। 1000 तालाब निर्माण की सराहना की और वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए योगी सरकार की प्रशंसा की।

# पराविधिक स्वयं सेवकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में पैनल लायर्स व पराविधिक स्वयं सेवकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर शुरुआत हुई। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 व 8 जुलाई 2025 को एडीआर सेन्टर रायबरेली में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के पैनल लायर्स व पराविधिक स्वयं सेवकों का महिलाओं व बच्चों से सम्बन्धित अधिकारों के प्रति विशेष रुप से जानकारी प्रदान करना। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक अभियोजन अधिकारी यदुवेन्द्र के द्वारा महिलाओं के अधिकार के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। पैनल अधिवक्ता शैलजा सिंह के द्वारा पारिवारिक मामलों के साथ-साथ भरण पोषण सम्बन्धित विषय, अधिवक्ता सुषमा सरोज के द्वारा भी पारिवारिक मामले, अधिवक्ता ममता यादव के द्वारा दौरान हिरासत विधिक अधिकारों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। अधिवकता मधू सिंह के द्वारा गर्भाधान पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 गर्भावस्था की चिकित्सीय समाप्ति अधिनियम के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। प्रथम दिवस के अन्तिम सत्र में अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा महिलाओं की घरेलू हिंसा से रक्षा, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से सम्बन्धित विषय विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा परिचय एवं आइस ब्रेकिंग सत्र के माध्यम से पैनल लायर्स व पराविधिक स्वयं सेवक की भूमिका के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। स्थायी लोक अदालत की सदस्या प्रीति पाण्डेय के द्वारा मौलिक अधिकारों के अन्तर्गत विभिन्न अनुच्छेद के साथ-साथ विधिक सेवा अधिनियम 1987 व नालसा विनियम के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिप्टी लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिंल जय सिंह यादव के द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 सम्बन्धी विषय पर प्रकाश डाला गया। अधिवक्ता अन्जू के द्वारा बच्चों से सम्बन्धित कानून किशोर न्याय(बालको की देखभाल एवं संरक्षण अधिनियम) सम्बन्धी विषय पर प्रशिक्षण में सम्मिलित लोगों को जानकारी देकर जागरुक किया गया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में अधिवक्ता मधू सिंह के द्वारा बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 व अनैतिक व्यापार रोकथाम अधिनियम व यौनकर्मियों से सम्बन्धित विषय पर जानकारी दी गयी। उक्त प्रशिक्षण में असिस्टेन्ट लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिंल योगेश चन्द्र के द्वारा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम विषय पर अपने विचार साझा किये गये। द्वितीय दिवस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सदस्या स्थायी लोक अदालत सुधा रानी के द्वारा बाल श्रम निषेध विनियमन अधिनियम 1986 व सरकार द्वारा बच्चों के कल्यार्थ चलायी जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में असिस्टेन्ट लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिंल विपिन कुमार के द्वारा बच्चों से सम्बन्धित कारखाना अधिनियम सम्बन्धी विषय पर उपस्थित लोगों को जानकारी दी गयी। उक्त प्रशिक्षण के अन्तिम सत्र में प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन कर समस्त प्रशिक्षण प्राप्तकर्ता से उनकी प्रतिक्रिया ली गयी। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अनुपम शौर्य की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

## हज-2026 पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए आवश्यक तैयारियों को लेकर निर्देश व समय-सीमा निर्धारित : महिमा

रायबरेली। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने हज-2026 पर जाने वाले समस्त हज यात्रियों से कहा है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हज सत्र 2026 की घोषणा के बाद ऑनलाइन हज आवेदन हज कमेटी ऑफ इण्डिया की वेवसाइट fhttp://www.hajcommittee.gov.in व हज सुविधा एप पर 07 जुलाई 2025 से अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2025 (रात्रि 11:59 बजे तक) किये जायेगें। उन्होंने बताया है कि हज-2026 (1447 हि0) की आवश्यक तैयारियों हेतु निर्देश व समय-सीमा निर्धारित की गयी है, जिसके अनुसार हज-2026 हेतु पासपोर्ट मशीन पठित होना आवश्यक है। हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नहीं होगा।हज-2026 के आवेदन हेतु पासपोर्ट दिनांक आवेदन अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर, 2025 या उससे पूर्व तक जारी होना चाहिए तथा जिसकी वैद्यता 31 दिसम्बर 2026 तक होना आवश्यक है।हज आवेदन फार्म में कम दिनों सम्भवतः 20 दिन हेतु आवेदन करने का विकल्प रखा गया है जिसके लिए सामान्य हज से अधिक व्यय की सम्भावना है। कम अवधि के पैकेज में सीमित सीटें उपलब्ध रहेंगी। अधिक आवेदन आने पर उनका चयन लाटरी से किया जायेगा। कम अवधि के हज यात्री केवल सात (07) उड़ान स्थल से रवाना हो सकेंगे, जिसमें अहमदाबाद, बैंगलोर, चेन्नई, कोचित, दिल्ली, हैदराबाद, मुम्बई। उन्होंने बताया है कि आवेदन करते समय हज अवेदकों को पासपोर्ट साइज फोटो, पासपोर्ट का प्रथम पृष्ठ, अन्तिम पृष्ठ, ऐडरेस प्रूफ, बैंक खाते का विवरण जिसमे कैंसल्ड चेक अथवा बैंक पासबुक की प्रति अपलोड की जायेगी।आवेदन करने के बाद केवल मृत्यु या गम्भीर बीमारी के कारण से ही आवेदन निरस्त किये जा सकेंगे अन्यथा की स्थिति में अर्थदण्ट के रूप में जमा धनराशि काटी जायेगी। इच्छुक आवेदकों से अनुरोध है कि आवेदन से पहले हज गाइडलाइंस को अच्छी तरह पढ़ लें तभी आवेदन करें। ऑनलाइन आवेदन जिले में स्थापित ई-सुविधा केन्द्र, साइबर कै.फ़े, एण्ड्रायड व आई फोन के माध्यम से भरे जा सकते हैं। उप्र राज्य हज समिति के कार्यालय में स्थापित ई-सुविधा केन्द्र क्रियाशील कर दिया गया है जिस पर तैनात कर्मचारी का मोबाईल नम्बर 7905953578 एवं 7310103534 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## एडीआर सेन्टर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न



रायबरेली। पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व सम्मान को समर्पित ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के अंतर्गत एडीआर सेन्टर छजलापुर, रायबरेली में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य व चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल राजकुमार सिंह डिप्टी लीगल एड एड डिफ़ेन्स काउन्सिंल जय सिंह यादव, पैनल लायर व पराविधिक स्वयं सेवकगण उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, ''माँ जीवन की प्रेरणा होती हैं और वृक्ष जीवन का आधार। जब हम माँ के नाम पर एक वृक्ष लगाते हैं, तो यह केवल पर्यावरण के लिए नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और भावनात्मक चेतना के लिए भी एक महत्वपूर्ण कार्य होता है।'' इस अभियान के तहत एडीआर सेन्टर में अशोक के पौधे रोपे गए। जनपद न्यायाधीश द्वारा कार्यक्रम के अंत में पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया की परिसर में लगाए गए पौधों की निगरानी और पालन-पोषण सुनिश्चित करेंगे। जनपद न्यायाधीश द्वारा यह निर्देश दिये गए इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन लगातार कराया जाये तथा इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया जाये।

## ट्रक-डीसीएम की टक्कर में दो लोगों की मौत

उन्नाव। जहां मुख्य मार्ग पर बुधवार सुबह 6 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यह हादसा ग्राम माथर के पास उस समय हुआ जब एक डीसीएम (छोटा ट्रक) और कंटेनर में भीषण टक्कर हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही थाना सफीपुर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक घायल का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। आपको बताते चलें कि-हरदोई मुख्य मार्ग पर हादसा हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डीसीएम का आगे का हिस्सा पूरी तरह से पिचक गया और उसके चालक समेत सहयोगी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कंटेनर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान जालीस अहमद पुत्र छोटे निवासी ग्राम भूरा थाना भोजीपुरा जनपद बरेली और उसके सहयोगी के रूप में हुई है।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम का शुभारम्भ

### कहा 9 माह से 5 वर्ष तक की आयु के कुल 3.3 लाख बच्चे पियेंगे विटामिन ए की दवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। एक माह तक चलने वाले विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चन्द्रा ने बुधवार को किया। जिला महिला चिकित्सालय के पोस्ट पोस्टपार्टम सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि विटामिन ए की कमी से बच्चों में मुख्यतः रतौंधी सहित आँखों सम्बन्धी बीमारियाँ होती हैं। गंभीर स्थिति में आँखों की रौशनी जाने का खतरा भी होता है द्य विटामिन ए की कमी कुपोषण की एक स्थिति है। यदि बच्चा कुपोषित है तो उसकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है और डायरिया व निमोनिया जैसी बीमारियों से ग्रसित होने की संभावना बढ़ जाती है। यह दवा नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को हर छह माह के अन्तराल पर पिलाई जाती है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम हर छह माह के अन्तराल पर एक वित्तीय वर्ष में दो चरणों में चलाया जाता है। यह पहला चरण है। इस कार्यक्रम के तहत नौ माह से पांच वर्ष तक की आयु के कुल 3.3 लाख बच्चों को आच्छादित किये जाने का लक्ष्य है जिसमें नौ माह से एक वर्ष की आयु के कुल 37,421, एक से दो साल की आयु के 71,314 और दो से पांच वर्ष तक की आयु के कुल 2.19 लाख बच्चे हैं। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी.एस. अस्थाना ने बताया कि नौ जुलाई से शुरू हुआ यह कार्यक्रम नौ अगस्त तक चलाया जायेगा। इसको लेकर आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि विटामिन ए की दवा पिलाने के साथ ही बच्चे का नियमति टीकाकरण जरूर करवाएं और छह माह तक बच्चे को केवल स्तनपान कराएँ। छह माह की आयु के बाद बच्चे को पूरक पोषाहार दें। विटामिन ए पीले, हरे एवं नारंगी फलों और सब्जियों में होता है इसलिए बच्चे को इसका सेवन कराना सुनिश्चित करें जैसे कद्दू, पालक, चौलाई, आम, गाजर अदि। इस मौके पर जिला पुरुष अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पुष्पेंद्र कुमार, जिला महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. निर्मला, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अंजली सिंह, विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉ. सी.लाल, यूनिसेफ से वंदना, अस्पताल के कर्मचारी और लाभार्थी मौजूद रहे।

# कैरेटलेन ने रणनीतिक विस्तार के तहत उत्तर प्रदेश में बढ़ाई अपनी पकड

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । टाइटन कंपनी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली और भारत की अग्रणी ओम्नी-चैनल ज्वेलरी ब्रांड कैरेटलेन ने वित्तीय वर्ष 2026 के लिए अपने रणनीतिक विस्तार की योजना के तहत उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया है। ब्रांड राज्य के विभिन्न क्षेत्रों तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत है, खासकर शहरी और उभरते हुए बाजारों में लगातार बढ़ती उपभोक्ता मांग और ओम्नी-चैनल रणनीति की सफलता को ध्यान में रखते हुए।कैरेटलेन के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौमेन भौमिक ने कहा,''उत्तर प्रदेश हमारे लिए एक प्रमुख बाज़ार बनकर उभरा है – न सिर्फ जनसंख्या के लिहाज से, बल्कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में बिक्री में हो रही निरंतर वृद्धि के कारण भी। हम अब राज्य के नए शहरों में प्रवेश कर उपभोक्ताओं से संबंध गहराने और उनके आभूषण खरीद अनुभव को और बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।''वित्त वर्ष 2026 के अंत तक, कैरेटलेन उत्तर प्रदेश में 15 नए स्टोर्स की शुरुआत करेगा, जिनमें से आठ स्टोर्स टियर-2 और टियर-3 शहरों जैसे जौनपुर, आज़मगढ़, रायबरेली, मुज़फ़्फ़रनगर, सुल्तानपुर, गाज़ीपुर आदि में खोले जाएंगे। यह विस्तार रणनीति नए बाजारों में ब्रांड की मौजूदगी को और अधिक व्यापक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इसके साथ ही, कैरेटलेन आगामी सप्ताह में लखनऊ में एक नया स्टोर लॉन्च करेगा, जो न सिर्फ ब्रांड के लिए एक प्रमुख रिटेल हब बनेगा, बल्कि इस शहर में इसकी लोकप्रियता और पहुंच को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।यह विस्तार न सिर्फ उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले आभूषणों की व्यापक रेंज उपलब्ध कराएगा।

# डीडीओ ने वि.ख. अमावा में वृक्षारोपण कर अभियान का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**रायबरेली।** वृहद वृक्षारोपण महाअभियान 2025 के अन्तर्गत विकास खण्ड अमावां की ग्राम पंचायत बूढ़नपुर में निर्मित मनरेगा ग्राम वन में अरूण कुमार जिला विकास अधिकारी / उपायुक्त (श्रम, रोजगार) द्वारा पौध रोपण कर ग्राम वन में वृक्षारोपण का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अरूण कुमार जिला विकास अधिकारी द्वारा बरगद के वृक्ष का रोपण किया गया। मौके पर उपस्थित समस्त मनरेगा श्रमिक, समूह की दीदीयों तथा सामुदायिक सहयोग से ग्राम वन में सहजन, आम, बकेन, आंवला, बरगद, अमरूद अर्जुन, अकरेशिया, कंजी आदि प्रजाति के कुल 600 वृक्ष रोपित किये गये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी द्वारा समूह की दीदीयों व आवास के लाभार्थियों को 2-2 सहजन के वृक्षों का वितरण किया गया एवं वहां उपस्थित ग्रामवासियों को एक पेड़ मां के नाम रोपण हेतु दिये गये। मौके पर उपस्थित सन्दीप सिंह खण्ड विकास अधिकारी अमावां द्वारा बताया गया कि, अमावां में कुल 118986 वृक्षों का रोपण किया जा रहा है। जिसमें 03 ग्राम वन, 22 अमृत सरोवर, सहजन, पंचवटी, हरीशंकरी, बाल वाटिका, विद्यालयों में वृक्षारोपण के रूप में विभिन्न स्थलों पर वृक्षा रोपण कार्य किया जा रहा है तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के 162 एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 650 लाभार्थियों तथा जीरो पावर्टी के गरीबतम परिवारों को 2-2 सहजन के वृक्ष रोपण हेतु दिये गये। मौके पर विकास खण्ड के समस्त अधिकारी / कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, ग्राम रोजगार सेवक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# उद्यान मंत्री और एसपी ने पौध रोपण अभियान में लिया हिस्सा एक पेड़ मां के नाम का दिया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। वृहद वृक्षारोपण जन अभियान 2025 के दृष्टिगत उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव सुभाष चन्द शर्मा, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, एसपी डॉ यशवीर सिंह के साथ ग्रीकशाह का पुरवा (अहमदपुर नजूल) स्थित मियावाकि पार्क में पूजन पाठ के साथ पौधा लगाकर उपस्थित लोगों को पर्यावरण को बचाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्यान मंत्री ने उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। इससे हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुनिश्चित होगा। कोरोना काल के बाद यह और भी आवश्यक हो गया है कि धरती माता की हरितमा को बचाए रखा जाए। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा 37 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिससे कि पर्यावरण सुंदर और सुरक्षित रहे। उन्होंने उपस्थित जनता,स्कूली बच्चों और आंगनबाड़ी बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी/ प्रमुख सचिव अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण एव दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग सुभाष चन्द शर्मा ने भी बताया कि वृक्षारोपण से आर्थिक लाभ के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ भी मिलता है। उनकी देखभाल हमें अपने बच्चों की तरह करनी चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित लोगों से कहा की एक पेड़ मां के नाम के अलावा गुरु के नाम का भी लगाए। वर्तमान समय में बढ़ते तापमान को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाए और उनको संरक्षित करें। जिस प्रकार एक मां अपने बच्चों की देखभाल करती है और बच्चा बड़े होने के बाद अपनी मां की देखभाल करता है। ठीक उसी प्रकार हम सब को भी अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और अपने बच्चों की तरह उनका लालन पोषण करना चाहिए। यही पौधे वृक्ष बनाकर कल हमारे आने वाले पीढ़ियों की रक्षा करेंगे। इसके उपरांत नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव ने कुंदनगंज स्थित बिरला सीमेंट फैक्ट्री में भी पौधरोपण किया।

### डीएफओ ने दिया संदेश

डीएफओ आशुतोष जायसवाल ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष इस बार जनपद में 53 लाख 50 हजार से अधिक पौधे लगाए जा रहे हैं। सभी विभागों को पौधे उपलब्ध करा दिए गए हैं और उनका लक्ष्य निर्धारित करते हुए निर्देश दिया गया है कि अधिक से अधिक पौधे लगाए। लोगो से भी पौधे लगाने की अपील की जा रही है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धि लाल,मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी के अतिरिक्त जनप्रतिनिधि,व्यापार एवं उद्योग मंडल के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# परिवार का विकास करने वालों ने देश को भाषा और जाति के नाम पर बांटने का किया पापः मुख्यमंत्री योगी

### आजमगढ़ में सीएम योगी आदित्यनाथ, ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में की शिरकत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आजमगढ़ के विकास खंड सठियांव के केरमा गांव में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को धरती माता और जन्मदायिनी मां के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक बताया। वैदिक उद्घोष 'माता भूमिः पुत्रो?हं पृथिव्याः' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सच्चा पुत्र वही है जो अपनी मां की सेवा और रक्षा करता है।मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आजमगढ़ ने बड़े-बड़े लोगों को चुनाव जिताकर भेजा, लेकिन उन्होंने केवल अपने परिवार का विकास किया और देश को भाषा व जाति के नाम पर बांटने का काम किया।योगी ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान वर्तमान को संवारने और भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है। यह अभियान प्रदूषण, सांस की बीमारियों और कार्बन उत्सर्जन के दुष्प्रभावों से बचाने में मददगार है। उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश में 204 करोड़ पौधे रोपे गए, जिनमें से 75% से अधिक जीवित हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पांच लाख एकड़ वन क्षेत्र बढ़ा है, जिससे उत्तर प्रदेश हीट वेव से ग्रीन वेव की ओर बढ़ रहा है। यह प्रयास पर्यावरण को स्वच्छ रखने और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि आठ वर्ष पहले पांच करोड़ नर्सरियां थीं, जो अब बढ़कर 52 करोड़ हो गई हैं। किसानों को खेत की मेड़ पर पौधे लगाने के लिए प्रति परिवार छह डालर (लगभग 600 रुपये) का लाभ भी मिल रहा है।योगी ने कहा कि दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' को सांसद बनाने के बाद आजमगढ़ में महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, संगीत महाविद्यालय और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे जैसी सुविधाएं मिली हैं। साथ ही, जिले में सड़कों का जाल बिछाया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि नदियों को स्वच्छ बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य हुआ है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे एक पौधा लगाएं और उसकी सेल्फी वन विभाग को भेजें, जिसके लिए उन्हें पुरस्कार मिलेगा।

# बैंक कर्मचारियों की देशव्यापी हड़ताल

### निजीकरण और एफडीआई के विरोध में बैंकिंग सेवाएं रहीं ठप, एटीएम भी प्रभावित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




उन्नाव। जनपद उन्नाव समेत देशभर में बैंकों के कार्य ठप रहे। पंजाब नेशनल बैंक सहित अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कर्मचारियों ने एक दिन की हड़ताल कर सरकार की आर्थिक नीतियों और निजीकरण की प्रक्रिया के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। यह हड़ताल ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉयीज एसोसिएशन (इ्रऋइ) और यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (ठक्ष्ठ) के आवाहन पर की गई।आपको बताते कि यूपीबीयू (ठ.६उ.ठ) मंत्री, जिला उन्नाव ने बताया कि यह आंदोलन केवल बैंक कर्मचारियों की नहीं, बल्कि देश के मेहनतकश मजदूरों, किसानों, कामगारों और बेरोजगार युवाओं की आवाज को बुलंद करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''हमारा संगठन एकजुट होकर इस सरकार की नीतियों का विरोध कर रहा है, जो श्रमिकों और आम जनता के हितों की उपेक्षा कर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचा रही है।'' हड़ताल में बैंक कर्मियों की मुख्य मांगें थीं - 1. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और बैंकों के निजीकरण पर रोक लगाई जाए। 2. बीमा क्षेत्र में 100% एफडीआई (क्क्क) का प्रस्ताव वापस लिया जाए। 3. श्रमिक संगठनों के अधिकारों का संरक्षण किया जाए। 4. क्रोनी कैपिटलिज्म (सांठगांठ आधारित पूंजीवाद) पर लगाम लगे।

# वजीरगंज मनरेगाः एपीओ व तकनीकी सहायक की छत्रछाया में फलफूल रहा भ्रष्टाचार

**डीसी मनरेगा व वीडियो की मेहरबानी से चल रहा मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल**

**वजीरगंज ब्लॉक में मनरेगा योजना के तहत हो रहे कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार**

**डीसी मनरेगा की मेहरबानी से कई विकास कार्य केवल कागजों पर ही पूरेः सूत्र**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मनरेगा में फर्जी मस्टररोल और फर्जी भुगतान के मामले में वजीरगंज ब्लॉक का नाम सबसे पहले सामने आता था।लेकिन एक गाँव में एक कहावत कही जाती है कि तरबूज को देखकर खरबूज भी रंग बदलता है।ठीक उसी तरह वजीरगंज ब्लॉक भी उन ब्लॉकों की तरह मनरेगा कार्यों में फर्जी मास्टर रोल और उनके भुगतान में सभी ब्लाकों को पीछे छोड़ अव्वल नंबर पर अपनी जड़े जमाने में जुटा हुआ है।हम बात कर है जिले के वजीरगंज विकासखंड में जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल का खेल जारी है।सरकारी धन का बंदरबांट आलम यह है कि एक यही फोटो अलग-अलग दिन और ई।भिन्न-भिन्न कार्यों पर अपलोड की जा रही है।इतना बड़ा खेल होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं।बीडीओ,प्रधान व एपीओ,जेई समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी मनरेगा योजना को चूना लगाने में लगे हुए हैं।केन्द्र व प्रदेश सरकार मनरेगा योजना में पारदर्शिता के लिए तमाम कायदे-कानून बना रखी है,जिससे श्रमिकों को गांव में ही काम मिल सके,परन्तु जिले के वजीरगंज विकास खंड की ग्राम पंचायतो के जिम्मेदार इस योजना में तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर शासनादेश की धज्जियां उड़ाने से नहीं चूक रहे हैं।चंदापुर,अनभुला,रायपुर,अचलपुर,कादीपुर,खानपुर,खीरीडीह,कोडर,के साथ ही करनीपुर,परसापुर,महरौड़,नियामतपुर,नौबस्ता,नयपुर,रसूलपुर,व भोपतपुर इन ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना क़े कार्यों में चल रहे मस्टर रोल में अधिक मजदूरों की जगह बहुत ही कम मजदूर कार्य करते दिखाई दिए।इतना ही नहीं, हद तो यह है कि एक ही फोटो को बार-बार कई मस्टर रोल में अपलोड किया गया है।फर्जी मस्टर रोल के जरिए न सिर्फ सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है, बल्कि योगी सरकार की मंशा पर पानी फ़ेरने का भी काम किया जा रहा है।वहीं ग्रामीणों की मानें तो गांव में कराए जा रहे कार्यों पर कुछ मनरेगा मजदूर ही कार्य करते हैं,बाकी मजदूर कागजों में दिखाई देते हैं।ग्रामीणों के अनुसार, प्रधान द्वारा अपने स्वार्थ के लिए सैकड़ों की संख्या में मनरेगा योजना की लिस्ट में अपने चहेतों का नाम पहले से ही डलवा दिया गया है और उनके नाम पर भुगतान भी होता रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि अगर जिले के सम्बन्धित उच्चाधिकारी मनरेगा योजना के कार्यों का औचक निरीक्षण करें तो जमीनी सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी।

### ईमानदारी से जांच हो तो नपेंगे कई जिम्मेदार

अगर जिले के जिम्मेदार अधिकारी इन मामलों को संज्ञान में लेकर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें तो सरकार के करोड़ों रुपए गबन होने से बच जाएंगे और शायद वजीरगंज ब्लॉक भी सीबीआई जांच की जद में आने से बच जाएगा ईमानदारी पूर्वक जांच हुई तो तमाम जिम्मेदारों की गर्दनें फंस सकती हैं।

### क्या कहते हैं देवीपाटन मंडलायुक्त

इस बारे में बात करने पर देवीपाटन मंडलायुक्तशशि भूषण लाल सुशील ने कहा कि जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।वही जब पत्रकारों कीटीम ने वजीरगंज ब्लॉक क़े कई गांवों में जाकर कार्यों की सच्चाई देखी तो इक्का दुक्का कार्यों को छोड़ मजदूर तो मजदूर उस दिन गांव में क हीं कोई काम होता धरातल पर और साइड पर मजदूर नहीं दिखे और फर्जी मस्टर रोल चला रहा था।

# आईजीआरएस निस्तारण में देवीपाटन मण्डल को मिला पहला स्थान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। देवीपाटन मण्डल में आईजीआरएस के तहत आने वाली शिकायतों के निस्तारण में देवीपाटन मण्डल गोण्डा पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर है।माह और जून 2025 की मासिक रैंकिंग में मण्डलायुक्त देवीपाटन मण्डल को प्रदेश में पहली रैंक प्राप्त हुई।सन्दर्भों के निस्ता रण का प्राप्तांक प्रतिशत अस्सी से ज्यादा रहा। मात्र एक प्रतिशत से भी कम शिकायत डिफा ल्टर हुई। शिकायत निस्तारण मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकता में है।आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण,ईमानदारी,पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने पर जोर दिया।यही कारण है कि देवीपाटन को रैंकिंग में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। इस बाबत आयुक्त ने कहा कि टीम वर्क के माध्यम से शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है, इसके सार्थक परिणाम मिल रहे हैं।

# दो महीने में लड़की की बरामदगी न होने पर भूख हड़ताल व धरने पर बैठा पीड़ित परिवार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिले में दो महीने से गायब नाबालिग लड़की को नगर पुलिस अभी तक ढूंढ़ नहीं पाई है,इस बीच एसपी ऑफिस और नगर कोतवा ली का चक्कर लगाकर उसक़े पिता थक चुक़े है ,मजबूर होकर पीड़ित ने दूसरी बार जिला पंचायत सभागार के टीन सेड में अनिश्चितका लीन भूख हड़ताल व धरने पर परिवार क़ेसाथबैठ गए है।पीड़ित रोशन लाल जोगापुर, थाना कोतवाली मनकापुर क्षेत्र के रहने वाले है।उस की 16 साल की बेटी सोनिया दो महीने पहलेसिंचाई विभाग नहर कॉलोनी पडोस में रहने वाले एक व्यक्ति अंकुर निवासी निगोहरपुर खान थाना विशेश्वरगंज जिला बहराइव तथा अंशिका तैशित पुत्री पप्पू दीक्षित आरती देवी पत्नी प्रिन्श तिवारी निवासी सिचाई कालोनी में रहने वाले लोगो ने बहला फुसलाकर सात मईको सुबह भगा ले गये है।पीड़ित व्यक्ति ने घटना की जानकारी नगर कोतवाली में नामजद तहरीर नगर कोतवाली में दी थी।वही पीड़ित का आरोप है कि विपक्षीगणो के राजनैतिक दवाव के कारण एवं धन बल के बल क़े कारण तहरीर को बदलवाकर नामजद एफआईआर ना करकेगुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कर कर लिया था,वहीपीड़ित व्यक्ति लगातार दो महीने से नगर कोत वाली और अधिकारियों का चक्कर काट रहा हैवही पीड़ित कि पुत्री सोनिया दो महीने से गायब है लापता बेटी को खोजने में नगर कोतवालीपुलिस अभी तक नाकाम है इसे पुलिस की लापरवाही कहें या कुछ और लेकिन इस घटना ने परिवार की चिंता बढ़ा दी है।लापता लड़की क़े पिता रोशन लाल ने बताया कि जब भी थाने या चौकी पर जाते हैं तो हमसे कहा जाता है कि दो-चार दिन और रुकिए फिर आपकी लड़ की को बरामद कर लेंगे ऐसे कहते-कहते दो महीने से ऊपर हो गया है लेकिन अभी तक मेरी लड़की का कहीं पता नहीं चल सका है।इस वजह से पूरा परिवार गहरे सदमे में है।वहीपुलिस ने बताया कि थाना कोतवाली नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।पुलिस द्वारा अपहृता की बरामदगी हेतु सीसीटीवी फुटेज,कॉल डिटेल्स सहित अन्य वैधानिक साक्ष्यों एवं मैन्युअल इनपुट के आधा र पर सतत व प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।जैसे ही कोई जानकारी मिलेगी तो लड़की को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# एक पेड़ मां के नाम, किसान बंधु इंटर कॉलेज व मनोरमा नदी के किनारे रोपे गए पौधे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में वृक्षारोपण महाअभियान 2025 का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कि या गया है।किसान बंधु इंटर कॉलेज बालपुर में आयोजित कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ला ने भाग लिया।यहां महेश कुमार शुक्ला,महानिदेशक स्कूल शिक्षा व नोडल अधिकारी कंचन वर्मा और कटरा विधायक बावन सिंह ने पौधारोपण किया,मेहनौन से भाजपा विधायक विनय कुमा र द्विवेदी,जिला अधिकारी नेहा शर्मा और मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने भी पौधे लगाए,जिले को इस वर्ष 57 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है।वन विभाग को अकेले सोल ह लाख पौधे लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने अलग-अलग पौधों का रोपण किया।गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ला ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण को सुंदर बनाने के लिए शुरू किया गया है।नोडल अधिकारी कंचन वर्मा ने बताया कि जगह-जगह लोग पौधारोपण कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं।जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को आगे आना होगा।उन्होंने लोगों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कम से कम एक पेड़ लगाने का आग्रह किया।भाजपा विधायक बावन सिंह और विनय कुमार द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिर्फ एक ही उद्देश्य है कि हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहे हम लोग भी सुरक्षित रहें।एक पेड़ मां के नाम अभियान की इसलिए शुरुआत की गई ताकि वह पेड़ जब बड़ा होगा तो लोगों को अपने मां के नाम की जरूर याद आएगी।मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि जितने भी पौधारोपण जिले में किया जा रहे हैं सभी की जियो टैगिंग भी कराई जा रही है।सभी को सुरक्षित रखने के लिए वन विभाग को निर्देश दिया गया है ताकि हमारा पर्यावरण स्वच्छ, सुंदर और हराभरा रहे।

# प्रो. अमन चंद्रा हुईं एलबीएस कॉलेज की मुख्य नियंता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में मध्यकालीन इतिहास की विभागाध्यक्ष और माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो.अमन चंद्रा को महाविद्यालय के मुख्य नियंता पद पर नियुक्त किया गया है।महाविद्यालय के इतिहास में यह पहली बार हुआ कि किसी महिला प्राध्यापक को मुख्य नियंता पद पर आसीन किया गया है। इसके पूर्व प्रो.राज बहादुर सिंह बघेल मुख्य नियंता थे,उनकी सेवानिवृत्ति के उपरांत प्रो. अमन चंद्रा को उक्त पद पर नियुक्त किया गया है।कॉलेज के प्राचार्य प्रो.रवीन्द्र कुमार ने मुख्य नियंता पद का नियुक्ति पत्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं।मुख्य नियंता को कुलानु शासक,मुख्य अनुशासन अधिकारी और आंग्ल भाषा में चीफ प्रॉक्टर भी कहा जाता है।महा विद्यालय या विश्वविद्यालय में मुख्य नियंता का कार्य विद्यार्थियों में अनुशासन बनाना है।प्रो. अमन चंद्रा इतिहास विभाग की अध्यक्ष होने के साथ ही शोध निर्देशक के रूप में कई विद्या र्थियों को शोध कार्य का निर्देशन कर रही हैं। मुख्य नियंता पद का दायित्व स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि यद्यपि महाविद्यालय के विद्या र्थी स्वतः अनुशासित हैं,फिर भी आवश्यकता नुसार विद्यार्थियों में अनुशासन की चेतना का प्रसार करने के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध रहूँगी। इस अवसर पर प्रो.बी.पी.सिंह,प्रो.राज बहादुर सिंह बघेल,प्रो.राम समुझ सिंह,प्रो.शैलेन्द्र नाथ मिश्र,प्रो.संदीप श्रीवास्तव,प्रो.मंशाराम वर्मा,प्रो. शशिबाला,प्रो.जय शंकर तिवारी,पवन कुमार सिंह,डॉ.वंदना भारतीय,डॉ.अरुण प्रताप सिंह, डॉ.रचना श्रीवास्तव,डॉ.ममता शुक्ला,शरद कुमार पाठक इत्यादि शिक्षकों ने प्रो.अमन चंद्रा को बधाई दी।

## तोड़-फोड़ के जोड़ पर आधारित नवाचार कार्यशाला का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा महाराज सिंह इंटर कॉलेज में ''तोड़-फोड़ के जोड़'' विषय पर आधारित नवाचार कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराज सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संतोष शुक्ला एवं आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ के शिक्षा अधिकारी विकास उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य सत्र में महाराज सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संतोष शुक्ला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि देखने और सोचने का एक दृष्टिकोण है। ''तोड़-फोड़ के जोड़ प्रयोगशाला'' जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से परे जाकर वस्तुनिष्ठ रूप से सीखने का अवसर प्रदान करती हैं। जब कोई छात्र किसी मशीन को स्वयं खोलता है, उसके पुर्जों को समझता है और फिर उसे पुनः जोड़ता है, तब वह केवल यांत्रिक प्रक्रिया नहीं सीख रहा होता, बल्कि वह विश्लेषण, समस्या समाधान, अनुशासन और रचनात्मकता जैसी जीवन उपयोगी क्षमताएँ भी विकसित कर रहा होता है।

# विद्यालय मर्जर के विरोध में शिक्षकों ने धरना देकर सरकार को चेताया

**अस्तित्व बचाने के लिए शिक्षक हुए लामबंद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्कूल मर्ज करने के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर सभी जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन के क्रम में आज गोरखपुर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन 11:00 बजे से आयोजित हुवा। जिसमें भारी संख्या में उपस्थित होकर शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक,रसोईया स्कूल मर्ज करने के आदेश को वापस लेने की मांग का नारा लगाते रहे। 01 बजते बजते सिटी मॉल रोड पूरी तरह से जाम की स्थिति में हो गया था जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय छोटा पड़ गया।

अध्यापक उत्साह पूर्वक स्कूल मर्ज करने के विरोध में लगातार नारेबाजी करते रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजेश धर दुबे ने कहा की सरकार जानबूझकर गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित करने के लिए इस कार्यों स्कूलों को मर्ज कर रही है गरीबों के बच्चे या तो दूर जाकर शिक्षण कार्य नहीं करें या तो नजदीक के मान्यता प्राप्त विद्यालयों में मजबूत होकर भारी फीस लेकर के नामांकन करने को मजबूर करेंगे।

इस विशाल धरने को संबोधित करते हुए जिला मंत्री श्रीधर मिश्रा ने कहा कि इस धरने को माध्यमिक शिक्षक संघ ,गुआक्टा,शिक्षामित्र संगठन, अनुदेशक संगठन, रसोईया संघ ने भी समर्थन दिया है।उन्होंने कहा की सरकार ने विद्यालय मर्ज करके टद्धक कानून का उल्लंघन किया है जिस कारण विद्यालयों के अभिभावक, आम जनता एवं शिक्षक सभी आंदोलित हैं।सरकार को शीघ्र ही अपना आदेश वापस ले लेना चाहिए,श्री मिश्रा ने कहा की प्रदेश सरकार की निर्देश पर वर्तमान में स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा है जिससे सभी विद्यालयों में अति शीघ्र 50 से अधिक बच्चे नामांकित हो जायेंगे। आज के विशाल धरने को संबोधित करते हुए गोरखपुर मंडल के मांडलिक संगठन मंत्री एवं जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र ओझा ने कहा की सरकार जानबूझकर गरीबों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का प्रयास कर रही है।आज की शहरीकरण के दौर में और जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूकता होने से यदि किसी विद्यालय के सेवित गांव में केवल 10,20,30 बच्चे पढ़ने योग्य हों तो भारत का कौन सा संविधान उन बच्चों को भी अपने गांव में पढ़ने के अधिकार से वंचित नहीं करता है। श्री ओझा ने कहा कि जो सरकार आजादी के बाद से आज तक प्राथमिक विद्यालयों में अब तक कुर्सी बेंच नहीं उपलब्ध करा पाई है वह सरकार वाहनों से बच्चों को मर्जर विद्यालयों में पहुंचाने का यदि दावा करती है वह निश्चित रूप से ढकोसला साबित होगा।मुख्यमंत्री को सम्बोधित स्कूल मर्जर रोकने,हेडमास्टर को सरप्लस करने से रोकने,शिक्षकों पदोन्नति करने,चिकित्सा सुविधा, ई यल अवकाश, पुरानी पेंशन सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को ज्ञापन दिया गया।शिक्षकों को बी यल ओ बनाकर शिक्षण अलग करने से रोकने हेतु भी ज्ञापन दिया गया।

धरने को गुआक्टा के महामंत्री निरंकार राम त्रिपाठी,माध्यमिक शिक्षक संघ के मांडलिक मंत्री ज्ञानेश कुमार राय,पूर्व जिला अध्यक्ष दिग्विजय नाथ पांडेय,जिला मंत्री देवनाथ राय,प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य श्रीकृष्ण सिंह, अरबिंद चौरसिया ने भी संबोधित किया। 11:00 से 2:00 बजे तक जिले के कोने-कोने से आए लगभग 7000 की संख्या में शिक्षक उत्साह पूर्वक नारेबाजी करते हुए पूरे समय तक धरने में बैठे रहे। और सरकार से स्कूल मर्जर आदेश वापस करने और अपनी मांगों के समर्थन में नारा लगाते रहे। इस धरने को संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरेंद्र राय,कोषाध्यक्ष सुधांशु सिंह,उपाध्यअक्षनिल पाण्डेय, राजेश पांडेय समेत अन्य प्रतिनिधियों ने भी सम्बोधित किया।

## पर्यावरण संरक्षण में किसान बने भागीदार कृषि विज्ञान केंद्र ने बांटे पौधे



नानपारा, बहराइच। एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया। इस पहल के तहत केंद्र परिसर एवं किसानों के प्रक्षेत्रों पर पौधारोपण किया गया और गांव के सैकड़ों किसानों को औषधीय एवं फलदार पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. संदीप कुमार ने किया। उनके साथ वैज्ञानिक डॉ. पी. के. सिंह, श्रीमती रेनू आर्य, उमेश कुमार, संदीप कुमार, सुनील कुमार और डॉ. एस. बी. सिंह सहित केंद्र के अन्य सदस्यों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को पौधों की देखभाल, सिंचाई की विधियाँ और रोग नियंत्रण के उपायों की तकनीकी जानकारी भी दी। किसानों ने इस प्रयास को एक सकारात्मक और दूरदर्शी पहल करार देते हुए सराहना की। वितरित पौधों में आंवला, अमरूद, नींबू, सागवान, बेल और सहजन जैसी प्रमुख फलदार एवं औषधीय प्रजातियाँ शामिल रहीं, जो न केवल आय का स्रोत बनेंगी बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की हरियाली और पारिस्थितिकी को भी सुदृढ़ करेंगी। मौजूद किसानों ने पर्यावरण संरक्षण के इस प्रयास को सराहा और पौधरोपण में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। इस पहल का उद्देश्य न केवल हरियाली को बढ़ावा देना है।

# प्रा.स्वा. केन्द्र विशुनपुर बैरिया में उम्मीद परामर्श केंद्र का हुआ शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। परिवार नियोजन की सेवाओं को और भी बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पी.एफ. आई )तथा मोबियस फाउंडेशन के सहयोग से उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा हैं।इस क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विशुनपुर बैरिया,ब्लॉक पंडरी कृपाल में उम्मीद परामर्श केंद्र स्थापित किया गया।उक्त परामर्श केंद्र पर परिवार नियोजन सहित अन्य सेवाओं से संबं धित लाभार्थियों को परामर्श की सेवा प्रदान की जाएगी।उम्मीद परामर्श केंद्र का उद्घाटन अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (आर.सी.एच.) द्वारा करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विशुनपुर बैरिया,पंडरी कृपाल में आने वाले समस्त योग्य दम्पत्तियों को प्रशिक्षित काउंसलर द्वारा प्रत्येक दिन परामर्श की सेवाएं दी जाएँगी,इससे कार्य क्रम की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।जिसमे हर इच्छुक दंपति को परिवार नियोजन की सेवाएं प्रदान की जाएं और अधिक से अधिक लोग परिवार नियोजन के साधनों का लाभ उठाएं।यह स्वास्थ केंद्र प्रसव इकाई भी है। निश्चित रूप से यहां के लाभार्थियों को इसका लाभ मिलेगा।परिवार नियोजन परामर्श का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वस्थ्य को बेहतर करना है,चिकित्सालय में आने वाले लोगों में से 15 से 49 आयु वर्ग के महिला एवं पुरुषों को बच्चो में अंतर रखने के साधन जैसे की अन्तरा इंजेक्श न, छाया गर्भ निरोधक गोली तथा स्थायी साध न जैसे महिला एवं पुरुष नसबंदी आदि सभी सुविधायें प्रभावी रूप से दी जानी है,पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया से स्मिता व अमरीश कुमार पाण्डेय क़ेद्वारा बताया गया कि द्वितीय चरण में चिन्हित ब्लॉकों के चिन्हित नौ प्राथमि क स्वास्थ्य केन्द्रों में से 09 जुलाई 2025 को जनपद के पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उम्मीद परामर्श केंद्र स्थापित किया गया हैं।अप र मुख्य चिकित्साधिकारी ने उम्मीद परामर्श केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया और बताया कि परिवार नियोजन परामर्श बहुत ही आवश्यक है तथा इस केंद्र के माध्यम से समस्त इच्छुक दंपतियों को परिवार नियोजन की गुणवत्ता परक सेवायें उपलब्ध करायी जाएंगी जिससे दंपत्ति अपने बच्चों में कम से कम तीन वर्षों का अन्तर रख सकें जोकि बहतर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए महत्तवपूर्ण है जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक डॉ आरपी सिंह द्वारा बता या गया कि 11 जुलाई 2025 से शुरू होने वा ले विश्व जनसँख्या दिवस पखवाड़े के दौरान वृहद रूप से आशा कार्यकत्रियों द्वारा योग्य दम्पतियों को परिवार नियोजन सेवाओं हेतु प्रेरित कर स्वास्थ्य इकाई पर लाया जाएगा तथा इसके उपरान्त प्रत्येक दिवसों में योग्य दम्पतियों को निरंतर रूप से परिवार नियोजन सेवाएं प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा उपलब्ध कराई जाएँगी,उक्त अवसर पर शैलेन्द्र त्रिपाठी बीपीएम किरण गुप्ता बीसीपीएम,प्रदीप कुमार सिंह फार्मासिस्ट,अमरावती वर्मा एएनए,रेशम पाण्डेय एलटी,जय प्रकाश वर्मा,दुर्गेश कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए करें पौधारोपणः राजेश वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइच। आईपीएल चीनी मिल परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मुख्य अथिति के रूप में पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा व जिलाधिकारी मोनिका रानी उपस्थित रही।मिल परिसर में एक पेड़ मां के नाम लगने के बाद उदभव शिक्षा निकेतन के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा किसानों की समस्या पर नाटक प्रस्तुत किया गया। बच्चों के बेहतर प्रदर्शन पर मुख्य अतिथि व डीएम के द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने कहा बहराइच जिले में 80 लाख 59 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।पौधे रहेंगे तभी हमारा जीवन रहेगा। एक पौधा मां के नाम का उद्वेश्य है जिस तरह हम अपनी मां की सेवा करते है ठीक उसी प्रकार से पेड़ पौधे की सेवा करेंगे तभी पौधा सुरक्षित रहेगा।कार्यक्रम में एसपी राम नयन सिंह,डीएफओ बहराइच, सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह,खंड विकास अधिकारी जरवल राहुल पांडे, ब्लाक प्रमुख विपेंद्र सिंह, आईपीएल महाप्रबंधक टी.एस.राणा, प्रदीप जायसवाल, पवन वर्मा, सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं,एनसीसी के बच्चे उपस्थित रहे।

# जीएसटी सम्बंधित समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने वित्त मंत्री को भेजा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जीएसटी सम्बंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के आवाहन पर पीलीभीत ज़िला अध्यक्ष एम ए जिलानी के निर्देश पर पीलीभीत के नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक एवं युवा ज़िला अध्यक्ष शैली शर्मा के नेतृत्व में उद्योग व्यापार प्रीतिनिधि मंडल के दर्जनों पदाधिकारियों ने जीएसटी में आ रही समस्याओं को लेकर माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण वित मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर पीलीभीत को सौंपा।ज्ञापन में उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल द्वारा मांग कि गई है कि जीएसटी विभाग के अधिकारियों द्वारा कि जा रही कार्रवाई से व्यापारी अत्यंत कठिनाईयों से गुज़र रहे हैं! जीएसटी आर फाईल (1) करते समय बी (2) व बी (2) के लिए एच, एस, एन समरी अलग अलग मांगी जा रही हैं जिस पर रोक लगाई जानी अति आवश्यक है! सैन्ट्रल जीएसटी कार्यालय द्वारा (2019-20-2020-21)2021-22-2022-23 एंव 23-24 तक के पांच वर्षों कि सूचनाऐं व डोकोमेन्ट के लिए 15 दिनों का समय देकर मांगे जा रहे हैं ज्ञापन में बताया गया फिज़िकल आडिट के लिए टीमें बनाकर व्यापारियों के कार्यालय पर भेजी जा रही हैं! जबकि अधिकांश के निर्धारण पूर्व में हो चुके हैं बार बार नोटिस व आडिट किये जाने से व्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा है जिस पर रोक लगाई जाए जीएसटी रजिस्ट्रेशन सरेन्डर करने के बावजूद और जीएसटी आर अपलोड किये जाने के बाद भी व्यापारियों को कार्यालय में बुलाने के लिए जीएसटी आर 10 करने के नोटिस भेजें जा रहे हैं ! सचल दस्तो के द्वारा पूरा टैक्स जमा होने के बाद भी तकनीकी आधार पर (मानवीय भूलो) अनावश्यक कमियाँ निकालकर जुर्माना जमा कराया जा रहा है! आगे बताया गया जीएसटी अधिनियम में 40 लाख रू तक का व्यापार करने वाले व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन में छूट प्राप्त है विभागीय अधिकारी टारगेट पूरा करने के लिए कम टर्न ओवर करने वाले व्यापारियों को भी रजिस्ट्रेशन कराने के लिए बाध्य कर रहे है! जीएसटी स्लैब अधिक होने से कारोबार करने में कठिनाई आती है जीएसटी के दरो कि स्लैब कम कि जाए ! एस, आई, बी जांच व सर्वे के समय व्यापारी को भारी धनराशि कर के रूप में जमा के लिए बाध्य किया जाता है! विभिन्न प्रकार के नोटिस भेजकर व्यापारियों को कार्यालय बुलाया जा रहा है ! अकारण व्यापारियों को कार्यालय बुलाने पर भी रोक लगाई जानी चाहिए उक्त मांगो लेकर व्यापार प्रतिनिधिमंडल द्वारा वित्तमंत्री को ज्ञापन भेजा गया है।नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक ने कहा जिस प्रकार जीएसटी को लेकर व्यापारियों के सामने जो समस्याएं आ रही उन समस्याओं के समाधान के लिए व्यापार प्रतिनिधिमंडल हर सम्भव प्रयास कर रहा है और करता रहेगा !

युवा जिला अध्यक्ष शैली शर्मा ने कहा जीएसटी के स्लैब कम किए जाए अधिकतम जीएसटी स्लैब 18 परसेंट से अधिक नहीं रखें जाए शैली ने कहा उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल हमेशा व्यापारियों के हितो कि लड़ाई लड़ता आया है और आगे भी लड़ता रहेगा।

ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक के अलावा ,युवा जिला अध्यक्ष शैली शर्मा , नगर महामंत्री राशिद अंसारी ,राम स्वरूप मौर्य,उज्जवल वर्मा ,ऋषभ सिंह ,आर के शर्मा एडवोकेट,गौतम गोहा,ममनून,शाहबाज अहमद,अभिलाष गुप्ता ,हरीश सिंह,राजीव राय,शलभ गंगवार ,नीरज श्रीवास्तव उपस्थित रहे ।

# महिला आयोग की सदस्य ने एसडीएम और नायब तहसीलदार के साथ की धान रोपाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान आज संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की गहनता से समीक्षा करते हुए संबंधित चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और समाधान का भरोसा दिलाया। डॉ. मौर्या ने निरीक्षण के दौरान एनआईसीयू (नवजात गहन चिकित्सा इकाई), डायलिसिस कक्ष, आपातकालीन वार्ड, महिला वार्ड और चिकित्सक कक्ष समेत अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरओ वाटर कूलर खराब स्थिति में पाया गया, जिस पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को तत्काल नया वाटर कूलर लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में लगे अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी डेट समाप्त हो चुकी थी, जिन्हें बदलवाने और नए अग्निशमन यंत्र लगवाने के निर्देश भी मौके पर दिए। इस अवसर पर महिला आयोग की सदस्य ने ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' योजना के अंतर्गत पांच नवजात बच्चियों के अभिभावकों को बेबी किट वितरित किए और उन्हें बालिका शिक्षा व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यह पहल बेटियों के सम्मान और भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है। उन्होंने माताओं से संवाद करते हुए उन्हें बालिकाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की अपील की। निरीक्षण के पश्चात डॉ. मौर्या ने विकास खण्ड गौरीगंज के ग्राम बिशुनदासपुर में कृषक बद्री विशाल श्रीवास्तव के खेत में पहुंचकर पारंपरिक तरीके से धान की रोपाई की। ग्रामीण महिलाओं संग खेत में उतरकर उन्होंने खेती किसानी के महत्व को रेखांकित किया और महिलाओं की मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में महिलाएं खेती-किसानी से लेकर घर परिवार की जिम्मेदारी तक हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य, नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी, महिला थानाध्यक्ष कंचन सिंह समेत कई अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# वृक्षारोपण के लिये बच्चों के साथ अभिवावकों को भी करें प्रेरित : हरिओम तिवारी



तिलोई अमेठी, ब्लाक संसाधन केन्द्र सिंहपुर के प्रांगण में आयोजित वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत बुधवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा वृक्षारोपण किया गया जिसमें विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष रोपित किये गये।खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कहा कि वृक्ष धरती के आभूषण है जो दूर करते प्रदूषण है।प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे पौधरोपण उपक्रम में ब्लाक संसाधन केन्द्र के साथ ही कम्पोजिट विद्यालय सिंहपुर के प्रांगण में खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी व प्रधानाध्यापक मोहम्मद अनीस द्वारा पौधरोपण किया गया।बीईओ हरिओम तिवारी ने कहा कि जिस तरह प्रदूषण बढ़ता जा रहा है वातावरण जहरीला हो रहा है इसका एक ही उपाय है कि अधिक से अधिक पेड़ लगाये जाय।उन्होंने सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुये कहा कि पौधरोपण का यह कार्यक्रम आने वाली पीढ़ी के लिये वरदान साबित होगा।यह यज्ञ के समान पुण्यकार्य है और इसे सभी को मिलकर पूरा करना चाहिये।उन्होंने कहा कि इन पौधों की देखभाल भी हम सबकी जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि आम जनमानस के साथ ही साथ बच्चों व अभिवावकों को भी वृक्षारोपण के लिये प्रेरित किया जायेगा।इसीक्रम में कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई में प्रधानाध्यापक विकल्प श्रीवास्तव के साथ ही शिक्षक ओंकार पाण्डेय, सुरेन्द्र पाण्डेय ने पौधरोपण किया।इसके साथ ही प्राथमिक विद्यालय टिकरी,खेखरुआ,रुकुनपुर,राजा फत्तेपुर,दांदूपुर, डांगी बरवलिया,मोतीगंज में प्रधानाध्यापकों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।इस मौके पर शिक्षक नेता सत्येन्द्र तिवारी, श्याम बहादुर सिंह, उबैद अहमद, जितेन्द्र नाथ त्रिवेदी, धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# परिषदीय विद्यालय पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी किया पौधारोपण

**रम्मपुरा नत्थू के प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जयकिरण के नेतृत्व में किया गया पौधारोपण सभी से पौधे लगाने की करी अपील**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। विकासखंड बरखेड़ा की ग्राम पंचायत रम्मपुरा नत्थू में स्थित प्राथमिक विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्राथमिक विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जयकिरण ने पर्यावरण को स्वच्छ हरा-भरा एवं संतुलित रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण कर उसे बचाने का प्रयास करना चाहिए बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया साथ ही विद्यालय के बच्चों से भी अपने घर में एक



पेड़ मां के नाम लगाने की बात कही पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड शिक्षा अधिकारी बरखेड़ा सहित विद्यालय का स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित रहे है।

## श्रद्धा महा सावन की 1100 पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक का किया जाएगा आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।1100 पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक पूजन श्रावण के पवित्र महीने के प्रथम सोमवार को वरगदिया नाथ शिव मंदिर एकोत्तरनाथ मंदिर मार्ग गोमती पुल के पास 1100 पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक का आयोजन होने जा रहा है।मातंगेश्वर धाम आश्रम गुरुकुल के पीठाधीश्वर आचार्य विपिन महाराज ने बताया जिसकी श्रृंखला में 13 जुलाई दिन रविवार को 9 बजे प्रातः श्री रामचरित मानस पाठ आरम्भ होगा और यजमान एवं शिव भक्तों और काशी वृंदावन से आए हुए आचार्यों द्वारा शिवलिंग निर्माण कराया जायेगा 14 जुलाई दिन सोमवार को काशी वृंदावन से आए हुए 51 आचार्यों के द्वारा 108 यजमानों के सहित रुद्राभिषेक होगा आरती के बाद फलाहार भंडारे का भी आयोजित किया जाएगा।

## ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने किया पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड मरौरी की ग्राम पंचायत औरैया में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप पहुंची मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, खंड विकास अधिकारी लियाकत अली,ग्राम प्रधान निर्मला राजपूत, ग्राम पंचायत अधिकारी मनोरंजन सिंह, रवि नेगी, धर्मपाल, शांति स्वरूप,ओम प्रकाश वर्मा, जेई नरेंद्र जैसल एव सम्मानित ग्राम वासी उपस्थित रहे

## इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी ने नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा नव निर्मित गांधी पार्क में पौधारोपण किया

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्लब की अध्यक्ष कल्पना गुप्ता ने नगर के बीच स्थित गांधी पार्क में विभिन्न प्रकार के पौधे लगवाए साथ ही इनर व्हील ब्रांडिंग के लिए वहां पोल भी लगवाया उन्होंने कहा इस महीने और कई स्थान पर पौधारोपण करके पर्यावरण को सुरक्षित किया जायेगा।इस कार्य क्रम में क्लब की चार्टर अध्यक्ष सलोनी गुप्ता ,आई पी पी पूनम गुप्ता ,उपाध्यक्ष रिंकी गुप्ता पूर्व अध्यक्ष सीमा गुप्ता ,आई एस ओ राजविंदर कौर ,मिताली गुप्ता , मीना रस्तोगी,निधि वर्मा, आदि सदस्य उपस्थित रहे नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता का विशेष सहयोग रहा हैं।

## प्रसाद टॉकीज में जादूगर सम्राट अजूबा शो का होगा आज शुभारंभ

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र वासियों के लिए खुशखबरी है। अब आपको नगर के ही प्रसाद टॉकीज में जादूगर सम्राट अजूबा शो का शुभारंभ गुरुवार को होगा। टॉकीज में इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। फुल एसी में यहां आने वाले दर्शक जादूगर के कारनामों का लुफ्त उठा सकेंगे। 10 जुलाई शाम 7 बजे शो का शुभारंभ होगा। इसमें मुख्य अतिथि पूरनपुर विधायक बाबू राम पासवान और विशिष्ट अतिथि चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता होंगे।जादूगर सम्राट अजूबा के प्रबंधक बंटी नीनामियां बताया गुरुवार को माधोटांडा क्रासिंग के पास प्रसाद टाकीज में जादूगर सम्राट अजूबा के विश्व प्रसिद्ध इंद्रजाल शो का भव्य आगाज़ होगा। जादूगर सम्राट अजूबा ने बताया कि शो में पल पल एक नया चमत्कार और नए नए बदलते ड्रेस मे जादूगर का मंच पर आना। कभी लड़की को मंच पर बुलाकर हवा में झुलाया तो कभी सुंदर सी लडकी को खूंखार गोरिल्ला बनाकर सभी को हतप्रभ कर देना एक कला है। शो के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशे से दूर रहे, अपराध ना करें, पाखंडी बाबाओं से सावधान रहे जैसे अनेक संदेश भरे करतब को दर्शकों को दिखाया जाएगा।

## ब्लॉक परिसर में किया पौधारोपण उपस्थित रहे दर्जनों ग्रामीण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड की ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात में ग्राम प्रधान रहनुमा बेगम एवं सचिव अवनीश कुमार के निर्देशन मे मनरेगा योजना के अंतर्गत पूरनपुर देहात में स्थित ब्लॉक परिसर में पौधारोपण किया गया है। पौधारोपण कार्यक्रम में रोजगार सेवक लतीफ अहमद सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे है।

## जायस में करंट लगने से बुजुर्ग महिला की मौत तो बेटा बहू और बेटी हुई घायल

जायस अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जायस क्षेत्र के वार्ड संख्या सात मौलवी खुर्द गांव में बुधवार को बारिश का पानी एक गरीब परिवार के लिये काल बनकर आया। कच्चे मकान में बारिश का पानी निकालने के दौरान करंट लगने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्य झुलस गये हैं जिन्हें सीएचसी फुरसतगंज से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना जायस क्षेत्र के वार्ड संख्या सात मौलवी खुर्द निवासिनी पचपन वर्षीय कलावती देवी अपने कच्चे मकान में बारिश का पानी निकाल रही थी। इसी दौरान बिजली का तार टूटकर उनके ऊपर गिर गया। करंट की चपेट में आकर वह तड़पने लगीं। यह देख उनका बेटा आशीष कुमार, बहू शिवानी कुमारी बेटी रोशनी उन्हें बचाने दौड़े लेकिन वे भी करंट की चपेट में आकर घायल हो गये। शोरगुल सुनकर पड़ोसियों ने बिजली का कनेक्शन काटकर परिवार को बचाया। घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी फुरसतगंज ले जाया गया जहां पर कलावती देवी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि बेटे, बहू और बेटी को प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को रायबरेली जिला अस्पताल रेफर किया गया है।बताया जाता है कि बेटी रोशनी की हालत गम्भीर बनी हुई है जबकि बेटे और बहू की हालत स्थिर है।कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मृतका के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया गया है।

## शिक्षक अपने प्रत्यावेदन कार्यालय में सीधे उपलब्ध कराएं : उपेंद्र गुप्ता

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता के द्वारा शिक्षको और कर्मचारियों की समस्या के समाधान के लिए जारी किया पत्र। जिसमें शिक्षको और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने समस्त साक्ष्यों एवं अभिलेखों सहित अपना प्रत्यावेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सीधे प्राप्त करायें। सम्बन्धित शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा प्राप्त कराये जाने वाले प्रत्यावेदन के क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा तत्काल नियमानुसार वेतन का भुगतान किया जा सके और इस आदेश की प्रति तत्काल सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी के ई-मेल आईडी पर प्रेषित की जा रही है। और समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने वेतन भुगतान एवं अन्य पावनों के भुगतान हेतु अपने प्रत्यावेदन, प्रार्थना पत्र पर अपना ई-मेल आईडी एवं अपना व्हाट्सएप मो नं एवं साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरी के ई-मेल आईडी थ्पथ.पफ्यथ्द्वध्क्ष्अद्दथद्दद्य.दधद्व पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे सम्बन्धित के प्रत्यावेदन के क्रम में नियमानुसार किये गये आदेश की प्रति सम्बन्धित शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी को भी उपलब्ध कराया जा सके।

# सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी को तीन स्कूलों में चार शिक्षक मिले नदारद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की मनमानी थमने का नाम नही ले रही है यहां पर देर से आना जल्दी जाना इनकी आदत में शुमार हो गया है। बुधवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में चार सहायक अध्यापक एक शिक्षामित्र के साथ ही एक अनुचर अनुपस्थित पाया गया है जिसकी रिपोर्ट बीईओ ने बीएसए को भेज दी है। बीईओ के औचक निरीक्षण से परिषदीय विद्यालयों में खलबली मची रही।सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री के साथ ही शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी और डीएम सीडीओ एसपी समेत अन्य तमाम अफसर क्षेत्र में भले ही मौजूद रहे हों लेकिन गुरुजी अपनी मनमानी से बाज नही आ रहे हैं।विकास क्षेत्र सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने बुधवार को कम्पोजिट विद्यालय तोता नगर का जब औचक निरीक्षण किया तो वहां का नजारा देख कर उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई यहां पर एक दो नही बल्कि कई शिक्षक नदारद मिले जिस पर बीईओ ने नाराजगी जताई है। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने बताया कि कम्पोजिट विद्यालय तोता नगर में कार्यरत सहायक अध्यापक मुकेश कुमार,मंजू देवी, ममता रानी अनुदेशक विजय कुमार के साथ ही अनुचर सुमन अनुपस्थित पाई गई।प्राथमिक विद्यालय रुकुनपुर में कार्यरत सहायक अध्यापक अमित आनंद अनुपस्थित पाये गये।कम्पोजिट विद्यालय दांदूपुर में कार्यरत शिक्षा मित्र सरोजनी शुक्ला अनुपस्थित पाई गई है। इसके बाद खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने प्राथमिक विद्यालय गोधना का निरीक्षण किया तो वहां पर समस्त शिक्षक मौजूद रहे। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी द्वारा प्रधानाध्यापक को विद्यालय प्रांगण की साफ सफाई कराये जाने का निर्देश दिया गया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने अपनी जांच आख्या बीएसए को भेज दी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों के निरीक्षण के लिये समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# गुरु पूर्णिमा पर बाबा नींव करौली की झंडी यात्रा निकली झमाझम बारिश में उमड़ा भक्ति का सैलाब भजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को शहर में आध्यात्मिक आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। झमाझम बारिश के बीच श्री बालाजी ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार, काशीराम कॉलोनी ईदगाह की ओर से बाबा नींव करौली की पारंपरिक झंडी यात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिले ही नहीं, बल्कि दूर-दराज़ से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लेते हुए गुरु की महिमा का गुणगान किया और बाबा के भजनों पर जमकर झूमे।सुबह दस बजे कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर में बाबा नींव करौली की ज्योति जलाकर, ध्यान और पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद बाबा को बैंड-बाजे के साथ रथ पर विराजित किया गया। नगर पंचायत चेयरमैन संदीप कौर ने विधिवत आरती उतारकर झंडी पूजन किया और यात्रा को रवाना किया।यात्रा बालाजी दरबार से प्रारंभ होकर वार्ड नंबर छह, रेलवे क्रॉसिंग होते हुए रोडवेज स्थित बालाजी मंदिर तक पहुंची। इस दौरान श्रद्धालु हाथों में झंडियां लिए झूमते-गाते चल रहे थे। बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच ढोल-नगाड़ों की गूंज और बाबा की जयकारों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बालाजी मंदिर में पहुंचकर बालाजी महाराज को चोला चढ़ाया गया और झंडी समर्पित की गई।यात्रा की पूर्णाहुति बालाजी दरबार लौटकर हुई, जहां श्रद्धालुओं ने अपनी-अपनी झंडी बाबा के चरणों में अर्पित की। शाम सात बजे दरबार को भव्य रूप से सजाया गया। स्तुति वंदना, आरती और भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं ने बाबा नींव करौली व बालाजी महाराज का स्मरण करते हुए मनौती मांगी। इस अवसर पर महंत विशाल सेवक ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों से अपील की कि वे एक पेड़ अपनी मां के नाम पर अवश्य लगाएं। उन्होंने बताया कि झंडी यात्रा का विधिवत पूजन कर समर्पण कराया गया है। गुरुवार को बाबा नींव करौली का महायज्ञ एवं विशेष दरबार का आयोजन होगा।कार्यक्रम में सरोज सक्सेना, मुकेश कुमार, रवि रत्नाकर, चिराग सैनी, वीरू गुप्ता, मोहक, अनुज, नीलू, कविता, ऋषभ, विकास गंगवार, अंशु, लव, अनिकेत समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

# जीनियरिंग संकाय में वर्कशॉप का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर कैम्पस स्थित इंजीनियरिंग संकाय में संस्थान के प्लेसमेंट सेल के द्वारा छात्रों एवं शिक्षकों के लिए संस्थान परिसर स्थित सेमिनार हाल में ' वर्चुअल लैब पर दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया । इस वर्कशॉप में आईआईटी दिल्ली के सीनियर एक्जीक्यूटिव ट्रेनर जस्सी प्रसाद तथा शनि कुमार द्वारा शिक्षकों तथा छात्र छात्राओं को इंजीनियरिंग के लैब पाठ्यक्रम को वर्चुअल मोड में सिखाया गया । उपस्थित ट्रेनर ने प्रत्येक ब्रांच इलेक्ट्रॉनिक्स , मेकैनिकल, सिविल, तथा कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के प्रयोगों की वर्चुअल प्रक्रिया को विस्तार से बताया । इस वर्कशॉप के आयोजन पर संस्थान के निदेशक प्रो.(डा.) डी.एस. पुन्डीर ने कहा कि इससे कोरोना जैसी आपदाओं में भी लैब का प्रयोगात्मक कार्य वर्चुअल लैब तकनीक के माध्यम से छात्र एवं शिक्षक आसानी से करा सकते हैं । संस्थान के डीन एकेडमिक रत्नेश सिंह ने आज के तकनीकी युग में इसे छात्रों की समझ विकसित करने का महत्वपूर्ण साधन बताया इस अवसर पर संस्थान के प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डा. मृत्युंजय सिन्हा, डा. ज्योति प्रकाश श्रीवास्तव, सभी विभागाध्यक्ष , शिक्षकगण एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

# स्कूलों में पंखे बंद, बच्चे कॉपी से हवा करने को मजबूर, भीषण गर्मी मे मासूम बेबस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय / सुल्तानपुर। जुलाई की तपती दोपहर, कमरे में उमस भरी घुटन और बच्चों के पसीने से तर-बतर चेहरे यह कोई काल्पनिक दृश्य नहीं, बल्कि जिले के सैकड़ों सरकारी और प्राइवेट स्कूलों की हकीकत है। भीषण गर्मी और उमस के बीच जहां बड़े-बुजुर्ग घरों में पंखों-एसी की छांव में बैठने को मजबूर हैं, वहीं केजी और पहली से लेकर 10वीं-12वीं तक के नन्हे छात्र-छात्राएं बिना पंखे के क्लासरूमों में बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। सरकारी स्कूलों में पंखों का नामोनिशान तक नहीं है और प्राइवेट स्कूलों में लगे पंखे बिजली के भरोसे हैं – जो स्कूल समय में महज घंटे-डेढ़ घंटे ही आती है। नतीजा यह कि बच्चे अपनी कॉपियों और किताबों को ही पंखा बनाकर हवा करने को मजबूर हैं। भीगते कपड़े, पसीने से चिपके शरीर और थके चेहरों के साथ बच्चों की हालत देखकर किसी भी संवेदनशील व्यक्ति का दिल पसीज जाए।

**बच्चों की पढ़ाई पर असर, अभिभावकों में आक्रोश**

शारीरिक असहजता और गर्मी की वजह से बच्चों का पढ़ाई में मन नहीं लग रहा। शिक्षक खुद भी बेहाल हैं, लेकिन मजबूरी में क्लास चला रहे हैं। कई बच्चों को चक्कर आने की, घबराहट की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। अभिभावकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से गुहार लगाई है कि ऐसे विद्यालयों में तत्काल पंखों की समुचित व्यवस्था कराई जाए और यदि बिजली की समस्या बनी रहे तो स्कूलों में इन्वर्टर या सौर ऊर्जा आधारित पंखों का इंतजाम किया जाए।

**अभिभावकों की मांग: छोटे बच्चों के लिए गर्मी में घोषित हो अवकाश**

स्थिति यदि जल्द नहीं सुधरी, तो गर्मी में बच्चों की सेहत से गंभीर खिलवाड़ हो सकता है। अभिभावकों की यह भी मांग है कि जब तक तापमान सामान्य स्तर पर नहीं आता, तब तक कक्षा 5 तक के छोटे बच्चों के लिए गर्मी की छुट्टियों की तरह अस्थायी अवकाश घोषित किया जाए।

**प्रशासन से अपील**

जिले के शिक्षा अधिकारियों और जिला प्रशासन से अपील है कि बच्चों की सेहत और भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभावी कदम उठाएं। बच्चों को गर्मी और उमस से राहत दिलाना केवल मानवीय नहीं, बल्कि प्रशासनिक दायित्व भी है।

# व्यापक अनिश्चितता

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक दर्जन से अधिक देशों को पत्र लिखकर, उनके यहां से अमेरिका को होने वाले आयात पर 25 से 40 फीसदी तक का शुल्क लगाने की बात कही है। यह 1 अगस्त से प्रभावी होगा। जिन देशों को नई शुल्क दरों के बारे में बता दिया गया है उनमें जापान और दक्षिण कोरिया भी शामिल हैं जिनके आयात पर 25 फीसदी शुल्क लगाया जाएगा जबकि कुछ अन्य क्षेत्रवार दरें भी लागू होंगी। इस सूची में भारत का नाम नहीं है और ट्रंप का वक्तव्य संकेत देता है कि भारत और अमेरिका दोनों जल्दी ही एक व्यापार समझौते पर पहुंच सकते हैं। भारत के नजरिये से देखा जाए तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए और सरकार को यह श्रेय दिया जाना चाहिए कि वह अमेरिकी प्रशासन के साथ सक्रियता से बातचीत कर रही है। हालांकि, समझौते की प्रकृति और दोनों पक्षों की ओर से दी जाने वाली संभावित रियायतें अभी तक स्पष्ट नहीं हैं। खबरें बताती हैं कि भारतीय समय के अनुसार मंगलवार देर रात तक समझौते का विस्तृत ब्योरा सामने आ सकता है। तथाकथित जवाबी शुल्क पर स्थगन की 90 दिन की अवधि समाप्त होने और अमेरिका द्वारा पत्र भेजे जाने के बीच कुछ बातें स्पष्ट हैं। कारोबारी साझेदारों के साथ व्यक्तिगत समझौतों पर बातचीत आसान नहीं है और जैसा कि कई लोगों को डर था, अमेरिका ने एकपक्षीय तरीके से काम करने का निर्णय लिया है। वह अब उन देशों पर भी ऊंची शुल्क दर आरोपित कर रहा है जिनके साथ उसका मुक्त व्यापार समझौता है। सख्त बातचीत के बावजूद अमेरिका केवल यूनाइटेड किंगडम और वियतनाम के साथ ही समझौता कर सका है और वियतनाम के साथ उसके समझौते को लेकर भी कई प्रश्न उठे हैं। चीन के साथ एक समझौता हुआ है लेकिन इसका संबंध दुर्लभ खनिज तत्वों की आपूर्ति से ज्यादा है। इन पत्रों से पता चलता है कि ट्रंप के कदमों के पीछे असल कारण विभिन्न देशों के साथ व्यापार घाटा है। उनके लिए किसी भी देश के साथ व्यापार घाटा, गैरबराबरी का परिचयक है जिसे ठीक किया जाना चाहिए, शुल्क के साथ कम से कम आंशिक रूप से इसमें सुधार किया जाना चाहिए। इतना ही नहीं, अगर उसके कारोबारी साझेदार प्रतिरोध करने की कोशिश करते हैं तो अमेरिका शुल्क दर बढ़ाने के लिए भी तैयार है और अगर साझेदार अपने बाजारों को अमेरिकी निवेश के लिए खोलते हैं तो वह शुल्क दरें कम करने का इच्छुक है। अमेरिका के कदम अब यह दिखाते हैं कि बहुपक्षीय वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में नेतृत्व की भूमिका को बचाए रखने की उसकी कोई इच्छा नहीं है। उसका रुख संकीर्ण सोच वाला और अल्पावधि के आकलन पर आधारित है। इसमें से अधिकांश का ठोस आर्थिक आधार नहीं है। अब जबकि यह स्पष्ट है कि अमेरिकी शुल्क दर ट्रंप की 'लिबरेशन डे' की घोषणा से अधिक होंगे तो यह बात मुद्रास्फीति संबंधी अनुमानों को प्रभावित करेगी और अमेरिकी केंद्रीय बैंक फ़ेडरल रिजर्व के आकलन को भी प्रभावित करेगी। इससे मुद्रास्फीति के अनुमानों पर असर पड़ने की संभावना है और यह अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व की गणना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे मौद्रिक सहजता प्रभावित होगी। ऐसे में ट्रंप फ़ेडरल रिजर्व पर दबाव और बढ़ा सकते हैं। उनका मानना है कि केंद्रीय बैंक नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखकर सही काम नहीं कर रहा है। भारत के लिए अभी यह देखना होगा कि अमेरिका के साथ होने वाला नया समझौता घरेलू अर्थव्यवस्था और निर्यात पर क्या असर डालता है। भारत में कृषि क्षेत्र को खोलने को लेकर आशंकाएं हैं क्योंकि वह देश की आधी से अधिक आबादी की आजीविका का साधन है। हालांकि यह देखना अहम होगा कि भारत को अन्य समकक्ष देशों की तुलना में किस प्रकार की टैरिफ रियायत मुहैया कराई जाती है लेकिन संभावित लाभ सीमित ही रहेंगे। अमेरिकी नीति व्यापार घाटे से संचालित है और किसी भी देश के साथ घाटे में इजाफा होने पर दरें बढ़ाई जाएंगी। ट्रंप ने विश्व व्यापार व्यवस्था को अनिश्चित हालात में डाल दिया है और यह देखना होगा कि मध्यम अवधि में हालात क्या मोड़ लेते हैं। काफी कुछ इस बात पर भी निर्भर करेगा कि अन्य बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश हालात से कैसे निपटते हैं। भारत को नई विश्व व्यवस्था में उभरते अवसरों के लिए तैयार रहना होगा।

# भारतीय परंपरा के आलंबन हैं गुरु



भारतीय जीवन-पद्धति में गुरु का अप्रतिम स्थान है। ज्ञान को सर्वोत्कृष्ट माननेवाली इस परंपरा में गुरु के बिना कुछ भी लभ्य नहीं है। शायद दुनिया में भारत एकमात्र देश है, जिसकी परंपरा, इतिहास और संस्कृति में चाहे जितना परिवर्तन आया हो, गुरु के स्थान एवं उसकी मान्यता में कोई विचलन नहीं दिखाई देता। यद्यपि यह भी सच है कि आधुनिक युग में स्वयं गुरु के स्वरूप एवं उसकी क्रियात्मकता में अंतर आया है, किंतु समाज में विविध प्रकार के आदर्शों की च्युति के बाद भी गुरु का स्थान अद्वितीय है। भारत के प्राचीनतम ज्ञात इतिहास से विचार कर, गुरु या आचार्य को देवता माना गया है। स्मृतियों में तो गुरु को पिता से भी श्रेष्ठ बताया गया है, क्योंकि गुरु ऐसे जीव को, जो आहार, निद्रा, भय, मैथुन इत्यादि पाशविक प्रवृत्तियों के चलते पशु से भिन्न नहीं है, को ज्ञान के आलोक से प्रकाशित कर धर्म-मूल्य से समन्वित कर मनुष्य बनाता है।

भारत की सनातन धारा में स्पष्टतः परिलक्षित होनेवाली आगमिक और निगमिक दोनों परंपराएँ गुरु-केंद्रित हैं। यह भी कहा जा सकता है, गुरु तत्त्व का ज्ञान भारत का ज्ञान है और आगम परंपरा में गुरु का महत्त्व ही नहीं है, अपितु इस धारा के समस्त ग्रंथ गुरु-महिमा और उसके स्वरूप का अत्यंत विस्तृत वर्णन प्रस्तुत करते हैं। निगम की परंपरा में जहां गुरु एक बार सत्य का दर्शन कराकर शिष्य को सत्य के मार्ग पर चलने के लिए उत्प्रेरित करता है। वहीं आगमिक परंपरा में जीवन की अविकसित स्थिति से ऊपर उठाते हुए आत्म-विकास और पूर्णता को प्राप्त करने के लिए निरंतर पथ-प्रदर्शक और सहायक की आवश्यकता होती है। आगम का यह मार्ग अनुभवसिद्ध एवं तर्कसिद्ध है, क्योंकि जगत के पदार्थों अर्थात भौतिक विषयों एवं भौतिक पद संबंधों का ज्ञान भी गुरु की अपेक्षा करता है। जिसे भूल और प्रयत्न विधि से भी सीखा जा सकता है। जिस व्यवहार को पशु सहज प्रवृत्ति से ही प्राप्त कर लेते हैं, उसे भी सीखने के लिए मनुष्य को गुरु की आवश्यकता होती है, तो अपूर्णताओं को अतिक्रांत कर, उनका विलोप कर, आत्मपूर्णता की स्थिति बिना गुरु के कैसे प्राप्त होगी? स्वरूपतः मनुष्य जो है, उसकी उसे स्मृति नहीं होती अविद्याजन्य संस्कारों के कारण वह आत्मविस्मृति का शिकार रहता है। अविद्या के नाश और विद्या के प्रकाशमय जगत में प्रवेश के लिए गुरु आवश्यक है। वह पाशविक अनुभव के धरातल से चैतसिक अनुभूति के स्तर तक समुन्नत करने का साधन है। आगमसार ग्रंथ में गुरु के इस स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि गुरु शब्द का 'गकार' सिद्ध देनेवाला, 'रकार' पाप का दहन करनेवाला है और 'उकार' स्वयं शंभू है, अर्थात ज्ञान और उसके परिणामस्वरूप उत्पन्न होनेवाले पापों का नाश गुरु ही करता है। वह मात्र नाश ही नहीं करता, बल्कि भौतिक एवं आध्यात्मिक सिद्धियों का प्रदाता भी है। यह सभी नहीं कर सकते, अतः गुरु होने की योग्यता भी है, शर्तें भी। 'नवचक्रेश्वरतंत्र' में कहा गया है कि पिंड, पद, रूप और रूपातीत; इस सबको जो सम्यक ढंग से जानता है, वही गुरु कहा जाता है, अर्थात मात्र भौतिक या केवल आध्यात्मिक ज्ञानवाला गुरु नहीं हो सकता। गुरु होने के लिए आवश्यक है कि वह इन सबको जानता हो, न केवल जानता हो अपितु सम्यक रूप से जानता हो। रुद्रयामल, मुंडमाला इत्यादि ग्रंथों में गुरु, मंत्र और देवता इन तीनों को एकाकार बताया गया है, मुंडमालातंत्र में तो गुरु को देवताओंके पितामह के रूप में भी प्रस्तुत किया गया है।

गुरु का महत्त्व भारतीय परंपरा में मात्र तांत्रिक और वैदिक साधना तक सीमित नहीं रहा है, अपितु संत परंपरा में भी इसका पर्याप्त महत्त्व है। कबीरदास की बानी तो जन-जन जानता है कि 'बलिहारि गुरु आपनो गोविंद दियो बताय'। काशी के ही अघोर संत बाबा किनाराम ने गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि गुरु चारों वेद हैं, वहीं अग्नि, पवन, जल, धरती, आकाश इत्यादि पंचमहाभूत भी हैं, अर्थात गुरु सभी का मूल हैं, सभी प्रकार के शूलों का हरण करनेवाला है। यह नित्य, अमल और अपने शिष्य को पावन पद को देनेवाला है। यह गुरु ही है, जो गोविंद तक पहुंचाता है, इसलिए वह आध्यात्मिक अभ्युदय का साधन है। ज्ञान के उदय के साथ गुरु ही गोविंद हो जाता है। सकल संशयों की निवृत्ति उसके प्रति सर्वविध समर्पण से ही संभव है। इसलिए गुरु से किसी प्रकार की वंचना उचित नहीं है। स्कंदपुराण के उत्तर खंड में गुरु-तत्त्व के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि जिसके सत्य होने पर ही जगत की सत्ता है, जिसके प्रकाश से सबकुछ प्रकाशित होता है, जिसके द्वारा आनंद प्राप्त होता है, उस गुरु को प्रणाम है। संक्षेपतः यह कहा जा सकता है कि गुरु-तत्त्व के प्रकाशित होने से ही जगत प्रकाशित होता है और जागतिक वस्तुओं का ज्ञान तथा जगत में अभ्युदय की प्राप्ति होती है। साथ ही जगत की सीमा का अतिक्रमण करवह परम निःश्रेयस की अवाप्ति भी कराता है। भारतीय परंपराक्रम में अध्यात्म-विद्या की साधना में ही गुरु का महत्त्व नहीं है, अपितु ज्ञान की भौतिक साधना भी गुरु-केंद्रित है। इसलिए आचार्य को देवता कहा गया है। स्मृतिकारों ने अक्षरमात्र प्रदात्त को योनि संबंधों में श्रेष्ठ माने जानेवाले संबंधों से श्रेष्ठकर स्वीकार किया है। मनु ने कहा है कि पिता गार्हपत्याग्नि है, माता दक्षिणाग्नि है तथा गुरु आहवनीयाग्नि है। जिस प्रकार तीनों अग्नियों में आहवनीयाग्नि श्रेष्ठ है, उसी प्रकार गुरु इन तीनों में श्रेष्ठ है। यह श्रेष्ठता मात्र श्रद्धा पर आधारित नहीं है। इसके लिए शर्तें हैं, जो गुरु इन शर्तों को पूरा करता है, वही श्रद्धा का पात्र है। इसकी चर्चा शारदातंत्र एवं विश्वसारतंत्र में विस्तृत रूप से प्राप्त होती है। सभी शास्त्रों में वर्णित शर्तों को संक्षेप रूप में प्रस्तुत किया जाए तो कहा जा सकता है कि जो सभी शास्त्रों में दक्ष तथा सर्वशास्त्रार्थविद्, जितेंद्रिय, सत्यवादी, शांत मानस, सर्वकर्मपरायण, गृहस्थ, निरोगी, निरहंकार तथा विकाररहित है, वही गुरु होने के योग्य है। गुरु के भी शिक्षा तथा दीक्षा दो प्रकार के भेद हैं दीक्षा-गुरु वही हो सकता है, जिसमें सतर्क की प्रतिष्ठा हो गई हो, अर्थात जिसमें संस्कारित विकल्पों का प्रादुर्भाव हो गया है। सतर्क ही भावना है, भावना का अर्थ है भूत-अभूत सभी अर्थों का स्फुट भावन। यह भावना ही निर्जीव अक्षरों में चेतना को उद्भूत करती है और भौतिक ज्ञान भी चैतसिक हो उठता है, किंतु शिक्षा-गुरु का दायित्व सत्-असत का विवेक, ग्राह्य-अग्राह्य का भेद ज्ञान कराना मात्र है। तंत्रों में उसे असद् गुरु तथा स्मृतियों में आचार्य कहा गया है। आचार्य वह है जिसे ज्ञान है, यद्यपि उसके साथ उसकी एकाकारिता नहीं है। वह जानता है और बताता भी है, किंतु वहाँ तक पहुँचा नहीं सकता। जगत की सीमा से परे, पदों एवं संबंधों से ऊपर नहीं ले सकता। परिणामतः वह मन में बंधन को तोड़ने की इच्छा और साहस तो उत्पन कर देता है, तोड नहीं पाता। सबकुछ बताकर वह विद्या-स्नान कराता है और समावर्तन का उपदेश करता है। इस उपदेश के साथ उसे स्नातक घोषित करता है। साथ ही आचरण के पक्ष को लेकर वह सावधान भी करता है कि हमारा जो सुचरित्र है, वही तुम्हारे लिए अनुकरणीय है, अन्य नहीं। गुरु के महत्व को आज के संदर्भों में भी समझना होगा। दोनों ही प्रकार के गुरु, जिनका शास्त्रीय स्वरूप विवेचित किया गया है, उसकी आज के संदर्भों में परीक्षा करनी होगी, क्योंकि आज जो लोक को ग्राह्य है, स्वीकार्य है, वही धर्म है। शास्त्र शुद्धि होते हुए भी लोक-विरुद्ध होने पर आचरण योग्य नहीं होता। जो लोक की उपेक्षा करता है, वह निंदा का पात्र होता है। अतः आधुनिक शिक्षा- व्यवस्था के संदर्भ में शिक्षा गुरु, अर्थात आचार्य एवं धर्मोपासना के वर्तमान संदर्भों में विचार करें तो ध्यान में यह रखना आवश्यक है कि परंपरा के क्रम में आचार्य वही है, जो सकल वेदराशि, अर्थात ज्ञान का संकल्प और सरहस्य अध्यापन करे। एकदेशीय अध्यापक, पण्यजीवी अध्यापक, आचार्य न होकर उपाध्याय है। यही कारण है कि महाभारत में सांदीपनि विद्या में, प्रताप में न्यून होने के बाद भी द्रोण की अपेक्षा आदरणीय एवं पूज्य हैं सांदीपनि का शिष्य कृष्ण कहीं उनके विरोध में खड़ा नहीं होता। वह गुरु को प्रसन्न करने के लिए मृत्यु के समान भयंकर पांचजन्य से भी युद्ध करता है और कभी संधि नहीं करता, पांचजन्यों के क्षेत्र में ही द्वारिका की स्थापना के बाद भी नहीं। जबकि पण्यजीवी द्रोण के शिष्य गुरु-दक्षिणा देकर उससे मुक्त हो जाते हैं और गुरु के धुर विरोधी द्रुपद से संबंध जोड़ते हैं, उससे मित्रता करते हैं। इसके निहितार्थ को आधुनिक संदर्भों में देखना होगा। वृत्ति के लिए अध्यापन कर्म करनेवाला आचार्य नहीं हो सकता, क्योंकि वह वृत्तिदाता की शर्तों के अधीन है। वह राज्य या ऐसी किसी भी संस्था, जिससे वित्तपोषित है, उसके विरुद्ध सोच भी नहीं सकता। वह हस्तिनापुर के खूंटे से बँधा हुआ द्रोण के समान है, चाहे उस पर पांडु बैठा हो या दृष्टि और विवेक दोनों से विहीन धृतराष्ट्र, जिनकी दासता को स्वीकार करना है। उसे सत के पक्ष में खड़े होने का साहस नहीं होता। वह स्वयं भी उस दुर्योधन से अलग मनःस्थिति में नहीं होता, जो धर्म को जानता है, किंतु प्रवृत्ति नहीं है, जो पाप को जानता है, किंतु निवृत्ति नहीं है। फिर महाभारत और उसके बाद का अधिकांश इतिहास ऐसे ही उपाध्यायों का इतिहास है। जब चाणक्य जैसा आचार्य चंद्रगुप्त को उपनीतिकार अध्यापित करता है, तब परिवर्तन होता है। जब कोई समर्थ रामदास शिवा को दीक्षित करता है, तब अन्याय के विरुद्ध तामसिक वृत्तियों के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष प्रारंभ होता है। दीक्षा-गुरु के संदर्भों में विचार करें तो ध्यान में आएगा कि सनातन परंपरा पूर्ववर्ती के साथ उत्तरवर्ती के सातत्य की परंपरा है। मंत्रद्रष्टा ऋषियों से लेकर संतों की वाणी तक सभी जगह एक गुरुक्रम परिलक्षित होता है, अर्थात शिष्य को साधना और उपासना के उसी मार्ग की दीक्षा दी गई, जो गुरु को उसकी गुरु-परंपरा से प्राप्त थी। इसलिए तुलसीदास नई भाषा में धर्म का उपदेश देते हुए स्पष्ट रूप से उद्घोष करते हैं कि मैं जो कह रहा हूँ, वह नाना पुराण निगमागम सम्मत है। भाषा नई है, किंतु आधार पुराने हैं, परंपरा से प्राप्त हैं। शायद इसीलिए विद्रोही तेवर रखनेवाले अघोर संत बाबा किनाराम भी गुरुक्रम को वेदों के मूर्तिमान रूप में ग्रहण करते हैं। यही सांप्रदायिक दीक्षा का शास्त्रीय क्रम है। इसमें युग और व्यक्ति के परिवर्तन के साथ मूल्यों की नित्यता बरकरार रहती है। संप्रदाय का अर्थ ही है, जो पीछे से लेकर आगे की पीढ़ी को दिया जाए। समकालीन संदर्भों में विचार करें तो गुरु या आचार्य के स्थान पर गुरुडम का विस्तार दिखाई देता है। फलतः आध्यात्मिक जगत में भी भौतिक उपलब्धि को दिलानेवाले गुरु चमकने लगे। यद्यपि इस क्षेत्र में राज्य का प्रभाव कम होने से सत मार्ग पर समायोजित करनेवाले लोगों का भी अभाव नहीं है। प्रबल भौतिक प्रभाव के बाद भी विवेकानंद, रामतीर्थ और ऐसे न जाने कितने गुरुओं, संतों के प्रयास चलते रहे। किंतु राज्य सत्ता का प्रभाव सर्वथा अभाव हो ऐसा नहीं है। इसलिए राज्य सत्ता के संबंधों एवं सम्बन्धों के आधार पर चाकचिक्य के द्वारा प्रभामंडल का विस्तार तथा जन समूह को भ्रमित करने की कोशिशें इस युग का यथार्थ है। इस स्थिति में परिवर्तन तभी संभव है जब सनातनता के वास्तविक अर्थ को समझा जाए। यानि नींव पुरानी निर्माण नया कथ्य पुराना भाषा और तर्क नए प्रविधि, नूतन संस्कृति चिर पुरातन के भाव को स्वीकार कर दीक्षा और शिक्षा दोनों ही क्षेत्रों में गुरु को सनातन परंपरा में स्थिर किया जाए। प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल

# जीएसटी की 12 प्रतिशत स्लेब में बदलाव से उद्योग और आमजन को मिलेगी राहत

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

वस्तु एवं सेवा कर यानी कि जीएसटी की चार स्लेबों में से दूसरी 12 प्रतिशत की स्लेब को लेकर जिस तरह की चर्चाएं आम हो रही है उससे मध्य व निम्न वर्ग में आशा का संचार होने लगा है। दरअसल समाज का मध्यम और निम्न वर्ग सबसे अधिक प्रभावित जीएसटी की 12 प्रतिशत वाली स्लेब से ही हो रहे हैं। इन वर्गों से जुडी वस्तुएं या सेवाओं पर लगने वाला कर सीधा सीधा इन्हें प्रभावित करता है। इसका कारण भी साफ है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी स्लेब में आती है। खाने-पीने की वस्तुओं के साथ ही जूते-चप्पल, कपड़े आदि भी इसी स्लेब में आते हैं। हांलाकि विशेषज्ञों के अनुसार 12 प्रतिशत की स्लेब पर निर्णय से सरकार पर 40 से 50 हजार करोड़ रुपए के राजस्व का असर पड़ेगा पर यह भी माना जा रहा है कि बाजार में इन वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और मांग बढ़ने से काफी मात्रा में राजस्व पूर्ति हो सकेगी। वैसे भी फ्री बीज के नाम पर बहुत कुछ जा रहा है तो फिर यदि बड़ी आबादी को राहत और लोकहित में कोई निर्णय किया जाता है तो वह अधिक लाभकारी होता है। हालांकि इस निर्णय के भी बिहार सहित अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों से जोड़कर राजनीतिक अर्थ निकाले जाएंगे पर इस तरह के निर्णयों पर राजनीति करना उचित नहीं कहा जा सकता। जानकारों के अनुसार जीएसटी काउंसिल की आगामी बैठक में 12 प्रतिशत वाली स्लेब को या तो विलोपित करने पर विचार किया जा सकता है या फिर इसमें से आम उपभोग की वस्तुओं को पांच प्रतिशत की स्लेब के दायरें में लाया जा सकता है। 12 प्रतिशत की स्लेब को विलोपित किया जाता है तो इसके दायरें में आ रही वस्तुएं या सेवाएं 5 प्रतिशत की स्लेब दायरें में आने की अधिक संभावना हैं। यदि विलोपित भी नहीं की जाती है और आज की प्रचलित चार स्लेबों 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत में से सीधे आम उपभोग की वस्तुओं और सेवाओं को नीचे वाली और शेष को अन्य स्लेबों में समायोजित किया जा सकता है। बढ़ती मंहगाई के कारण आम नागरिकों खासतौर से मध्य और निम्न मध्य वर्ग को राहत दिलाने के लिए इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। जीएसटी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली होने के साथ ही समूचे देश में कर की एकरुपता के लिए 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू की गई थी। देश में असम पहला प्रदेश था जिसने सबसे पहले जीएसटी को अपनाया। अब तो समूचे देश में जीएसटी व्यवस्था लागू हो चुकी है। अब तक जीएसटी काउंसिल की 57 बैठके हो चुकी है और इनमें अनवरत रुप से सुधार व बदलाव किया जाता रहा है। 12 प्रतिशत के बदलाव की चर्चा छेड़कर बैठक से पहले ही बहस छेड़ दी गई है। इसे सकारात्मक भी माना जाना चाहिए क्योंकि जीएसटी स्लेबों के निर्धारत में राज्यों की भी प्रमुख भूमिका होती है। जीएसटी काउंसिल में राज्यों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेते हैं और उसी में निर्णय किया जाता है। जीएसटी से संग्रहित होने वाली राशि राज्यों को भी मिलती है तो समूचे देश में एक वस्तु पर एक ही दर लगने से अदायगी राशि एक ही होती है। जीएसटी यानी कि एक राष्ट्र एक कर की अवधारणा अटल बिहारी वाजपेई के प्रधानमंत्री काल में सामने आई थी। डॉ. विजय केलकर की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन हुआ। समान कर की बात तो सभी सरकारों द्वारा की जाती रही पर 1 जुलाई 2017 को यह व्यवस्था लागू हो सकी। हंालाकि आमनागरिकों की भारी मांग के बावजूद पेट्रोल-डीजल को अभी तक जीएसटी के दायरें में नहीं लाया जा सका है और इसका कारण भी बड़ा साफ है कि इसमें केन्द्र राज्यों की सभी सरकारों के हित जुड़े हुए हैं। पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़ने और इस पर कितना कर लग रहा है इस पर तो पक्ष विपक्ष हल्ला तो बोल लेते हैं पर कभी जीएसटी के दायरें में लाने के सार्थक प्रयास नहीं कर पाये हैं। समान कर प्रणाली की अवधारणा सबसे पहले फ्रांस में आई। 1954 में फ्रांस में जीन वेप्टिस्ट कालवर्ट जीएसटी की अवधारणा सामने लाये और इस समान कर प्रणाली की सकारात्मकता का ही परिणाम है कि दुनिया क 160 देशों में जीएसटी जैसी समान कर प्रणाली प्रचलन में है। हमारे देश में 12 प्रतिशत की स्लेब इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी कर दायरें में आती है। एक हजार रु. से अधिक के कपड़े जूते से लेकर घी, तेल, मक्खन, डेयरी उत्पाद, सब्जियां, फल, मेवे सहित खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ, 20 लीटर पैक में पीने के पानी की बोतल, कॉटन हैण्ड बैग जूट का सामान, पत्थर और लकड़ी आदि की मूर्तियां, चश्मा, बच्चों की पेंसिल स्लेट, खेल का सामान, यहां तक कि क्लीन एनर्जी डिवाइस सहित बहुत सारी वस्तुएं इस दायरें में आती है।

## सेहत मंत्र

# वायु प्रदूषण से बढ़ रहा है कई तरह के कैंसर और दिल की बीमारियों का खतरा

भारत में अन्य देशों की तुलना में श्वसन बीमारियों से सबसे अधिक लोगों की मौत होती है। वायु प्रदूषण दिल के लिए भी बहुत खतरनाक है। अगर आप अधिक समय तक प्रदूषण में अपना वक्त बिताते हैं तो आप अपने दिल को कमजोर बनाते हैं। वायु प्रदूषण मनुष्यों को ही नहीं वनस्पतियों, जीव जंतुओं, जलवायु और मौसम, ऐतिहासिक इमारतों व यहां तक कि ओजोन परत को भी नुकसान पहुंचाता है। वायु प्रदूषण के कारण ही पिछले कुछ सालों में जलवायु परिवर्तन हुआ है, जिससे सूखे की स्थिति पैदा हो गयी है। सांस से संबंधित समस्याएंः वायु प्रदूषण के कारण मनुष्यों को दमा, गले में दर्द, निमोनिया, ब्रॉन्काइटिस आदि की समस्या पैदा हो जाती है। वायु प्रदूषण से लोगों में ब्लड प्रेशर और हार्ट अटैक के खतरे ज्यादा होते है। एक शोध की मानें तो वायु प्रदूषण से फ़ेफड़ों को नुकसान पहुंचने के साथ ही हृदय पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। शोध के मुताबिक हवा में मौजूद सूक्ष्म कण हृदय की कार्यप्रणाली पर बुरा असर डालते हैं। जिसके कारण उसकी इलेक्ट्रानिक सिग्नल देने की क्षमता प्रभावित हो जाती है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में हृदय रोग से पीड़ित मरीजों के हृदय की क्रियाशीलता में प्रदूषण की वजह से आने वाले परिवर्तन की जांच की। पिछले कुछ सालों में बढ़े वायु प्रदुषण के भयावह स्तर के कारण इसके किडनी के रोगों का कारण बनने की संभावना है। इस नए शोध के दौरान शोधकर्ताओं ने देखा कि वायु प्रदूषण से झिल्लीदार नेफ्रोपैथी के होने की संभावना में बढ़ोतरी हुई है, जो किडनी की विफलता या यूं कहें कि किडनी के खराब होने का मुख्य कारण है। लंबे समय तक वायु प्रदुषण में मौजूद कणिका तत्व का आवरण झिल्लीदार नेफ्रोपैथी के जोखिम से जुड़ा होता है। कणिका तत्व वायु मंडल में मौजूद कण प्रदूषण है जो हवा में पाए जाने वाले ठोस कणों और तरल बूंदों के मिश्रण के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

## धर्म मंत्र

# पंचकोशों की शुद्धि चाहते हैं तो जपे यह मंत्र, बन जायेंगे रिद्दी, सिद्धियों के स्वामी

योग की धारणा के अनुसार मानव का अस्तित्व पाँच भागों में बंटा है जिन्हें पंचकोश कहते हैं । परमात्म चेतना ईश्वर के प्रतिनिधि हमारे ऋषियों ने जीवात्मा के कायकलेवर को अपनी दिव्य दृष्टि से पाँच भागों में विभक्त माना है, और ये हैं- अन्नमय कोश, प्राणमय कोश, मनोमय कोश, विज्ञानमय कोश, आनंदमय कोश, आदि पंचकोश अथाह शक्तियों के भंडार हैं । जब मनुष्य इनकों जगाने के लिए प्रयास करता है तो इनके भीतर की सोई हुई शक्तियां जागने पर जीवसत्ता का ''रसोवैसः'' वाला कारण शरीर प्रधान आनन्दमय कोश वाला स्वरूप सामने आता है । इसके हटते ही पंचकोश जागरण की पंचकोशी जागरण साधना संपन्न हो जाती है तथा व्यक्ति ब्रह्म से, परमसत्ता से आत्म साक्षात्कार कर लेता है।

दैवी भागवत में तो पंचकोशी साधना के बारे में लिखा हैं कि-

पंचप्राणाधिदेवी या पंचप्राण स्वरूपिणी ?

प्राणाधिक प्रियतमा सर्वाभ्यः सुन्दरीपरा ?

अर्थात्- ''पंच प्राण इसी पंचकोश सम्पदा के पाँच स्वरूप हैं, प्राणों की अधिष्ठात्री देवी वही हैं, वे सर्वांग-सुन्दरी हैं, पराशक्ति हैं, श्री भगवान को प्राणों से भी प्यारी हैं ।'' ऐसी साधना कितनी महात्म्य भरी होगी, उसकी कल्पना की जा सकती है । पंचकोशी साधना का विधान पूर्णतः विज्ञान सम्मत भी है ।

## पर्यटन



# स्मार्ट सिटी चंडीगढ़ की इन जगहों पर घूमना न करें मिस

स्मार्ट सिटी की चर्चा के बीच बात करें, तो आजादी के बाद देश का पहला नियोजित शहर है चंडीगढ़। यह शहर ऊर्जा क्षेत्र में भी देश को नई राह दिखा रहा है। यह देश का ऐसा पहला शहर होगा जिसके इस साल के आखिर तक अक्षय ऊर्जा पर निर्भर हो जाने की उम्मीद है। आज वंदना वालिया बाली के साथ चलते हैं चंडीगढ़ के सफर पर..आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का सपना था कि देश में एक ऐसा आधुनिक शहर बसाया जाए जो नए गणतंत्र की रचनात्मक क्षमता को दर्शाए। इस सपने की नींव चंडीगढ़ के रूप में 1948 में रखी गई। इसके लिए मंजूर जमीन में 24 गांव आए जिनमें एक का नाम चंडीगढ़ था। शक्ति की प्रतीक मां चंडी के दुर्ग यानी गढ़ के रूप में चंडीगढ़ शहर बसा। आज हर घुमक्कड़ की सूची में इसका नाम अनिवार्य रूप से शुमार होता है। इस शहर के साथ हरियाणा का पंचकूला तथा पंजाब का मोहाली भी जुड़ गया है, इसलिए इसे 'ट्राइसिटी' भी कहा जाने लगा है। यह एकमात्र ऐसा केंद्रशासित प्रदेश है, दो प्रदेशों पंजाब तथा हरियाणा की राजधानी भी है। ली कार्बूजिए की वास्तु संरचना इस शहर के निर्माण की जिम्मेदारी फ्रांस के मशहूर वास्तुकार ली कार्बूजिए को सौंपी गई। उन्होंने मानव शरीर की कार्यप्रणाली को ध्यान में रखते हुए इस शहर का ढांचा तैयार किया, जिससे कि एक स्वस्थ व संपूर्ण शहर का अक्स उभर कर आए। शहर के फ़ेफड़ों की संज्ञा दी गई लेजर वैली को, जो कई पार्कों की श्रृंखला है। सड़कों के जाल को उन्होंने संचार व्यवस्था कहा और इंडस्ट्रियल एरिया को विसरा। करीब 44 वर्ग मील में फैले इस शहर की खुबसूरती सभी को आकर्षित करती है। शहर के हर सेक्टर की बसावट कमोबेश एक जैसी है, इसके बावजूद उनकी अपनी अलग विशेषता और पहचान है। बर्फी की तरह आयताकार वर्ग में सेक्टर बंटे हैं जहां ग्रीन बेल्ट है। ली कार्बूजिए के निधन के बाद उनके कजिन पियेरे जेनरे तथा मैक्सवेल फ्राए ने उनके काम को आगे बढ़ाया।

# गजब कहानी पंचायत की ,प्रधान सांस भी ले तो... तुरंत जांच भेजो!

अमर सिंह राणा

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी से – जैसे ही पंचायत चुनाव की आहट सुनाई दी, वैसे ही ग्राम पंचायत बहुता में सन्नाटा नहीं बल्कि शिकायतों की आंधी चल पड़ी। माहौल कुछ ऐसा बन गया है मानो ग्राम प्रधान का हर काम, हर साँस, हर मुस्कान – जांच का विषय है।

विकास दिखाओ मत... उस पर आरोप लगाओ! यह नारा आज बहुता गांव की कुछ खास 'सेवक मंडली' का घोषवाक्य बन चुका है।

शिकायत कैसे बनी राजनीति का हथियार

गांव के कुछ स्वयंभू 'जनहितैषी', जिनकी जनसेवा से ज़्यादा रुचि जनता को भड़काने और अखबार में फोटो छपवाने में है – वे दौड़कर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के पास पहुँचे। शिकायत दी गई कि ग्राम प्रधान व सचिव ने ल्लविकास कार्यों में भारी अनियमितताङ्क की है।




चौंकाने वाली बात यह नहीं थी कि शिकायत की गई – बल्कि यह थी कि शिकायतकर्ताओं ने शपथ पत्र पर हलफनामा देकर प्रधान को भ्रष्टाचारी, सचिव को सांठगांठी, और पूरे सिस्टम को बिकाऊ घोषित कर दिया – बिना एक भी प्रमाण के!

जांच का सच क्या है?

जिलाधिकारी महोदय ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से लिया और जांच हेतु जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी तथा शारदा सहायक अभियंता की संयुक्त टीम गठित कर दी।

दिनांक 3 जुलाई 2025 को ग्रामोद्योग अधिकारी गांव में जांच के

## बहुता गांव में चुनाव से पहले 'शिकायत वॉर', असत्य की राजनीति और जांच पर हमला

लिए पहुँचे भी, लेकिन टीम के तकनीकी अभियंता – जो निर्माण कार्यों की जांच के लिए ज़िम्मेदार थे – एक दिन पहले सड़क दुर्घटना में घायल होकर पैर फैक्चर की स्थिति में मेडिकल लेकर अवकाश पर चले गए।

अब चूंकि तकनीकी जांच एक विशेष योग्यता का विषय है, अतः नए अधिकारी की नियुक्ति के बिना कार्य सम्भव नहीं था। फिर भी उपस्थित अधिकारी ने गांव में उपस्थित होकर स्थिति स्पष्ट कर दी और नई जांच तिथि तय करने का आश्वासन भी दिया।

लेकिन शिकायतकर्ताओं को न जांच चाहिए, न सच – उन्हें बस हंगामा चाहिए!

जांच की प्रक्रिया को स्वीकार करने की बजाय, शिकायतकर्ताओं ने शुरुआत कर दी ल्लजांच को बदनाम करने की मुहिमङ्क। जिन अधिकारियों ने ईमानदारी से सच्चाई बताई, उन्हीं पर आरोप जड़ दिए गए –

अधिकारी बिक गया होगा।

रिपोर्ट मनमाफिक नहीं दे रहा।

हमारा सर्टिफिकेट ऑफ करप्शन क्यों नहीं मान रहे?

कुछ स्थानीय जागरूक लोगों ने तथ्यहीनता का ठेका ही ले लिया है। ल्लसिर्फ आरोप लिखो, जवाब मत दो! प्रधान की फोटो लगाओ, खबर में गुस्सा डालो!ङ्क यह एकतरफा रिपोर्टिंग नहीं, बल्कि 'पब्लिक ट्रायल' का प्रयास है।

प्रधान और सचिव की स्थिति

ग्राम प्रधान व सचिव की ओर से स्पष्ट कहा गया है कि –सभी कार्य शासन के मानकों के अनुरूप कराए गए हैं।पंचायत के वित्तीय और निर्माणीय अभिलेख जांच के लिए उपलब्ध हैं। बिना तथ्य के सिर्फ चुनावी लाभ के लिए झूठे आरोपों से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का प्रयास हो रहा है।

प्रधान का बयान बेहद मार्मिक है – ''अगर हमने कुछ गलत किया है तो सज़ा दीजिए, लेकिन बिना सुने, बिना जांच के – हमें चौराहे पर अपराधी बना देना कहां का न्याय है?''

जांच अधिकारी भी दबाव में!

जांच अधिकारियों पर दबाव बनाकर ल्लहमारे पक्ष में रिपोर्ट लिखिए वरना आप भी दोषीङ्क – यह भाषा न केवल लोकतंत्र की आत्मा के खिलाफ है, बल्कि निष्पक्ष जांच प्रक्रिया के लिए खतरनाक संकेत है।

जांच टीम के वरिष्ठ अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा –

हम जांच करते हैं, आरोप नहीं बनाते। लेकिन अब शिकायतकर्ता खुद जांच प्रक्रिया को प्रभावित करने की साजिश कर रहे हैं।

जब तक फैसला 'मनमाफिक' न हो, जांच नहीं मानी जाएगी!

गांव में एक नया ट्रेंड शुरू हो चुका है: जांच सही है तभी, जब वो हमारे अनुसार हो।

ल्लसत्य वही है, जो हमारी स्क्रिप्ट में लिखा गया है।, अगर प्रधान सांस भी ले रहा है, तो पूछो – इतनी गहरी क्यों?

शिकायत या सत्ता की सीढ़ी?

इस पूरे मामले में शिकायत एक हथियार बन गई है, जिससे लोकतंत्र को नहीं, लोकप्रियता और सत्ता की सीढ़ी चढ़ी जा रही है।

यह सवाल अब हर जागरूक नागरिक को खुद से पूछना चाहिए – ''क्या हम हर बार चुनाव के पहले अपने गांव को 'शिकायत की राजनीति' की प्रयोगशाला बना देंगे?''

''या फिर इस बार सच और झूठ में फर्क करना सीखेंगे?''

# तेज रफ्तार डीसीयम के चपेट में आने से मजदूर की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। कूरेभार हलियापुर सड़क पर पीरोसरैया गांव में मंगलवार देर रात सड़क किनारे गिट्टी उतार रहे एक मजदूर की तेज रफ्तार डीसीएम की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मजदूर का पैर कटकर शरीर से अलग हो गया। हादसे के बाद ट्रक और डीसीएम दोनों वाहन के चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए। घटना के अनुसार, लंभुआ थाना के पांडेय पुरवा गांव निवासी राकेश (42) पुत्र रामचंद्र ट्रक (ठ्ठ 65 क्क्ष 8421) पर लोड गिट्टी उतार रहा था। रात करीब 11 बजे वह पीरोसरैया गांव के पास सड़क किनारे ट्रक के पास खड़ा था, कि तभी धनपतगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ठ्ठ 35 ड्ड 1995 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद राकेश का एक पैर शरीर से पूरी तरह अलग हो गया और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। बताते चलें कि गिट्टी लदी ट्रक को ड्राइवर पीरोसरैया गेट के अंदर ले जाकर बैक कर रहा था । इसी बीच लोडेड ट्रक का पिछला चक्का गड्ढे में फंस गया। लेबर राकेश ट्रक से गिट्टी उतार रहा था की तभी घटना हो गयी। इस संबंध में धनपतगंज थाना प्रभारी प्रवीण यादव ने बताया कि तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से मजदूर की मृत्यु हुई है। दोनों वाहन चालक घटनास्थल से फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। मामले में विधि संगत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मातृ सम्मान का राष्ट्रीय संदेश है एक पेड़ माँ के नाम : राज्यपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित वृहद वृक्षारोपण अभियान ल्लएक पेड़ माँ के नाम 2.0ङ्क के अंतर्गत कैंट परिसर में त्रिवेणी (पीपल, बरगद, नीम) का पौधरोपण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। यह अभियान प्रदेश में एक दिन में 37 करोड़ पौधों के रोपण की महत्त्वाकांक्षी योजना का अंग है, जो पर्यावरण संरक्षण एवं मातृत्व सम्मान की परिकल्पना को साकार करता है। राज्यपाल के जनपद आगमन पर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, जिलापंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजरानी रावत, विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा, विधान परिषद सदस्यगण अंगद सिंह एवं अवनीश सिंह पटेल, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, सचिव बेसिक शिक्षा श्रीमती सारिका मोहन, कर्नल नेहा भटनागर, प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्रीमती अनुराधा वेमूरी, मुख्य वन संरक्षक श्रीमती अदिति शर्मा, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय एवं मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, प्रभागीय वनाधिकारी आकाश दीप बधावन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण द्वारा भव्य स्वागत किया गया। परिसर में पहुँचने के उपरांत महामहिम ने सर्वप्रथम त्रिवेणी रोपित की और उसके उपरांत परिसर में हो रहे अन्य पौधरोपण स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा भी अपनी माताओं के नाम पर पौधरोपण किया गया, जिससे यह अभियान व्यक्तिगत भावनाओं से भी जुड़कर सामाजिक चेतना का माध्यम बना। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्रीमती पटेल ने कहा कि एक पेड़ माँ के नामङ्क केवल वृक्षारोपण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह मातृ सम्मान का एक राष्ट्रीय संदेश है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्ष आज भी हमारे लिए जीवनदायिनी छाया और वायु प्रदान कर रहे हैं।

**लघु फ़िल्म एक पेड़ माँ के नाम किया लांच**

इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा जनपद में ''एक पेड़ मॉ के नाम'' थीम वृक्षारोपण हेतु बनायी गयी लघु फिल्म को लॉच किया गया।

# मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत ग्राम रोहाना मीरापुर में किया गया भव्य पौधरोपण कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी : पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोहाना मीरापुर में मंगलवार को ''एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव नवीन कुमार सिंह ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधारोपण कर की। इस दौरान समाजसेवी अखिलेश मिश्रा ने भी उत्साहपूर्वक पौधरोपण में भागीदारी की। सभी ने मिलकर आम, नीम, पीपल, आंवला आदि के सैकड़ों पौधे ग्राम की खाली भूमि पर रोपे। पौधरोपण के उपरांत आयोजित सभा में वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के महत्व पर प्रकाश डाला। पंचायत सचिव नवीन कुमार सिंह ने कहा कि ''पेड़ केवल ऑक्सीजन देने वाले स्त्रोत नहीं हैं, बल्कि ये हमारी धरोहर हैं जो आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान सिद्ध होंगे। यह प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करे।'' वहीं ग्राम प्रधान ने कहा, ''जिस प्रकार एक मां हमें जीवन देती है, उसी प्रकार एक पेड़ भी जीवनदायी होता है। इस सोच को जन-जन तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है।'' उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे केवल पौधरोपण न करें, बल्कि उसकी नियमित देखभाल भी करें। इस कार्यक्रम में महिला प्रतिनिधियों की भी भागीदारी सराहनीय रही। रेनू, दीपा श्रीवास्तव, एवं राहुल पांडेय ने भी वृक्षारोपण कर लोगों को पर्यावरण के प्रति सजग होने का संदेश दिया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और वचन दिया कि वे इन पौधों की सुरक्षा और देखभाल को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझेंगे। कार्यक्रम में बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और ल्लपेड़ लगाओ ऽ जीवन बचाओङ्क के नारे लगाए। यह आयोजन न केवल एक प्रतीकात्मक संदेश था, बल्कि गांव की हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण सुधार की दिशा में एक ठोस प्रयास भी।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री बालाजी लाइब्रेरी का शुभारंभ

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। ग्रामीण शिक्षा को नई दिशा देने वाली एक सराहनीय पहल के तहत बनीकोडर विकासखंड के खुशेहटी देवीगंज में श्री बालाजी लाइब्रेरी सेल्फ स्टडी प्वाइंट का विधिवत उद्घाटन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार, श्री सत्यनारायण कथा एवं हवन के बीच पंडित स्वयं प्रकाश पांडेय जी ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर इस ज्ञान मंदिर का शुभारंभ किया।इस अवसर पर भारी संख्या में क्षेत्रीय शिक्षक, छात्र, ग्रामीणजन एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। लाइब्रेरी का उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को बेहतर अध्ययन संसाधन उपलब्ध कराना है। लाइब्रेरी में विभिन्न विषयों की पुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष सामग्री, समाचार पत्र, पत्रिकाएं और डिजिटल संसाधन की व्यवस्था की गई है। साथ ही छात्रों के लिए शांत और एकाग्रतापूर्ण वातावरण, वातानुकूलित कक्ष, सुविधाजनक टेबल-कुर्सियां, पेयजल व

**यह केवल एक भवन नहीं, ज्ञान का मंदिर है – उदयशंकर पाल**

उत्तम प्रकाश की सुविधा सुनिश्चित की गई है। लाइब्रेरी प्रोपराइटर श्री उदयशंकर पाल ने कहा,ल्लयह लाइब्रेरी केवल ईंट और पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि यह एक ऐसा मंच है जहां ज्ञान की अलख जलेगी और भविष्य संवरेंगे। हमारा संकल्प है कि गांव के हर बच्चे को शिक्षा के समान अवसर मिलें।ङ्कउद्घाटन के अवसर पर छात्र हिमांशु द्विवेदी, राज सिंह, शिवा आदि ने कहा कि ल्लयहां की सुविधाएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगी।ङ्क श्री बालाजी सेल्फ स्टडी प्वाइंट की यह पहल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि ग्रामीण समाज में अध्ययन-संस्कृति और ज्ञान के प्रति सजगता भी बढ़ाएगी। समारोह में संस्थापक साहेब शरण पाल, ठाकुर वीरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र पाल, डॉ. यादव, सोनू, मोनू सरदार सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

## ट्री गार्ड के लिए एमएलसी ने दिया अनुदान

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने के लिए रोपित किए गए पौधों की नियमित देख – रेख पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि रोपित पौधों को ट्री गार्ड सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं जिसके चलते पेड़ो को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिला प्रभारी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र (बाराबंकी,लखनऊ,सीतापुर,हरदोई,लखीमपुर खीरी,रायबरेली,प्रतापगढ़) के लिए अपनी विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि से 5 लाख रुपए ट्री गार्ड खरीदने के लिए अनुदान दिए हैं ।जिसके तहत बाराबंकी जनपद के वन विभाग को एक लाख रुपए अपनी निधि से देने की संस्तुति जिला प्रभारी ने की है ।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आह्वान पर एक दिन में 37 करोड़ पौध रोपण किए जाने का ऐतिहासिक अवसर प्रदेश को प्राप्त हुआ है साथ ही पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को बल मिला है।

## सोशल मीडिया पर स्टंट के वायरल वीडियो का पुलिस ने लिया संज्ञान

जालौन। उरई कोतवाली क्षेत्र के चुर्खी रोड पर एक युवक ने खतरनाक स्टंट करते हुए वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक ने बाइक को एक पहिए पर संतुलित करते हुए स्टंटबाजी की और इस दौरान उसने न तो हेलमेट पहना था और न ही यातायात नियमों का पालन किया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस मामले की जानकारी मिलते ही यातायात पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की गैर जिम्मेदाराना हरकतें न सिर्फ युवक की जान के लिए खतरनाक है, बल्कि दूसरे लोगों के लिए भी जोखिम पैदा करती हैं। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं यातायात प्रभारी वीर सिंह का कहना है कि वायरल वीडियो में शामिल युवक की पहचान कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## फुटपाथ पर बैठे असंगठित दुकानदारों ने पुलिस पर लगाये वसूली के आरोप

कानपुर। फीलखाना थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर मार्केट के सामने और बाहर फुटपाथ पर बैठे असंगठित दुकानदारों ने बुधवार को पुलिस के आला अधिकारियों से मिलकर चौकी इंचार्ज और कॉन्स्टेबल पर प्रताड़ित करने और अवैध वसूली की मांग जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायती प्रार्थना सौंपा है। सागर मार्केट के बाहर फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने बताया कि बीते 15 वर्षों से फुटपाथ के पीछे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ऋण लेकर छोटे-छोटे काउंटर के माध्यम से अपनी रोजी-रोटी चला रहे हैं। प्रार्थियों ने लिखित शिकायत में फूलबाग चौकी इंचार्ज सोनू पोषवाल और सिपाही रविन्द्र कुमार पर बार-बार बेवजह परेशान करने और अवैध वसूली का आरोप लगाया है। दुकानदारों का आरोप है कि उनसे पांच हजार रुपये प्रति माह की मांग की जाती है और न देने पर काउंटर हटवा दिए जाते हैं। दुकानदारों का कहना है कि उनकी आमदनी इतनी नहीं है कि वे हर महीने रिश्वत दे सकें। इस संबंध में दुकानदारों ने डीसीपी (पूर्वी) से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और उन्हें फिर से उसी स्थान पर काम करने की अनुमति देने की मांग की है, जिससे उनके परिवार की आजीविका बाधित न हो। वहीं, इस पूरे मामले पर एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार ने बताया कि शिकायत मिली है, जिसकी जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## वाहन चालकों को बड़ी राहत: अब घर बैठे भर सकेंगे कोर्ट में लंबित चालान

बरेली। उत्तर प्रदेश के लाखों वाहन चालकों के लिए राहत की खबर है। अब उन्हें चालान भरने के लिए कोर्ट के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। जो चालान अब तक की स्थिति में थे और ऑनलाइन पोर्टल पर भुगतान योग्य नहीं थे। अब उन्हें सीधे घर बैठे ऑनलाइन ल्लध्थ्भ गधबङ्क विकल्प से जमा किया जा सकेगा। यह सुविधा हाल ही में ट्रैफिक निदेशालय के तकनीकी सुधार के बाद शुरू की गई है। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बुधवार को बताया कि पहले जिन चालानों पर न्यायालय में सुनवाई चल रही होती थी, उनका भुगतान केवल कोर्ट से ही संभव था। इससे वाहन मालिकों को नामांतरण, फिटनेस, परमिट नवीनीकरण, बीमा क्लेम जैसे जरूरी कार्यों में परेशानी होती थी। अब यह समस्या हमेशा के लिए दूर हो गई है। अब घर बैठे कोर्ट में लंबित चालान भर सकेंगे।

# हर बच्चा पढ़े, देश आगे बढ़े सिरौलीगौसपुर में स्कूल चलो अभियान की रैली ने जगाई शिक्षा की मशाल

## विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने दिखाई हरी झंडी, सड़कों पर गूंजे 'शिक्षा अधिकार' के जयघोष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर (बाराबंकी)। शिक्षा के दीप से अंधकार को मिटाने का संकल्प लिए गुरुवार को सिरौलीगौसपुर विकासखंड में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत एक भव्य एवं जनजागरूकता से परिपूर्ण बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली ने न सिर्फ गांव-गांव में शिक्षा की चेतना फैलाई, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि अब हर बच्चे को स्कूल भेजना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी बन चुकी है। इस प्रेरणादायी रैली का शुभारंभ प्रातः 11 बजे कंपोजिट विद्यालय सिरौलीगौसपुर से हुआ, जहां क्षेत्रीय विधान परिषद सदस्य श्री अंगद सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उनके साथ मंच पर उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री फिजा मिर्ज़ा ने उन्हें सम्मानित किया और शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

रैली का मार्गदर्शन बदोसराय, दरिगापुर, खजुरिया, मेलारायगंज जैसे ग्रामीण क्षेत्रों से होकर परसा कंपोजिट विद्यालय तक हुआ, जहां इसका समापन हुआ। रास्ते भर 'बेटा-बेटी एक समान, स्कूल जाएं हर सुबह-संधान', 'अभी नहीं पढ़ाएंगे, तो कल पछताएंगे' जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। स्कूली बच्चों, शिक्षकों और ग्रामवासियों ने सड़क किनारे खड़े होकर रैली का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

एमएलसी अंगद सिंह ने अपने संबोधन में कहा

शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं, यह आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद है। यदि हम अपने बच्चों को शिक्षित नहीं करेंगे, तो हम उनके भविष्य के साथ अन्याय करेंगे। मेरा सपना है कि हमारे जिले का हर बच्चा विद्यालय जाए और उसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।

उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे नामांकन तक ही सीमित न रहें, बल्कि बच्चों की नियमित उपस्थिति, सीखने की गुणवत्ता और अभिभावकों की जागरूकता पर भी निरंतर कार्य करें। इस रैली में क्षेत्र के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षा प्रेरक एवं अभिभावक प्रतिनिधि सक्रिय रूप से शामिल हुए। रैली के दौरान सैकड़ों बाइक पर सवार शिक्षा सेवकों ने हाथों में जागरूकता से भरे स्लोगन थामे थे, जो शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचा रहे थे। एमएलसी प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह बब्लू, अभिषेक सिंह, बृजेश शुक्ला, शिवाजी मिश्रा, रामपाल सहित अनेक समाजसेवियों और शिक्षाविदों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी गरिमामयी बना दिया। रैली ने शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता की जो चिंगारी जलाई है, वह आने वाले समय में प्रत्येक बच्चे को विद्यालय की दहलीज तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगी। यह कार्यक्रम केवल एक रैली नहीं, बल्कि शिक्षा का उत्सव बन गया।

# शिलांग लगातार दूसरे वर्ष प्रतिष्ठित डूरंड कप की मेजबानी के लिए तैयार

एजेंसी




शिलांग। फुटबॉल प्रेमियों का शहर शिलांग लगातार दूसरी बार एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप की मेजबानी को तैयार है। डूरंड कप की तीन प्रतिष्ठित ट्रॉफियां राज्य सम्मेलन केंद्र (स्टेट कन्वेंशनल सेंटर) में प्रदर्शित की गईं हैं। इस आयोजन के मुख्य अतिथि मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा थे। उनके साथ खेल और युवा मामलों के मंत्री शक्लियर वारजरी, ईस्टर्न एयर कमांड के एयर मार्शल सुरत सिंह, 101 क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल संजय मलिक तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आइओसीएल) के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इन तीन चमचमाती ट्रॉफियों में मुख्य डूरंड कप ट्रॉफी, शिमला ट्रॉफी (जो 1904 में शिमला के निवासियों द्वारा भेंट की गई थी और एक रोलिंग ट्रॉफी है), और प्रेसिडेंट्स कप शामिल हैं, जिसे विजेता टीम स्थायी रूप से अपने पास रखती है। इन ट्रॉफियों को दिन में शहर के प्रमुख स्थलों पर रोड शो के माध्यम से ले जाया जाएगा, जिससे फुटबॉल प्रेमियों में उत्साह और भी बढ़ेगा। मुख्यमंत्री कॉनराड के.संगमा ने कहा, ''मैं इस अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने शिलांग को डूरंड कप के 134वें संस्करण के मेज़बान शहरों में शामिल किया। शिलांग के जेएन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कुल आठ मुकाबले खेले जाएंगे। पिछले साल हमने बहुत ही सफल टूर्नामेंट आयोजित किया था, और मैं गर्व से कह सकता हूं कि शिलांग सबसे अच्छे मेज़बानों में एक था, चाहे वह माहौल हो, व्यवस्थाएं हों या प्रशंसकों की उपस्थिति। मैं विश्वास दिलाता हूं कि इस वर्ष भी वही जुनून और उत्साह बना रहेगा। इस बार अधिक स्थानीय टीमें भाग ले रही हैं, जिससे स्थानीय लोगों के लिए यह और भी रोमांचक होगा। खेल मंत्री शक्लियर वारजरी ने अपने भाषण में राज्य में फुटबॉल के प्रति जुनून को रेखांकित किया और कहा कि ल्पिछली बार भी जनता में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था। उन्होंने कहा कि मेघालय सरकार खेलों के विकास हेतु बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार मावखानू में एशिया के सबसे बड़े फुटबॉल स्टेडियमों में से एक का निर्माण कर रही है, जिसकी क्षमता 40,000 दर्शकों की होगी। उनका मुख्य लक्ष्य राज्य से ओलंपिक स्तर के खिलाड़ी तैयार करना है। एयर मार्शल सुरत सिंह, एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, ईस्टर्न एयर कमांड ने कहा, ''डूरंड कप एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट है। यह हमारी विरासत, एकता और हमारे लोगों की अटूट भावना का उत्सव है। भारतीय सशस्त्र बल इस प्रतिष्ठित आयोजन का हिस्सा बनकर गर्व महसूस करते हैं, जो समुदायों को एक साथ लाता है और युवाओं को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करता है। शिलांग ने इस टूर्नामेंट को अद्वितीय उत्साह के साथ अपनाया है।

# प्रो कबड्डी लीग का 12वां सीजन 29 अगस्त से

एजेंसी




मुंबई। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का बहुप्रतीक्षित सीज़न-12 शुक्रवार, 29 अगस्त से शुरू होगा। ग्यारह रोमांचक और सफल सीज़नों के बाद अब लीग अपने 12वें अध्याय की ओर बढ़ रही है, जो दर्शकों के लिए एक बार फिर से जबरदस्त रोमांच और प्रतिस्पर्धा लेकर आएगा। पीकेएल आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने बुधवार को उक्त घोषणा की। सीज़न 11 में शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा स्टीलर्स ने पहली बार खिताब जीता था और अब वे इस सीज़न में अपने खिताब की रक्षा करने उतरेंगे। सभी 12 फ्रेंचाइज़ियों ने हाल ही में संपन्न हुए खिलाड़ियों की नीलामी में अपनी टीमों को और मज़बूत किया है, जिससे यह सीज़न पहले से कहीं ज्यादा प्रतिस्पर्धी और मनोरंजक होने की उम्मीद है। सीज़न 12 के लिए स्थानों और अन्य विवरणों की घोषणा जल्द की जाएगी। पीकेएल के लीग आयुक्त और मशाल स्पोर्ट्स के बिजनेस हेड अनुपम गोस्वामी ने कहा, ल्हम सीज़न 12 की शुरुआत की तारीख की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में संपन्न हुए ऐतिहासिक खिलाड़ियों की नीलामी में 10 खिलाड़ियों को ?1 करोड़ से अधिक के अनुबंध मिले हैं, जो लीग के लिए एक नया मील का पत्थर है। हमें विश्वास है कि यह सीज़न अब तक का सबसे प्रतिस्पर्धात्मक और रोमांचक सीज़न होगा। गौरतलब है कि प्रो कबड्डी लीग सीज़न 12 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 31 मई और 1 जून को मुंबई में आयोजित की गई थी, जिसमें रिकॉर्ड 10 खिलाड़ियों ने ?1 करोड़ से अधिक की बोली पाई। एमेच्योर कबड्डी फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) के तत्वावधान और मंजूरी से मशाल स्पोर्ट्स और जियोस्टार ने मिलकर प्रो कबड्डी लीग को भारत की सबसे सफल खेल लीगों में से एक में बदल दिया है। पीकेएल ने भारत के पारंपरिक खेल कबड्डी को राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडिया ए मेंस हॉकी टीम की यूरोप दौरे की विजयी शुरुआत, आयरलैंड को 6-1 से हराया

आइंडहोवन (नीदरलैंड्स) । यूरोप दौरे की शुरुआत इंडिया ए मेंस हॉकी टीम ने धमाकेदार अंदाज में की। टीम ने हॉकी क्लब ओरांजे-रूड, आइंडहोवन में खेले गए अपने पहले मुकाबले में आयरलैंड को 6-1 से करारी शिकस्त दी। भारत ने मैच के चारों क्वार्टर में जबरदस्त प्रदर्शन किया और विपक्षी टीम को कोई खास मौका नहीं दिया। टीम के लिए उत्तम सिंह ने पहला गोल दागकर खाता खोला, जिसके बाद अमनदीप लकड़ा ने बढ़त को दोगुना किया। इसके बाद आदित्य लालगे ने लगातार दो गोल करके अपना शानदार ब्रेस पूरा किया। वहीं, फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल कर टीम की बढ़त को और मजबूत कर दिया। दूसरी ओर, आयरलैंड की टीम केवल एक सांत्वना गोल ही कर सकी क्योंकि भारतीय डिफेंडरों ने रक्षण में कोई ढील नहीं दी। भारत अब 9 जुलाई को ही रात 9:30 बजे (भारतीय समयानुसार) एक बार फिर आयरलैंड से भिड़ेगा। टीम इस मुकाबले में भी जीत दर्ज कर अपने इस यूरोपीय दौरे में लय बनाए रखने की कोशिश करेगी। भारत इसके बाद फ्रांस, इंग्लैंड, बेल्जियम और मेज़बान नीदरलैंड्स के खिलाफ भी मुकाबले खेलेगा।

### मैक्सिको और कोलंबिया के बीच अक्टूबर में होगा दोस्ताना मैच

मेक्सिको सिटी। मैक्सिको और कोलंबिया की राष्ट्रीय फुटबॉल टीमें अक्टूबर में एक अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच में आमने-सामने होंगी। मैक्सिकन फुटबॉल महासंघ ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। यह मुकाबला 11 अक्टूबर को अमेरिका के टेक्सास राज्य के आर्लिंगटन स्थित एटी एंड टी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह तारीख आधिकारिक फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो के अंतर्गत आती है। यह मुकाबला 2026 फीफा वर्ल्ड कप की तैयारियों का हिस्सा होगा, जिसकी मेज़बानी मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा मिलकर कर रहे हैं। फीफा नियमों के अनुसार, इन तीनों देशों की टीमें टूर्नामेंट में सीधे हिस्सा लेंगी।

कोलंबिया के लिए यह एक उच्च स्तरीय परीक्षा होगी, क्योंकि वह अब भी विश्व कप क्वालीफिकेशन की दौड़ में है। वर्तमान में वह दक्षिण अमेरिका की 10 टीमों की तालिका में छठे स्थान पर है और उसके दो मैच अभी शेष हैं। शीर्ष छह टीमें सीधे क्वालीफाई करेंगी, जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम को इंटरकांटिनेंटल प्लेऑफ खेलना होगा। गौरतलब है कि मैक्सिको ने हाल ही में लगातार दूसरी बार कॉनकाकाफ गोल्ड कप का खिताब अपने नाम किया है। उसने फाइनल में अमेरिका को हराकर यह जीत हासिल की।

### व्यापारिक बाजारों पर भारत बंद का कोई असर नहीं : प्रवीण खंडेलवाल

नई दल्ली। देशभर के किसी भी वाणिज्यिक बाजार पर कथित भारत बंद का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। सभी व्यापारिक बाजार और कारोबारी केंद्र सामान्य रूप से खुले हैं और प्रतिदिन की तरह कारोबारी गतिविधियां सामान्य रूप से जारी हैं।

कन्?फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष?ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बुधवार को बताया कि? देशभर के व्यापारियों ने इस बंद का कोई समर्थन नहीं किया है। उन्होंने अपने प्रतिष्ठान खुले रखकर कारोबार को जारी रखने का फैसला लिया है। चांदनी चौक से भाजपा सांसद खंडेलवाल ने कहा कि व्यापारिक समुदाय आर्थिक गतिविधियों और राष्ट्रीय प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ एकजुट खड़ा है और ऐसे बंद या गतिविधियों का समर्थन नहीं करता है।

उल?लेखनीय है कि ट्रेड यूनियनों ने चार प्रमुख मांगों को लेकर देशभर में 10 केंद्रीय श्रम संगठनों की एक मंच के तहत राष?ट्र?यापी एक दिन की हड़ताल का आह्वान किया है। इस हड़ताल से आवश्यक सेवाएं अधिकतर अप्रभावित रहीं, लेकिन केरल, झारखंड और पुडुचेरी में हड़ताल से कुछ चुनिंदा सेवाएं प्रभावित होने की ख़बरें हैं।

# फीफा क्लब विश्व कप 2025: चेल्सी ने फ्लूमिनेंस को हराकर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी



ईस्ट रदरफोर्ड। ब्राज़ीलियाई स्ट्राइकर जोआओ पेड्रो के दो शानदार गोलों की बदौलत चेल्सी ने फ्लूमिनेंस को 2-0 से हराकर फीफा क्लब विश्व कप 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह मुकाबला मंगलवार को मेट लाइफ स्टेडियम, न्यू जर्सी में खेला गया। ब्राइटन से करीब च्च60 मिलियन (करीब 650 करोड़ रुपये) में हाल ही में चेल्सी से जुड़े 23 वर्षीय जोआओ पेड्रो ने पहली बार चेल्सी के लिए शुरुआती एकादश में खेलते हुए यह कमाल किया। उन्होंने 18वें मिनट में पहला गोल किया और फिर 56वें मिनट में दूसरा गोल दागा। गौरतलब है कि जोआओ पेड्रो ने अपने करियर की शुरुआत फ्लूमिनेंस से ही की थी और इंग्लैंड आने से पहले क्लब के लिए 36 मुकाबले खेले थे। शायद यही कारण था कि उन्होंने दोनों गोलों के बाद जश्न नहीं मनाया और हाथ उठाकर फ्लूमिनेंस समर्थकों से माफी जताई। इस जीत के साथ चेल्सी ने लगातार दूसरे मुकाबले में ब्राज़ीलियाई क्लब को हराया है और अब फाइनल में उसका मुकाबला रियल मैड्रिड या पेरिस सेंट-जर्मेन से होगा।

2023 की कोपा लिबरटाडोरेस विजेता फ्लूमिनेंस की टूर्नामेंट में शानदार यात्रा का अंत हो गया। उन्होंने ग्रुप स्टेज में बोरुसिया डॉर्टमंड को रोका, फिर इंटर मिलान को हराया और क्वार्टरफाइनल में अल-हिलाल को मात दी थी, जिसने मैनचेस्टर सिटी को बाहर किया था। लेकिन यूरोप की ताकतवर चेल्सी के सामने फ्लूमिनेंस कमजोर साबित हुई। मैच में 70,556 दर्शकों की मौजूदगी रही और चेल्सी ने शुरू से ही अपना दबदबा बनाया।

पहला गोल तब आया जब थियागो सिल्वा की क्लियरेंस पर पेड्रो ने बॉक्स के किनारे गेंद को रोका और शानदार तरीके से गोलकीपर फैबियो को छकाकर गेंद को गोलपोस्ट के कोने में डालदिया।

25वें मिनट में हर्क्यूलिस ने गोल का शानदार मौका बनाया, लेकिन कुकुरेला ने गोललाइन पर क्लियर कर दिया।

पहले हाफ के अंत में फ्लूमिनेंस को पेनल्टी मिली, जब रिने की क्रॉस चालोबा के हाथ से टकराई, लेकिन वीएआर चेक के बाद यह निर्णय बदल दिया गया। दूसरे हाफ में, जैसे ही फ्लूमिनेंस ने एक डिफेंडर को हटाकर फॉरवर्ड भेजा, एंजो फर्नांडीज की थ्रू पास पर पेड्रो ने एक बार फिर गोल किया ऽ इस बार गेंद बार से टकरा कर अंदर गई। इसके बाद भी चेल्सी को कई मौके मिले, लेकिन स्कोर 2-0 ही रहा और टीम ने फाइनल का टिकट पक्का किया।

# दाविदे अंचेलोटी बने बोटाफोगो के नए कोच

रियो डी जनेरियो। ब्राजील की शीर्ष फुटबॉल लीग सीरी ए की प्रमुख क्लब बोटाफोगो ने मंगलवार को दाविदे अंचेलोटी को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की है। दाविदे, ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच कार्लो अंचेलोटी के बेटे हैं। 35 वर्षीय दाविदे ने दिसंबर 2026 तक के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। क्लब की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी बयान में कहा गया है, ''दाविदे अंचेलोटी की नियुक्ति हमारे खेल परियोजना को सशक्त करने की दिशा में एक और रणनीतिक कदम है, जो नवाचार, महत्वाकांक्षा और अंतरराष्ट्रीय पहचान पर आधारित है।'' दाविदे के साथ लुइस टेवेनेट और एंड्रयू मैंगन सहायक कोच के रूप में जुड़ेंगे। यह दाविदे अंचेलोटी का मुख्य कोच के रूप में पहला कार्यकाल होगा। इससे पहले वे अपने पिता कार्लो अंचेलोटी के साथ नापोली, एवर्टन, बायर्न म्यूनिख, रियल मैड्रिड और फिलहाल ब्राजील राष्ट्रीय टीम में सहायक कोच के रूप में काम कर चुके हैं।

# लॉर्ड्स टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन घोषित, जोफ्रा आर्चर की वापसी, टंग बाहर

एजेंसी




लंदन । भारत के खिलाफ होने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है, जो 10 जुलाई से ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर खेला जाएगा। टीम में एक बदलाव किया गया है, जोश टंग की जगह जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया गया है।

तेज गेंदबाज़ जोफ्रा आर्चर करीब चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने आखिरी बार फरवरी 2021 में टेस्ट मैच खेला था। हाल ही में उन्होंने एजबेस्टन में इंग्लैंड के अभ्यास सत्र के दौरान नियमित रूप से गेंदबाज़ी की और वापसी के संकेत दिए थे।

इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने भी उनके चयन को लेकर संकेत दिए थे। उन्होंने कहा था, ल्हम लॉर्ड्स पहुंचने के बाद इस पर फैसला लेंगे।ङ्क जब उनसे आर्चर की फिटनेस को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, ल्वो पूरी तरह फिट और खेलने के लिए तैयार हैं। बाकी गेंदबाज़ दो टेस्ट लगातार खेल चुके हैं, ऐसे में प्लेइंग इलेवन में बदलाव लाज़मी है और आर्चर इस बदलाव का हिस्सा हो सकते हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज़ फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है, ऐसे में लॉर्ड्स टेस्ट निर्णायक भूमिका निभा सकता है। जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर।

# टेस्ट रैंकिंग: शुभमन गिल को करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग, हैरी ब्रूक बने नए नंबर-1 बल्लेबाज

एजेंसी



नई दिल्ली। आईसीसी की ताज़ा टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज़ हैरी ब्रूक ने अपने ही साथी जो रूट को पीछे छोड़ते हुए दुनिया के नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज़ का स्थान हासिल कर लिया है। भारत के कप्तान शुभमन गिल को भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग प्राप्त हुई है, और वह अब छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। ब्रूक ने भारत के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट की पहली पारी में 158 रन की शानदार पारी खेली, जिसकी बदौलत उन्होंने शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रदर्शन के बाद रूट अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। एजबेस्टन में ही शुभमन गिल ने 269 और 161 रनों की दो पारियां खेलीं, जिससे वह टेस्ट क्रिकेट में किसी एक मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज़ बन गए। उनकी इस शानदार फॉर्म ने उन्हें रैंकिंग में छठा स्थान दिलाया है। अब वह ब्रूक से केवल 79 रेटिंग पॉइंट पीछे हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज़ जेमी स्मिथ ने भी जोरदार छलांग लगाई है। भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 184 और 88 रन की पारियों की बदौलत वह 26वें स्थान से सीधे 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 367 रन बनाकर बल्लेबाज़ों की सूची में 22वां स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही वह ऑलराउंडरों की सूची में 12 स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सूची में भारत के रवींद्र जडेजा शीर्ष पर कायम हैं। गेंदबाज़ों की बात करें तो भारत के जसप्रीत बुमराह, एजबेस्टन टेस्ट में न खेलने के बावजूद, नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज़ बने हुए हैं।

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में दबाव सेंसेक्स और निफ्टी की चाल में उतार-चढ़ाव

एजेंसी




नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के तुरंत बाद लिवालों ने खरीदारी का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी की चाल में मामूली तेजी का रुख बनता हुआ दिखा?। हालांकि कुछ ही मिनट में बिकवालों ने अपना दबाव बना दिया, जिसकी वजह से दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.05प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

आज प्रातः 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, सिप्ला, अदानी एंटरप्राइजेज और श्रीराम फाइनेंस के शेयर 1.48 प्रतिशत से लेकर 0.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, विप्रो, टाटा स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजी और लार्सन एंड टूब्रो के शेयर 0.94 प्रतिशत से लेकर 0.77 प्रतिशतकी गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,415 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,4055 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,010 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 19 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 86.62 अंक की कमजोरी के साथ 83,625.89 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 83,697.83 अंक तक पहुंचने में सफल रहा, लेकिन इसके तुरंत बाद बाजार पर बिकवाल हावी हो गए। लगातार हो रही बिकवाली के कारण सेंसेक्स 83,519.41 अंक तक गिर गया? इसके बाद खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे इस सूचकांक की चाल में मामूली सुधार होता हुआ नजर आया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 73.38 अंक की गिरावट के साथ 83,639.13 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 7.90 अंक फिसल कर 25,514.60 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से कुछ देर के लिए ये सूचकांक उछल कर हरे निशान में 25,525.05 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण इसने थोड़ी ही देर में लाल निशान में गोता लगा दिया।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

एजेंसी



नई दिल्ली, 09 जुलाई । ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ सपाट स्तर पर बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज मामूली गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। वहीं एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक सपाट स्तर पर मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 6,225.52 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके विपरीत नैस्डेक ने 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ 20,414.72 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 44,422.22 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी का माहौल बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.54 प्रतिशत उछल कर 8,854.18 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,766.71 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 133.24 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,206.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजार में से 6 के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,571 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 167.86 अंक यानी 0.70 प्रतिशत टूट कर 23,980.21 अंक के स्तर तक गिर गया है।

महागठबंधन द्वारा आहूत चक्काजाम के दौरान निकाले गए मार्च में शामिल हुए राहुल


# धांधली कर चुनाव जीतना चाहती है भाजपाः राहुल

एजेंसी

पटना। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर महाराष्ट्र की तरह ही आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में भी वोट चुराने की कोशिश कर रही है।

आयकर चौराहे से चुनाव आयोग कार्यालय तक मार्च का नेतृत्व कर रहे श्री गांधी ने जनसमूह को संबोधित करते हुए भाजपा पर आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में भी महाराष्ट्र की तरह धांधली करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार को चुनाव पुनरीक्षण को वापस लेना चाहिए। दरअसल भाजपा सरकार महाराष्ट्र की तर्ज पर बिहार के चुनाव में धोखा करना चाहती है। महागठबंधन द्वारा आहूत चक्काजाम के दौरान निकाले गए मार्च को शहीद स्मारक के पास मार्च रोक दिया गया था, जिसके बाद श्री गाँधी ने लोगों को सम्बोधित किया।

श्री गांधी ने कहा कि जिस तरह महाराष्ट्र का चुनाव चुराया गया था, उसी तरह अब बिहार चुनाव में भी धांधली करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपा वोट चुराने की पूरी कोशिश कर रही है।भाजपा को एहसास हो गया है कि विपक्ष 'महाराष्ट्र मॉडल' को समझ गया है और अब वे एक नया 'बिहार मॉडल' लेकर आए हैं, जो गरीबों का वोट छीनने की एक चाल है। कांग्रेस सांसद ने चुनाव आयोग पर भाजपा के पक्ष में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि संविधान की रक्षा करने की अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाये, आयोग भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की तरह काम कर रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग को चेतावनी दी कि यदि वह संविधान की रक्षा करने और बिहार के लोगों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में विफल रहा, तो कानून उसे नहीं बख्शेगा। श्री गांधी ने अपने आक्रामक अंदाज को जारी रखते हुए कहा कि चुनाव



आयोग किसी राजनीतिक दल का एजेंट नहीं है और उसका काम देश के संविधान की रक्षा करते हुए संविधान के हिसाब से चलना है। कांग्रेस सांसद ने चुनाव आयोग पर पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयुक्त को मनोनीत कर भाजपा लोगों का भविष्य और अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है जिसे बिहार की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।उन्होंने कहा कि पहले सभी राजनीतिक पार्टियों की सहमति से चुनाव आयुक्त बनाये जाते थे लेकिन अब भाजपा उन्हें मनोनीत करती है।यहाँ तक कि भारत के मुख्य न्यायाधीश इस चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेना चाहते थे लेकिन उनको इसकी इजाजत नहीं दी गई। श्री गांधी ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन के हार की समीक्षा की तो मालूम हुआ कि जिन विधानसभा की सीटों पर भाजपा जीती वहां मतदाताओं की संख्या 10 प्रतिशत तक बढ़ा दी गयी थी। आंकड़ो के अनुसार बहुत सी सीटो पर चुनाव से एक महीना पहले चार से पांच हजार तक नये मतदाता जोड़ दिए गए थे। श्री गांधी ने कहा, लगातार मांग के बावजूद अपने धोखे को छुपाने के लिये चुनाव आयोग महाराष्ट्र में मतदाता सूची और वीडियो रिकॉर्डिंग देने से मना करता रहा जिससे स्पष्ट है कि बड़े पैमाने पर महाराष्ट्र चुनाव में धांधली हुई। उन्होंने कहा कि संविधान ने सबों को अपना मत देने का अधिकार दिया है जिसे चुनाव आयोग भाजपा का एजेंट के रूप में काम कर नागरिकों से छीनने की कोशिश कर रहा है । इसके पूर्व श्री गांधी महागठबंधन के इस चक्काजाम में भाग लेने आज सुबह दिल्ली से पटना पहुंचे। उनके साथ इस विरोध में महागठबंधन के कई नेता शामिल थे, जिनमे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव,भारत की कम्युनिस्ट पार्टी(मार्क्सवादी लेनिनवादी) महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी)नेता मुकेश सहनी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) नेता डी.राजा और मार्क्सवादी कांग्रेस पार्टी के नेता भी शामिल थे।

महागठबंधन के इस चक्काजाम के मद्देनजर एहतियात के तौर पर पटना में निजी स्कूल बंद रहे। ज्यादातर दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें बंद रखीं।इस चक्काजाम का असर बिहार के अन्य जिलों में भी देखने को मिला । आरा, जहानाबाद, दरभंगा, मुंगेर और अररिया से मिली खबरों के अनुसार विरोध करने वाले लोगो ने सड़क जाम किया और रेलगाड़ियों को रोकने की कोशिश की ।

# भारत बंद मोदी सरकार के खिलाफ जन आक्रोश है : सुरजेवाला

एजेंसी

बेंगलुरु। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव एवं कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला भारत बंद को मोदी सरकार के खिलाफ 'जनआक्रोश' करार दिया।

श्री सुरजेवाल ने बुधवार को यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, यह केवल एक बंद नहीं है। यह एक जन आक्रोश है और सही रास्ते पर चलने का आह्वान है।'' यह राष्ट्रव्यापी हड़ताल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासन में 'वादा खिलाफी और आर्थिक विश्वासघात' के प्रति लोगों के गुस्से को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि 25 करोड़ से अधिक श्रमिकों और किसानों द्वारा समर्थित और इंटक, सीटू, एटक, सेवा और एचएमएस सहित 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत यह बंद भाजपा की श्रमिक-विरोधी और किसान-विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान करता है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने विकास को अवरुद्ध कर दिया है, नौकरियां छीन ली हैं और आर्थिक अशांति को जन्म दिया है।देश के सरकारी और सार्वजनिक उपक्रमों में 30 लाख से अधिक रिक्त पद हैं लेकिन सरकार उन्हें भरने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है।

श्री सुरजेवाला ने कहा कि सशस्त्र बलों में 1.55 लाख, रेलवे में 2.5 लाख से ज़्यादा और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में 85,000 से ज़्यादा पद रिक्त हैं। जब बेरोज़गारी रिकॉर्ड स्तर पर है तो मोदी सरकार इन पदों को क्यों नहीं भर रही है। देश में बेरोजगारी दर 7.5 प्रतिशत तक पहुंच गयी है, जो 45 वर्षों में सबसे अधिक है। इसके बावजूद सरकार बढ़ती बेरोजगारी को दूर करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा कि देश की 77 प्रतिशत संपत्ति पर शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों का कब्जा है , जबकि निचले 15 प्रतिशत केवल 13 प्रतिशत पर गुजारा करते हैं।

# जन शिकायतों के समाधान के तौर तरीके बदले : जितेंद्र सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने बुधवार को जन शिकायतों के समाधान के तरीकों में आमूलचूल बदलाव लाने का आह्वान किया।

उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि नागरिकों की संतुष्टि के लिए शिकायतों का निपटारा केवल खानापूर्ति के लिए नहीं होना चाहिए। श्री सिंह ने यहां ''लोक शिकायतों का प्रभावी निवारण, अगली पीढ़ी के सीपीजीआरएएमएस और प्रगति समीक्षा'' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि शिकायतों को नीतियों और प्रशासनिक नियमों में खामियों की पहचान अवसर के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि साल 2014 में सालाना केवल लगभग दो लाख शिकायतें दर्ज होती थीं, और इस काम के लिए बनीं कई सरकारी वेबसाइटें बेकार पड़ी थीं। डॉ सिंह ने कहा, आज, हर साल 26 लाख से ज़्यादा शिकायतें दर्ज की जाती हैं। यह जनता के विश्वास और व्यवस्था की जवाबदेही में आए बदलाव को दर्शाता है।उन्होंने इस बदलाव का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को देते हुए कहा कि शिकायत निपटारा प्रधानमंत्री के ‟अधिकतम शासन, न्यूनतम सरकार” के दृष्टिकोण का अभिन्न अंग है। डॉ सिंह ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जवाबदेही, पारदर्शिता और समय पर प्रतिक्रिया लोगों के जीवन को आसान बनाने की कुंजी हैं और अगर देश के अलग-अलग हिस्सों से कोई शिकायत आ रही है, तो यह समय नियमों तथा प्रक्रियाओं पर सवाल उठाने जैसी बात है।

# भारत बंद का नहीं दिखा खास असर

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ और विभिन्न मांगों को लेकर प्रमुख ट्रेड यूनियनों के भारत बंद के आह्वान का आज देशभर में मिलाजुला असर रहा। पश्चिम बंगाल और केरल में इस बंद का ज्यादा असर देखा गया और कई राज्यों में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रही।

बंद का आह्वान दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने किया था । केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में आयोजित इस बंद के तहत कुछ वाम संगठनों ने राजधानी दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया। दिल्ली में बंद का खास असर नहीं दिखायी दिया और यहां बाजार सामान्य दिनों की तरह खुले रहे एवं सड़कों पर वाहन भी सामान्य रुप से चलते रहे। एक तरफ जहां पश्चिम बंगाल और केरल में बंद का ज्यादा असर देखने को मिला वहीं भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों में बंद का कोई खास असर नहीं दिखा। पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों और उससे संबद्ध ट्रेड यूनियनों के भारत बंद के दौरान ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ा। बंद के कारण सार्वजनिक परिवहन में भारी व्यवधान हुआ। प्रदर्शनकारियों की कई जगहों पर पुलिस के साथ झड़पें हुयीं और पुलिस ने 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया । वाम मोर्चा




समर्थक सुबह से ही बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आए, खासकर कोलकाता और दक्षिण बंगाल के जिलों में रेलवे पटरियों को अवरुद्ध कर दिया और बाजारों तथा कार्यालयों को बंद कराने का प्रयास किया। कई जगहों पर हिंसक झड़पें हुयी हैं। दक्षिण कोलकाता के जादवपुर स्थित गंगुलीबागान में स्टूडेंट फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के अखिल भारतीय महासचिव सृजन भट्टाचार्य पुलिस के साथ झड़प में कथित तौर पर घायल हो गए।

उत्तर 24 परगना जिले के बेलघरिया और बैरकपुर, नदिया जिले के कृष्णानगर और जादवपुर सहित कई इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने रेलवे लाइनों को अवरुद्ध किया, जिससे ट्रेनें रुक गईं और व्यस्त कार्यालय समय के दौरान काफी देरी हुई। तारकेश्वर के तालपुर जंक्शन पर भी इसी तरह की गड़बड़ी की खबर मिली, जहाँ वामपंथी कार्यकर्ताओं ने आरामबाग जाने वाली लोकल ट्रेन को रोक दिया। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने बंद का विरोध किया था और राज्य सरकार ने पहले एक अधिसूचना जारी करके सरकारी कार्यालयों में उपस्थिति अनिवार्य कर दी थी तथा सभी स्कूलों को खुले रखने का आदेश दिया था। अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एआईटीयूसी) की महासचिव अमरजीत कौर ने मीडिया से कहा,‟हमें सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि सरकार हमारी 17-सूत्री मांगों को लगातार नज़रअंदाज़ कर रही है। पिछले एक दशक में एक भी वार्षिक श्रमिक सम्मेलन नहीं हुआ है। पंजाब में बंद के आह्वान पर सार्वजनिक परिवहन बाधित रहा। विभिन्न ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े लगभग 200 लोगों ने बुधवार को अपनी मांगों के समर्थन में कपूरथला-जालंधर मार्ग के बीचों-बीच धरना लगाकर कर वाहनों का आवागमन बाधित कर दिया। पेप्सू रोडवेज़ की बसें रूटों पर नहीं चलीं। परिवहन यूनियनों सहित कई व्यापारिक संगठनों के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल के कारण सरकारी बस सेवायें सड़कों से नदारद रहीं, जिसके कारण होशियारपुर बस स्टैंड पर यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। ओडिशा के कुछ हिस्सों में सामान्य जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। राज्य में परिवहन सेवाएँ बुरी तरह प्रभावित हुईं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान व्यापारिक प्रतिष्ठानों की प्रतिक्रिया मिली-जुली रही। राजधानी में बंद के समर्थन में कुछ दुकानें बंद रहीं। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के सदस्यों ने भुवनेश्वर के कई प्रमुख चौराहों और व्यस्त चौकों पर धरना दिया।

## स्मार्ट नदी प्रबंधन पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

**नयी दिल्ली।** जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक हुयी जिसमें नमामि गंगे' कार्यक्रम के अंतर्गत देश भर में नदियों के पुनरुद्धार हेतु प्रौद्योगिकी और नवाचारों के उपयोग पर चर्चा की गयी। श्री पाटिल की अध्यक्षता में हुयी इस बैठक में नदियों, विशेष रूप से छोटी नदियों के प्रबंधन में प्रौद्योगिकी और नवाचारों के भविष्य पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए श्री पाटिल ने विभिन्न टीमों द्वारा प्रदर्शित सहयोगात्मक भावना, तकनीकी नवाचार और वैज्ञानिक गहराई की सराहना करते हुए इन शोध परिणामों को जमीनी स्तर पर कार्रवाई योग्य बनाने के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने अविरल और निर्मल गंगा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सभी हितधारकों को इन पहलों के कार्यान्वयन में तेज़ी लाने और महत्वपूर्ण नदी प्रणालियों में इनका विस्तार करने का निर्देश दिया जिससे राष्ट्र का भविष्य स्वच्छ, स्वस्थ और जल-सुरक्षित हो सके।

## सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के एक एएसआई को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली पुलिस के एक सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) को 35,000 रुपये की रिश्वत लेने गिरफ्तार करने का दावा किया है। सीबीआई की बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार आरोपी उत्तरी द्वारका थाने में तैनात था। आरोपी एएसआई और एक हेड-कॉन्स्टेबल के खिलाफ मंगलवार को मामला दर्ज किया था।

# पेज एक का शेष

## राष्ट्रविरोधी...

में पौध लगाने के साथ ही उसकी नर्सरी तैयार की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार विकास में विश्वास करती है, विभाजन में नहीं। विभाजन करने वाले लोग वे हैं, जिन्होंने परिवार का विकास और क्षेत्र, जाति, भाषा के नाम पर बांटने का पाप किया है। बिना नाम लिए सपा पर हमलावर योगी ने कहा कि यह कैसे-कैसे नमूनों को पालते थे। आजमगढ़ और युवाओं के सामने पहचान का संकट आ गया था, लेकिन आज यूपी का नौजवान देश में कहीं जाएगा तो देखने वाले के चेहरे पर यूपी के नाम से चमक पैदा होती है। यूपी अब विकास की रफ्तार में आगे बढ़ा है। उन्होने कहा कि धरती मां की सेहत ठीक हो, इसके लिए 11 वर्ष पहले श्री मोदी ने अनेक अभियान चलाए। हर घर में शौचालय, हर घर तक जल पहुंचाने के साथ ही उज्ज्वला योजना के तहत 11 करोड़ लोगों को रसोई गैस के फ्री कनेक्शन दिए गए। पहले लोग केरोसिन, कोयला और लकड़ी काटकर भोजन बनाते थे, उससे कार्बन उत्सर्जन होता था। यह स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता था, धरती मां पर प्रदूषण बढ़ाता था और भावी पीढ़ी के भविष्य को अंधकार की तरफ ढकेलता था, लेकिन मोदी जी ने फ्री में रसोई गैस कनेक्शन दिए और हमने बिना भेदभाव होली-दीवाली पर फ्री में सिलेंडर दिया। यह कार्बन उत्सर्जन व प्रदूषण को कम करने का कार्यक्रम है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे और उस पर व्यापक पौधरोपण, यूपीडा की तरफ से किए जाने वाले विकास कार्यों को नई गति देने का कार्यक्रम है। योगी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वन विभाग से पेड़ लेकर जाइए, लगाइए। सीएम ने अपील की कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाइए। सेल्फी अपलोड कीजिए और पुरस्कार भी प्राप्त कीजिए। उन्होने कार्बन क्रेडिट को लेकर भी जानकारी दी। इस मौके पर श्रम व सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, वन राज्यमंत्री केपी मलिक, विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक, विक्रांत सिंह, पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', नीलम सोनकर, संतोष सिंह, संगीता आजाद, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह, पूर्व विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय आदि मौजूद रहे।

## हमने आठ साल...

पेड़ हमें प्रदूषण, सांस की बीमारियों और कार्बन उत्सर्जन के दुष्प्रभावों से बचाएंगे। बताया जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैज्ञानिक दृष्टिकोण मुख्यमंत्री ने जलवायु परिवर्तन को वैश्विक चुनौती बताते हुए कहा कि अतिवृष्टि, अनावृष्टि और बादल फटने जैसी घटनाएं अनियोजित विकास का परिणाम हैं। उन्होंने अमेरिका के टेक्सास में हाल ही में हुई एक घटना का जिक्र किया, जहां अचानक आई बाढ़ में सैकड़ों बच्चे लापता हो गए। उन्होंने कहा कि नियोजित और वैज्ञानिक प्रयासों से विकास और पर्यावरण संरक्षण में संतुलन स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आठ साल पहले शुरू हुए इस अभियान में शुरुआत में केवल 5 करोड़ पौधे उपलब्ध थे, लेकिन वन विभाग, मनरेगा और निजी क्षेत्र के सहयोग से आज 52 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं। किसानों की आय में हुई वृद्धि और कार्बन क्रेडिट का मिल रहा लाभ पौधरोपण अभियान ने न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंचाया, बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत किया है। सीएम योगी ने बताया कि कार्बन फाइनेंसिंग के माध्यम से किसानों को प्रति पेड़ 6 डॉलर पांच साल तक दिए जा रहे हैं। पिछले साल 25 हजार से अधिक किसानों को यह लाभमिला और इस साल सात कमिश्नरियों के किसानों को 42 लाख रुपये कार्बन क्रेडिट के रूप में प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर उन किसानों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने पौधरोपण और उनकी देखभाल में योगदान दिया। अयोध्या का हुआ है कायाकल्प और सोलर सिटी का सपना हुआ साकार मुख्यमंत्री ने अयोध्या के बदलते स्वरूप पर गर्व करते हुए कहा कि यह प्राचीन नगरी आज देश-दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही है। जो अयोध्या कभी वीरान थी, वह आज त्रेतायुगीन वैभव की ओर अग्रसर है। अयोध्या को देश की पहली सोलर सिटी बनाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल एयरपोर्ट और मियावाकी पद्धति से वन विकास जैसे प्रयास इसे और समृद्ध कर रहे हैं। तिलोदकी नदी के पुनरोद्धार में योगदान देने वालों को भी सम्मानित किया गया। पीएम मोदी के विजन को साकार करने की जताई प्रतिबद्धता मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण के विजन की सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व में शुरू हुए इस अभियान ने उत्तर प्रदेश को हरित भविष्य की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने चूल्हा हटाकर गैस सिलेंडर, एलईडी लाइट्स और सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध जैसे कदमों को धरती माता की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया। योगी ने कहा कि पिछले साल पीएम मोदी द्वारा श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस साल अयोध्या में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ विशेष महत्व रखता है। प्रदेशव्यापी सहभागिता का किया आह्वान इस कि यह अभियान सायंकाल सात बजे तक चलेगा। उन्होंने सभी से अपील की कि वे इस महाअभियान से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। अयोध्या के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि मैं हमेशा अयोध्या के साथ हूं। यह अभियान अयोध्या को विश्व पटल पर और गौरव प्रदान करेगा। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, डॉ अरुण कुमार, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, अमित सिंह चौहान, रामचंद्र यादव, अभय सिंह, चंद्रभानु पासवान, एमएलसी हरिओम पांडेय, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, बीजेपी जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव पर्यावरण एवं वन अनिल कुमार सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## शुभांशु शुक्ला...

गया है कि पृथ्वी पर वापस आने के बाद इन बीजों को कई पीढ़ियों तक उगाया जाएगा। जिससे कि उनके आनुवंशिकी, सूक्ष्मजीवी पारिस्थितिकी तंत्र और पोषण प्रोफाइल में होने वाले परिवर्तनों की जांच की जा सके। अपने प्रयोगों को लेकर शुभांशु ने एक्सिओम स्पेस की मुख्य वैज्ञानिक डॉ. लूसी लोव से बात की। इस बातचीत में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने उनके द्वारा किए जा रहे वैज्ञानिक प्रयोगों की जानकारी दी और बोले की वे बेहद व्यस्त हैं। शुभांशु शुक्ला ने कहा कि 'जब से हम यहां आए हैं, तब से ही काफी व्यस्त हैं। हम अंतरिक्ष स्टेशन पर बहुत सारे प्रयोग कर रहे हैं, जिन्हें लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं। इस मिशन से माइक्रोग्रैविटी के लिए रास्ते खुलेंगे और इससे भारतीय वैज्ञानिकों के लिए नई राह खुलेगी। मुझे बेहद गर्व है कि इसरो दुनियाभर के संस्थानों के साथ मिलकर काम कर रहा है।' शुभांशु ने बताया कि वह कई वैज्ञानिक प्रयोग कर रहे हैं, जिनमें स्टेम सेल का अध्ययन, माइक्रोग्रैविटी में बीजों का विकास, अंतरिक्ष में मस्तिष्क पर पड़ने वाला असर आदि प्रयोग शामिल हैं। शुभांशु ने कहा कि वे स्टेम सेल के अध्ययन वाले प्रयोग को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इससे पता चलेगा कि क्या सप्लीमेंट्स लेने से चोट की रिकवरी तेज होती है या नहीं। भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि वैज्ञानिकों और अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के बीच पुल बनना मेरे लिए गर्व की बात है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के क्रू का हिस्सा हैं। जिसने 25 जून को नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से उड़ान भरी थी। एक्सिओम-4 मिशन 14 दिन का है। अपने अंतरिक्ष प्रवास को खत्म कर 10 जुलाई के बाद मौसम की स्थिति के आधार पर किसी भी दिन पृथ्वी पर वापसी कर सकते हैं। वे फ्लोरिडा तट पर उतरेंगे। हालांकि नासा ने अभी तक एक्सिओम-4 मिशन को अंतरिक्ष स्टेशन से अलग करने की तारीख की घोषणा नहीं की है।

## गुजरात पुल हादसा...

ग्रामीण बचाव कार्य के लिए जुट गए और नदी में फंसे व बहते लोगों को कई लोगों को बचाया। इस हादसे में अभी तक नौ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 8 से ज्यादा लोगों को बचा लिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पादरा पुलिस भी मौके पर पहुंची गई और शवों को निकाला। सुसाइड पॉइंट के रूप में बदनाम इस पुल के ढहने से आणंद, वडोदरा, भरूच और अंकलेश्वर का संपर्क टूट गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट कर गुजरात के वडोदरा जिले में एक पुल के ढहने से हुई जान-माल की हानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने अपनी विदेश यात्रा के दौरान टेलीफोन पर बातचीत कर त्रासदी की जानकारी प्राप्त की। पुल हादसे पर मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा, आणंद और वडोदरा को जोड़ने वाला गंभीरा पुल के एक हिस्से के ढह जाने से हुई जनहानि अत्यंत दुखद है। राज्य सरकार इस त्रासदी से प्रभावित प्रत्येक परिवार के साथ गहरी संवेदना के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की ओर से इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को चार लाख रुपये की सहायता देने का ऐलान किया। साथ ही, दुर्घटना में घायल प्रत्येक व्यक्ति को 50 हजार रुपये की सहायता देने के साथ ही सभी को चिकित्सा उपलब्ध कराने की बात कही। आणंद के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ऋतुराज देसाई ने बताया कि गंभीरा पुल के पुनः खुलने तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि गंभीरा पुल पर आने-जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जा रहा है। पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता एनएम नायकवाला ने बताया कि गंभीरा पुल वर्ष 1985 में बना था और इसकी आयु 100 वर्ष है। पिछले साल जैसा मिला था वैसा ही काम किया गया। इस साल भी गड्ढों को भर दिया गया। पुल जर्जर नहीं है, रिपोर्ट आने के बाद कारणों का पता चलेगा।

## निलंबित सीएमओ...

हाईकोर्ट का आदेश मिलते ही डा. नेमी अगले ही दिन बुधवार को कांशीराम ट्रामा सेंटर स्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पहुंच गये और चार्ज संभालने के लिए कर्मचारियों से रजिस्टर मंगाया। इसकी भनक लगते ही वर्तमान सीएमओ डा. उदयनाथ भी कार्यालय पहुंचे और दोनों के बीच काफी देर तक शासनादेश और कोर्ट के आदेश को लेकर बहस होती रही। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए चकेरी थाना का फोर्स भी पहुंच गया और अधिकारियों को पल-पल की अपडेट देते रहे। अन्ततः हाईकोर्ट का आदेश भारी पड़ा और निलंबित सीएमओ डा. नेमी ने चार्ज संभाल लिया और कामकाज में जुट गये। हाईकोर्ट ने डा. हरिदत्त नेमी के निलंबन आदेश को खारिज कर दिया है और राज्य सरकार व विपक्षी को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। याचिका की अगली सुनवाई 18 अगस्त को होगी। शासन से भेजे गये सीएमओ डा. उदयनाथ ने आखिरकार सीएमओ की कुर्सी का मोह त्याग अपनी कुर्सी बगल में लगा ली और वहीं पर बैठ गये। उन्होंने कहा कि हमें शासनादेश का इंतजार है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि कोर्ट का आदेश लेकर पूर्व सीएमओ यहां पर आए हैं। जबकि कोर्ट से स्टे मिलने के बाद सबसे पहले उन्हे प्रमुख सचिव को इसकी जानकारी देना चाहिये था। इसके बाद प्रमुख सचिव हमें अवगत कराते, लेकिन यहां पर ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। फिलहाल वह मेरी कुर्सी पर बैठे हैं। मुझे ऊपर से जैसा आदेश होगा मैं वैसा करुंगा। डा. हरिदत्त नेमी ने मीडिया से कहा कि निलंबन के बाद मैने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की और सात जुलाई को मुझे स्टे मिल गया। याचिका में मेरी जगह पर आए डाक्टर को भी विपक्षी बनाया गया है और कोर्ट ने उन्हे भी यह कहते हुए स्टे दिया है कि जिस जगह से वह आए हैं वह वहीं पर अपना पदभार संभाले। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह पर किये गये सवाल पर उन्होंने कहा कि वह जिलाधिकारी हैं मेरे सर हैं उन पर कोई कमेंट नहीं करुंगा।

## भारत और ब्राजील...

उन्होंने कहा इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए आज जो समझौता किया गया है उससे हरित लक्ष्यों को को नयी दिशा और गति मिलेगी। इस वर्ष ब्राजील में होने जा रही कॉप-30 बैठक के लिए मैं राष्ट्रपति लूला को शुभकामनाएं देता हूँ। प्रधानमंत्री ने रक्षा के क्षेत्र में बढ़ते सहयोग को दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास का प्रतीक बताया और कहा कि दोनों देश अपने रक्षा उद्योगों को आपस में जोड़ने के प्रयास जारी रखेंगे। उन्होंने कहा ए आई और सुपरकंप्यूटर में हमारा सहयोग बढ़ रहा है। यह समावेशी विकास और ह्यूमन-सेंट्रिक इनोवेशन की हमारी एक जैसी सोच का प्रमाण है। श्री मोदी ने कहा कि ब्राजील में यूपीआई को अपनाने पर भी दोनों पक्ष मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा ,‟हमें डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और स्पेस जैसे क्षेत्रों में भारत का सफल अनुभव ब्राजील के साथ साझा करने में खुशी होगी। उन्होंने कहा कि कृषि और पशु-पालन क्षेत्र में दोनों देशों का सहयोग दशकों पुराने समय से चला आ रहा है और अब वे कृषि अनुसंधान और खाद्य प्रसंस्करण पर भी मिलकर काम करेंगे। लोगों के बीच परस्पर संपर्क को दोनों देशों के बीच संबधों का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि बिना वीज़ा काउंटर की लम्बी लाइन के, भारत और ब्राज़ील के संबंध कार्निवल जितने रंगीन हों, फुटबाल जितने जोशीले, और सांबा की तरह दिलों को जोड़ते जाएं! इसी भावना से, हम दोनों देशों के लोगों, विशेष रूप से पर्यटकों, छात्रों, खिलाड़ियो और व्यवसायियों के बीच संपर्क सुगम बनाने के लिए प्रयास करेंगे। श्री मोदी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत और ब्राज़ील ने सदैव करीबी समन्वय के साथ काम किया है। दो बड़े लोकतांत्रिक देशों के रूप में हमारा सहयोग न केवल ग्लोबल साउथ, बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रासंगिक है। दोनों का मानना है कि ग्लोबल साउथ की चिंताओं और प्राथमिकताओं को वैश्विक मंचों पर रखना हमारा नैतिक दायित्व है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब विश्व तनाव और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है तो भारत-ब्राज़ील की यह साझेदारी स्थिरता और संतुलन का एक अहम स्तंभ है। उन्होंने कहा, हम एकमत हैं कि सभी विवादों का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से होना चाहिए। श्री मोदी ने राष्ट्रपति लूला को भारत आने का निमंत्रण देते हुए कहा, ‟एक बार फिर इस सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान के लिए, और आपकी मित्रता के लिए, मैं 140 करोड़ भारतवासियों की ओर से, आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूँ। मैं आपको भारत यात्रा करने का निमंत्रण भी देता हूँ।

# दिल्ली दंगा : शरजील इमाम और उमर खालिद की जमानत याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस नवीन चावला की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिल्ली दंगों की साजिश रचने के आरोपितों शरजील इमाम, उमर खालिद और अन्य की जमानत याचिकाओं पर आज दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। इसके बाद कोर्ट ने दोनों जमानत याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया। दिल्ली पुलिस की ओर से आज पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अगर आरोपित देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहें, तो उनके लिए बेहतर जगह जेल ही है। मेहता ने कहा कि दिल्ली में दंगे पूर्व नियोजित थे। दंगों की जिस तरह से योजना बनाई गई थी, वो किसी को जमानत का हक नहीं देता है। ये कोई साधारण अपराध नहीं है, बल्कि सुनियोजित दंगों की साजिश रचने का मामला है। मेहता ने कहा कि दंगों की साजिश रचने के आरोपित पूरी दुनिया में देश का नाम बदनाम करना चाहते थे और इसीलिए उन्होंने दंगों के लिए खास दिन चुना था। मेहता ने शरजील इमाम के भाषण का जिक्र किया, जिसमें धर्म के आधार पर असम का जिक्र किया था। मेहता ने कहा कि उमर खालिद समेत दूसरे आरोपितों ने फोन नंबर फर्जी दस्तावेज के जरिये हासिल किए थे। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने कहा था कि इस मामले में ट्रायल में देरी की वजह अभियोजन पक्ष नहीं है, बल्कि ट्रायल में देरी आरोपितों की वजह से हो रही है। ट्रायल कोर्ट में आरोप तय करने पर सुनवाई चल रही है। चेतन शर्मा ने कहा था कि तेज ट्रायल जरुरी है, लेकिन राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के मामले में लंबे समय तक जेल में रखने को जमानत देने का आधार नहीं बनाया जा सकता है। फरवरी, 2020 में दिल्ली दंगों में कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई थी और काफी लोग घायल हुए थे।

# डयूटी के बाद घर के लिए निकाला पंजाब पुलिसकर्मी लापता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के मोहाली में तैनात एक पुलिसकर्मी डयूटी के बाद घर जाते समय रास्ते से लापता हो गया। पुलिस ने उसकी कार लावारिस हालत में बरामद कर ली है, लेकिन कार में खून के निशान मिलने से किसी अनहोनी की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस कर्मचारी सतिंदर सिंह मंगलवार की रात मोहाली में अपनी ड्यूटी खत्म कर पटियाला के समाना स्थित अपने घर जा रहा था, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचा। परिवार के मुताबिक, कुछ समय से उसकी ड्यूटी मोहाली में थी। वह एक-दो दिन बाद समाना स्थित अपने घर आता-जाता रहता था। कल रात को उसने नौ बजे अपनी पत्नी से फोन पर बात की थी। साथ ही परिवार को कहा था कि वह जल्दी ही आ रहा है। उसके बाद उसका फोन ऑफ हो गया ओर वह नहीं पहुंचा। सतिंदर सिंह का गायब होना पुलिस के लिए एक पहेली बन गया है। परिवार ने पुलिस को बताया कि उसकी किसी से दुश्मनी नहीं थी। पुलिस की टीमें हर एंगल से जांच कर रही हैं। बाद में पुलिस को उसकी कार गांव भानरा के पास लावारिस हालत में बरामद कर ली है, कार पर खून के निशान भी पाए गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पड़ताल की जा रही है और जल्द ही पूरी सच्चाई सामने लाने की कोशिश की जा रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## कपास उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषि मंत्रालय बनाएगा रोडमैप

नई दिल्ली। कपास उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषि मंत्रालय रोड मैप तैयार करेगा। इसके लिए किसानों से सुझाव मांगे गए हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कपास का उत्पादकता अभी काफी कम है और बीटी कॉटन टीएसवी वायरस के कारण उत्पादकता लगातार घटी है। कपास का उत्पादन कम होने से किसान संकट में हैं। मंत्रालय कपास के उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। इसके साथ मंत्रालय उत्पादन लागत को घटाने, जलवायु अनुकूल अच्छे बीज विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है। 11 जुलाई को प्रातः 10 बजे कोयंबटूर में एक बैठक बुलाई गई है। इसमें कपास उत्पादक किसानों के प्रतिनिधि, किसान संगठनों के प्रतिनिधि, आईसएआर के जाने-माने सभी वैज्ञानिक, स्वयं डीजी आईसीएआर, कपास उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्रीगण, राज्य सरकार के अधिकारीगण, कपास उद्यौग से जुड़े हुए प्रतिनिधि और कृषि विश्वविद्यालयों के लोग भी रहेंगे। इसके लिए उन्होंने टोल फ्री नंबर 18001801551 भी जारी किया।

## आईपीयू के मेडिकल एवं नर्सिंग प्रोग्राम में दाखिले के लिए 11 जुलाई से शुरू होगा पंजीकरण

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) में मेडिकल एवं नर्सिंग प्रोग्रामों में दाखिले के लिए 11 जुलाई से ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बुधवार को बताया कि एमबीबीएस, बीएचएमएस, बीएएमएस और बीएससी (ऑनर्स) नर्सिंग प्रोग्रामों में प्रवेश के लिए 21 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया जारी रहेगी। वे उम्मीदवार जिन्होंने पहले ही 2500 रुपये आवेदन शुल्क जमा कर पंजीकरण कर लिया है, वे अपने फॉर्म में रीजन, कैटेगरी और रैंक आदि से संबंधित जानकारी में संशोधन कर सकते हैं। इसके साथ ही नीट यूजी का रैंक कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र तथा आरक्षण से संबंधित प्रमाण पत्र आदि भी फॉर्म के साथ 21 जुलाई तक अपलोड किए जा सकते हैं। विश्वविद्यालय ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे समय रहते सभी आवश्यक दस्तावेज़ों को तैयार रखें और आवेदन प्रक्रिया को अंतिम तिथि से पहले पूरा कर लें। इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइटों और पर उपलब्ध है।

## हरिद्वार घूमने के लिए की लूटपाट, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। पूर्वी जिले के कल्याणपुरी इलाके में हरिद्वार घूमने जाने के लिए दो बदमाशों ने लूट की वारदातों को अंजाम दे दिया। मामले में पुलिस ने मंगलवार को दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उनके पास हरिद्वार घूमने के रुपये नहीं थे। इसके चलते उन्होंने एक ही दिन में लूट की कई वारदातों को अंजाम दिया था। वारदातों के बाद पुलिस से बचने के लिए लूट के रुपयों से नए कपड़े खरीदने के बाद सैलून में चेहरे का सुंदरीकरण भी करवाया था। पूर्वी जिले के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने चोरी व झपटे गए नौ मोबाइल फोन, लूट के रुपयों से खरीदे गए कपड़े, पांच हजार रुपये व वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। आरोपितों ने एक स्कूल के शिक्षक समेत कई अन्य लोगों के साथ वारदात को अंजाम दिया था। आरोपितों की पहचान रितिक व अनीश के रूप में हुई है। ये दोनों बेरोजगार हैं। रितिक पर तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपितों का तीसरा साथी अभी फरार है। पुलिस इसकी तलाश में जगह जगह छापेमारी कर रही है। पुलिस के मुताबिक, सात जुलाई को कल्याणपुरी पुलिस को चांद सिनेमा के पास वारदात की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पीड़िता ने बताया कि वह पेशे से संगीत की शिक्षिका हैं। उन्होंने बताया कि वह अपने मोबाइल फोन से कैब बुक कर रही थी तभी वहां अचानक आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन व 10 हजार रुपये समेत पर्स झपट लिया और फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपितों की तलाश में न्यू उस्मानपुर, शास्त्री पार्क, भजनपुरा चौक, खजूरी खास इलाकों में छापेमारी की। बाद में आरोपितों की बाइक शेरपुर चौक के पास एक सैलून के सामने खड़ी दिखाई दी। पुलिस ने सैलून के अंदर जाकर छापेमारी की तो आरोपित सैलून के अंदर ही मिले। उनको पकड़कर पूछताछ के बाद उनकी पहचान हुई। इसके बाद उनकी निशानदेही पर उक्त सारा सामान बरामद हुआ।

## छात्रा के स्कूल पहुंचकर युवक से स्कूल में ही रचाई शादी

बेतिया। बेतिया पुलिस जिला के बैरिया थाना स्थित एक गांव से भाग कर युवती ने शादी रचा ली है। इंटरनेट पर एक वीडियो प्रसारित हो रहा है। इस वीडियो में युवती पुलिस से निवेदन कर रही है कि वह नीपू कुमार के साथ अपनी मर्जी से शादी रचाई है, हालांकि युवक के परिवार को किसी तरह के परेशानी नहीं है। युवती जो दसवीं की छात्रा है उसके साथ शादी करने के लिए एक युवक स्कूल में घुस गया था। छात्रा का हाथ पकड़ कर खींचने लगा, बताने लगा कि तुमसे शादी करेंगे, जिसका विरोध शिक्षक,छात्रों ने किया तो नीपू ने विद्यालय में टेबल,कुर्सी,बेंच,जंगला, शीशा आदि सामान तोड़फोड़ कर दिया। विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने भी उसे मना किया,लेकिन वह नहीं माना। उसके बाद लड़की की मां ने बैरिया थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।थानाअध्यक्ष,अंजेश कुमार ने संवाददाता को बताया कि लड़की की मां के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।प्रसारित वीडियो के बारे में जानकारी मिली है,जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## नैनीताल जनपद में बारिश से 1 राज्य मार्ग सहित 6 मार्ग बंद

नैनीताल। जिला व मंडल मुख्यालय में बुधवार को लगातार दूसरे दिन बारिश का क्रम जारी रहा। जनपद के अन्य क्षेत्रों में भी कहीं अधिक तो कहीं बारिश जारी है। बारिश के कारण जनपद में 1 राज्य मार्गों-रामनगर भंडारपानी सहित 6 मार्ग मलबा आने से हो गये हैं। बंद मार्गों में देवीपुरा सौड़, फतेहपुर-बेल, देवली महतोली, हरीशताल तथा खुजेटी-भौनरा मार्ग भी शामिल हैं। काठगोदाम हैड़ाखान साननी सिमलिया बैंड, अमृतपुर बानना व हैड़ाखान धाम पहुंच मार्ग भी बंद हुए थे, लेकिन उन्हें खोल दिया गया है। अन्य किसी भी नुकसान का समाचार नहीं है। वहीं बीते 24 घंटों में हुई बारिश की बात करें तो जनपद में सर्वाधिक 96 मिमी बारिश हल्द्वानी में, 70 मिमी बारिश नैनीताल में और रामनगर में 14.6 मिमी बारिश हुई है और बुधवार को भी पूरे जनपद में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। पर्यटन नगरी नैनीताल में बारिश के साथ कोहरा मनमोहक प्राकृतिक दृश्य उत्पन्न कर रहा है।

# धामी मंत्रिमंडल ने दी जियो थर्मल एनर्जी नीति और खनिज नियमावली को मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में हुई मंत्रिमंडल बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कारण आचार संहिता लागू होने से मंत्रिमंडल की ब्रीफिंग नहीं हुई। मंत्रिमंडल ने उत्तराखंड जियो थर्मल एनर्जी नीति, पुलों की क्षमता बढ़ाने, विजिलेंस विभाग में नये पदों को बढ़ाने, विधवा और वृद्धावस्था पेंशन नियमित रूप से करने और खनिज सहित कई अहम प्रस्ताव पर मंजूरी दी। लोक निर्माण विभाग के तहत पुलों की वहन क्षमता बढ़ाने से संबंधित अध्ययन के लिए परियोजना प्रबंधन इकाई (पी.एम.यू) के गठन की सहमति पर निर्णय लिया गया है। विजिलेंस विभाग में 20 नये पदो के लिए स्वीकृति मिली है। अब पदों की संख्या 132 से बढ़कर 152 होगी। इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की ओर से सूचीबद्ध सात कम्पनियों को सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित सेवाओं और सामग्रियों की आपूर्ति के लिए राज्य में भी सूचीबद्ध करने का निर्णय लिया गया। राज्य कर विभाग में डिजिटल फॉरेंसिक प्रयोगशाला की स्थापना किया जाएगा। राज्य कर विभागान्तर्गत डिजिटल फोरेंसिक लैबोरेटरी की स्थापना की परिकल्पना की गई है, जिसका उद्देश्य सूचना एवं साक्ष्यों का कलेक्शन, रिट्रीवल एवं एनालिसिस करते हुए कराधान के कानूनों का प्रभावी अनुपालन किया जाना है। फोरेंसिक लैबोरेटरी से राज्य कर विभाग के साथ ही राज्य में स्थित अन्य विभाग यथा सीजीएसटी, इनकम टैक्स आदि को भी लाभ मिलेगा। उत्तराखण्ड वित्त सेवा संवर्ग के ढ़ांचे का पुनर्गठन करने का अनुमोदन किया गया है। ढांचे में सृजित विभिन्न वेतनमान व प्रास्थिति के पदों को विभागीय कार्यावश्यकता के दृष्टिगत कार्य एवं दायित्वों के आधार पर श्रेणीवार पदों की कुल संख्या को अपरिवर्तित रखते हुए पुनर्वितरण किया जाएगा। बच्चों के बालिग (18 वर्ष) होने पर भी विधवा और वृद्धावस्था पेंशन नियमित रूप से करने निर्णय लिया गया। उत्तराखंड राज्य खनिज अन्वेषण न्यास, नियमावली 2025 को मंजूरी दी गई है। राज्य सरकारों को राज्य खनिज अन्वेषण न्यास स्थापित करने के लिये प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण न्यास के शासी निकाय की छठी बैठक में चालू और आगामी वित्तीय वर्षों में राज्य खनिज अन्वेषण न्यास में राज्य सरकारों की ओर से वार्षिक संग्रह के 10 प्रतिशत की सीमा तक राज्य सरकारों को अनुदान प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में खान मंत्रालय की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुपालन में उत्तराखंड राज्य खनिज अन्वेषण न्यास के गठन के लिए नियमावली प्रख्यापित की गई है। उत्तराखंड जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास नियमावली, 2025 प्रख्यापित करने की स्वीकृति दी गई है। जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास नियमावली, 2017 यथासंशोधित 2023 के कतिपय प्राविधानों को संशोधित करने एवं कतिपय अतिरिक्त नवीन प्राविधानों को सम्मिलित करते हुए उत्तराखण्ड जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास नियमावली, 2025 प्रख्यापित की जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। उत्तराखंड जियो थर्मल एनर्जी पॉलिसी 2025 का उद्देश्य राज्य में जियो थर्मल संसाधनों की खोज एवं पहचान के लिए वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है, जो आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टि से व्यवहार्य हो।

## जमीन खरीदने से पहले क्रेताओं को भूमि की जांच करवानी होगी : आयुक्त

नैनीताल । कुमाऊं मंडल में भूमि धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु आयुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में आयोजित लैंड फ्रॉड समन्वय समिति की बैठक में गंभीर निर्णय लिये गये हैं। तय किया गया है कि भूमि क्रय करने से पूर्व हर संभावित क्रेता को संबंधित तहसील में आवेदन कर भूमि की तस्दीक यानी जांच करवाकर स्थिति स्पष्ट करवानी होगी ताकि उसकी वर्तमान स्थिति स्पष्ट हो सके। बैठक में सामने आया कि अनेक प्रकरणों में एक ही भूमि को दोबारा बेचा जा रहा है या खसरा नम्बर भिन्न दर्शाकर दूसरे भूभाग पर कब्जा दिलाया जा रहा है। यहां तक कि कई विक्रेताओं द्वारा अपने हिस्से से अधिक भूमि का विक्रय किया जा रहा है, जिससे विवाद और ठगी की घटनाएं बढ़ रही हैं। समिति ने तय किया है कि भूमि क्रय करने से पूर्व हर संभावित क्रेता को संबंधित तहसील में आवेदन कर भूमि की तस्दीक करवानी होगी ताकि उसकी वर्तमान स्थिति स्पष्ट हो सके।

# सुप्रीम कोर्ट ने वकीलों को जांच एजेंसियों के नोटिस भेजने के मामले का लिया स्वतः संज्ञान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों की ओर से वकीलों को नोटिस भेजने के मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच 14 जुलाई को इस मामले पर सुनवाई करेगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वरिष्ठ वकील प्रताप वेणुगोपाल और अरविंद दातार को नोटिस भेजा था। ईडी के नोटिस की बार एसोसिएशंस ने आलोचना की थी। सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट ऑन रिकार्ड एसोसिएशन ने प्रताप वेणुगोपाल और अरविंद दातार को भेजे गए नोटिस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए चीफ जस्टिस बीआर गवई को पत्र लिखा था। हालांकि, बाद में ईडी ने दोनों वकीलों को भेजे गए नोटिस को वापस ले लिया था।दरअसल, ईडी का नोटिस केयर हेल्थ एंश्योरेंस की ओर से रेलिगेयर इंटरप्राइजेज के पूर्व चेयरपर्सन रश्मि सलूजा को इम्प्लाई स्टॉक ऑप्शन प्लान देने के मामले की जांच से जुड़ा है। इस मामले में एडवोकेट ऑन रिकार्ड प्रताप वेणुगोपाल हैं। अरविंद दातार ने अपनी सलाह में सलूजा को इम्प्लाई स्टॉक ऑप्शन प्लान देने का समर्थन किया था। अब इसका ईडी और इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (इरडा) दोनों जांच कर रहे हैं। दोनों ये जांच कर रहे हैं कि क्या 22.7 मिलियन का इम्प्लाई स्टॉक ऑप्शन प्लान नियमों का उल्लंघन कर तो जारी नहीं किया गया है।

# बिहार के नवनिर्माण के लिए बनाएं महागठबंधन की सरकार :तेजस्वी यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नवादा। राष्ट्रीय जनता दल के गद्दावर नेता बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि बिहार के नवनिर्माण के लिए एनडीए सरकार खत्म कर महागठबंधन की सरकार बनाएं। ताकि बिहार में शिक्षा ,स्वास्थ्य की व्यवस्था बेहतर बनाकर अपराध मुक्त बिहार का निर्माण किया जा सके। वे बुधवार को नवादा के आईटीआई मैदान में जदयू के कद्दावर नेता रहे पूर्व विधायक कौशल यादव ,पूर्णिमा यादव, पूर्व विधान पार्षद सलमान के सौजन्य से आयोजित मिलन आम सभा को संबोधित कर रहे थे। हजारों कार्यकर्ताओं के गगन भेदी नारों के बीच सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि 20 वर्षों के शासन में नीतीश कुमार ने बिहार को बर्बाद कर दिया ।अफसर शाही बेलगाम हो चुकी है ।भ्रष्टाचार चरम पर है ।आए दिन हत्याएं हो रही है। इस कारण बिहार में अब लोगों का रहना भी मुश्किल हो गया। उन्होंने कहा कि कौशल यादव मेरे बड़े भाई हैं ।उनके लाखों समर्थकों के साथ राष्ट्रीय जनता दल में शामिल होने से हमारी मजबूती काफी बढ़ी है। जिस कारण निश्चित तौर पर बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी । उन्होंने कहा कि मोदी तथा नीतीश की जोड़ी ने बिहार को विकास के नाम पर कुछ भी नहीं दिया । कुछ दिन जब हम सरकार में शामिल थे तो लाखों नौकरियां दी है ।मेरे कार्यों को ही नीतीश कुमार अपना क्रेडिट मानकर जनता को धोखा देने का काम कर रहे हैं ।बिहार में नीतीश कुमार की स्थिति क्या है किसी से छुपी नहीं है ।इस तरह की सरकार से बिहार रसातल में समा रहा है। जिससे बिहार को आप सब एकजुट होकर ही निकाल सकते हैं ।उन्होंने कहा कि नवादा की पांचो विधानसभा की सीट महागठबंधन की झोली में जानी चाहिए ।जिस पर उपस्थित हजारों लोगों ने दोनों हाथ उठाकर तेजस्वी को पांचो सीट देने का वचन दिया ।


# युवाओं को डंकी रूट से विदेश भेजने के मामले में ईडी ने पंजाब, हरियाणा में मारे छापे

कैनविज टाइम्स संवाददाता




चंडीगढ़। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने युवाओं को डंकी रूट से विदेशों में भेजने के मामले की जांच करते हुए बुधवार को पंजाब व हरियाणा में करीब एक दर्जन स्थानों पर छापे मारे। ईडी की टीमों ने आज सुबह से ही पंजाब के अमृतसर, संगरूर और पटियाला तथा हरियाणा के अंबाला और करनाल में जांच शुरू की, जो करीब आठ घंटे तक चलती रही।

यह कार्रवाई उन 17 एफआईआर के आधार पर हुई है, जिनमें डंकी रूट के जरिए विदेश भेजे गए लोगों की शिकायतें दर्ज थी। अमेरिका से डिपोर्ट किए गए अवैध प्रवासियों के बयान दर्ज करने पर इस रैकेट का खुलासा हुआ। डिपोर्ट किए गए लोगों ने बताया कि उन्होंने भारी रकम चुकाकर एजेंटों के जरिए यह जोखिम भरी यात्रा की थी। उनके बयानों के आधार पर कई दलालों और एजेंटों की पहचान हुई। ईडी की टीम ने मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच शुरू की है और अब तक कई संदिग्ध एजेंटों को चिह्नित किया जा चुका है। छापेमारी के दौरान एजेंटों के ठिकानों से दस्तावेज, नकदी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किए गए हैं। आज सुबह ही मोगा में भारतीय किसान यूनियन (तोतेवाला) के सूबा प्रधान सुख गिल तोतेवाला के निवास पर भी छापेमारी की गई। ईडी की टीम ने सुबह करीब साढ़े पांच बचे सुख गिल के घर पर तलाशी अभियान शुरू किया। सुख गिल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर इस छापेमारी के बारे में जानकारी साझा की। वीडियो में उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि मेरे घर के हर कोने की तलाशी ली जा रही है, लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिलेगा। यह मेरे खिलाफ एक सुनियोजित साजिश है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063